आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.28
सूर्यास्त 06.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी, 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083
रविवार, 10 मई 2026, वर्ष 7, अंक 37, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

■ श्रम सुधार : देश में लागू होगा चार नई संहिताओं वाला कानून-12

■ हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्ति : सुप्रीम कोर्ट-12

■ ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय-13

■ तीरंदाजी विश्व कप में साहिल जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना-14

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बांहें फैलाए आपका इंतजार कर रहा है रूमी गेट व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।
www.amritvichar.com

बंगाल में अब शुभेंदु सरकार

मुख्यमंत्री पद की ली शपथ, 5 विधायक बने मंत्री सफल कार्यकाल के लिए मोदी ने दी शुभकामनाएं

जनादेश के सम्मान में प्रधानमंत्री मंच पर हुए नत मस्तक, 98 साल के कार्यकर्ता के पैर छुए

पहली बार सत्ता में भाजपा

कोलकाता, एजेंसी

शुभेंदु अधिकारी के शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति ने एक ऐतिहासिक करवट ली और राज्य में पहली बार भाजपा ने सत्ता संभाली। स्वतंत्रता के बाद पहली बार ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड भाजपा सरकार के शपथग्रहण का गवाह बना। शपथ समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री विशाल मंच पर मौजूद थे।

जय श्री राम के उद्घोष, ढोल की थाप और लहराते भगवा झंडों के बीच राज्यपाल आरएन रवि ने अधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर पहुंचने के बाद जनादेश के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए लोगों की ओर मुख करके घुटनों के बल झुककर जैसे ही हाथ जोड़े और मंच पर नत मस्तक हुए, ऐतिहासिक स्थल पर एकत्र भाजपा के हजारों समर्थकों ने जोरदार नारों और तालियों से उनका स्वागत किया। भवानीपुर और नंदीग्राम, दोनों विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल करने वाले तथा भाजपा के आक्रामक चुनाव अभियान का चेहरा बनकर उभरे अधिकारी ने सबसे पहले शपथ ली। उनके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने मंत्री के रूप में शपथ ली।

भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदिराम टुडू और निशीथ प्रामाणिक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। यह छह सदस्यीय मंत्रिमंडल सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की भाजपा की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरकार के बाकी मंत्रियों को सोमवार को राजभवन में शपथ दिलाए जाने की संभावना है। नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक भी उसी दिन हो सकती है। मंत्रियों के विभागों की घोषणा अभी नहीं की गई है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड को कभी वाम दलों का वैचारिक गढ़ माना जाता था और बाद में तृणमूल कांग्रेस ने भी इसे अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के प्रमुख मंच के रूप में इस्तेमाल किया। भाजपा खेमे ने इसे 'डबल इंजन' सरकार के तहत 'सोनार बांग्ला' की शुरुआत के रूप में पेश किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के साथ ही मैदान क्षेत्र में भारत माता की जय' के नारे गूंज उठे। राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ और पूर्वी भारत में भाजपा ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी चुनावी सफलता हासिसल की।

शुभेंदु के शपथ लेने के बाद मां गायत्री अधिकारी बोलीं-आरजी की पीड़िता को न्याय दिलाएं नए मुख्यमंत्री

कांठी। नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मां गायत्री अधिकारी ने शनिवार को कहा कि वह चाहती हैं कि उनका बेटा आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई घटना की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए काम करे। शुभेंदु की मां गायत्री और पिता शिशिर अधिकारी ने कहा कि बंगाल के लोग राज्य में पहली भाजपा सरकार की उनके बेटे के बागडोर संभालने से उनसे भी ज्यादा खुश हैं। अपने बेटे के मुख्यमंत्री बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए गायत्री ने कहा, मैं उनसे कहूंगी कि वह अत्याचारों का सामना करने वाले सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए काम करें। पीड़िता, जो स्नातकोत्तर प्रशिक्षु थी, के साथ 9 अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी के दौरान बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई, जिससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। उसकी मां रत्ना देबनाथ ने पनिहाटी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता है।

'सोनार बांग्ला' का संकल्प अब होगा सिद्ध : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ /कोलकाता

● कहा- बंगाल के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक उत्थान का अमृतकाल शुरू

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले शुभेंदु अधिकारी को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। साथ ही विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक उत्थान के अमृतकाल में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और शुभेंदु अधिकारी के ऊर्जावान नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा। उन्होंने कामना की कि नया कार्यकाल बंगाल की जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का स्वर्णिम अध्याय बने। योगी ने बंगाल सरकार के नवनिर्वाचित मंत्रियों को भी बधाई दी और कहा कि वे जन-सेवा को सर्वोपरि रखकर 'सोनार बांग्ला' के गौरव को पुनर्स्थापित करेंगे। उन्होंने माँ काली से सभी के सफल और लोककल्याणकारी कार्यकाल की प्रार्थना की।

शुभेंदु को पहनाया भगवा अंगवस्त्र

समारोह के दौरान योगी ने नवनिर्वाचित सीएम शुभेंदु को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही, मंत्री की शपथ लेने वाले दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तनिया, क्षुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक को भी बधाई दी। गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान शुभेंदु ने भी एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया था।

न्यूज ब्रीफ

नड्डा, सैनी विधायक दल की बैठक की निगरानी के लिए गुवाहाटी पहुंचे

गुवाहाटी। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक की निगरानी के लिए शनिवार शाम को असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे। इस बैठक में असम के अगले मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा। भाजपा के एक प्रवक्ता ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक रविवार सुबह पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बैठक कर नए नेता का चुनाव करेंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में लगातार तीसरी बार दो-तिहाई बहुमत के साथ जीत हासिल की है।

राहगीरों को लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ तीन आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली में लोगों को चाकू की नोक पर लूटने से पहले उन्हें काबू में करने के लिए गला कसने की तकनीक का इस्तेमाल करने वाले तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 30 अप्रैल को पुल पहाड़गंज के पास हुई, जब पीड़ित नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहा था। आरोपी ने उसे रोका और उसकी गर्दन पकड़कर गला कसने के बाद चाकू की नोक पर उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग के खुलासे और एक सूचना के आधार पर शेष आरोपियों को शीला सिनेमा के पास से पकड़ा गया।

क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े धनशोधन मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

बेंगलुरु। ईडी ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े धनशोधन मामले में क्रिप्टो हैकर श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकि समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 10 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में 20 अप्रैल को छापेमारी की थी। इसके तहत कर्नाटक कांग्रेस विधायक एनए हारिस के पुत्रों मोहम्मद हारिस नलापड़ व उमर फारूक नलापड़ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री के. रहमान खान के पोते आकिब खान समेत अन्य आरोपियों के विभिन्न परिसर पर छापेमारी की गई।

लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि होंगे अगले सीडीएस

नई दिल्ली, एजेंसी

लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को देश का नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) नियुक्त किया गया है और उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती उस महत्वाकांक्षी 'थिएटराइजेशन' योजना को लागू करने की होगी, जिसका मकसद तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है।

सुब्रमणि, जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। फिलहाल राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत ले. जनरल सुब्रमणि को पाकिस्तान और चीन मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है। वह पिछले साल 31 जुलाई को थलसेना उपप्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना की प्रमुख स्ट्राइक कोर सहित दो कोर की कमान संभालने का गौरव भी प्राप्त है। सेना की पूर्वी कमान के पूर्व कमांडर जनरल चौहान ने सितंबर 2022 में देश के वरिष्ठतम सैन्य कमांडर के रूप में कार्यभार संभाला था। पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत की तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु के नौ महीने बाद उन्होंने यह पद संभाला था। सुब्रमणि ने 40 से अधिक वर्षों के अपने सैन्य करियर में विभिन्न भौगोलिक और अभियानगत परिस्थितियों में कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़े तमाम दायित्व निभाए हैं।

वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन अगले नौसेना प्रमुख नियुक्त

नई दिल्ली। वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को शनिवार को भारत का अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया। वह एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे जो 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। स्वामीनाथन फिलहाल पश्चिमी नौसेना कमान के 'फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। नौसेना प्रमुख के रूप में उनका ध्यान सैन्यबल के जारी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रहने की संभावना है। फ्लैग ऑफिसर एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे।

सीबीआई ने अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 17 परिसरों की तलाशी ली

नई दिल्ली। सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों-रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कामर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड - तथा उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन मामलों के संबंध में मुंबई में 17 परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, ये तलाशी उपरोक्त कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों के साथ-साथ उन मध्यस्थ कंपनियों के कार्यालय परिसरों में की जा रही है जिनके खातों का उपयोग बैंक कोषों के हेरफेर के लिए किया गया था। कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

सीबीआई ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से तलाशी का वारंट जारी करवाया था। अधिकारियों ने दावा किया कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन मामलों में बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुए कथित नुकसान की कुल राशि 27,337 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया, तलाशी से यह भी पता चला कि कई मध्यस्थ कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।

विजय आज लेंगे शपथ, वीसीके आईयूएमएल ने दिया समर्थन

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में टीवीके की सरकार

चेन्नई में राज्यपाल के साथ टीवीके प्रमुख विजय।

● टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हुआ राज्यपाल ने सरकार बनाने का दिया निमंत्रण

तमिलनाडु में नयी सरकार के गठन को लेकर अनिश्चितता खत्म करते हुए विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) ने शनिवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। इसके बाद टीवीके नेता विजय ने तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से फिर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद राज्यपाल ने विजय के नेतृत्व में मंत्रीपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह रविवार सुबह 10 बजे तय किया है।

विजय का समर्थन करने से जुड़े वीसीके के निर्णय के कुछ ही देर बाद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक और सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी टीवीके को समर्थन दे दिया। आईयूएमएल के दो विधायक हैं। वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हो गया, जो तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत के लिए आवश्यक 118 सीटों से दो अधिक है। नयी सरकार के गठन को लेकर लगाई जा रही अटकलों और अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए, टीवीके नेता अधव अर्जुन ने बताया कि वीसीके ने उनकी पार्टी को समर्थन दिया है। वीसीके के वरिष्ठ नेता वन्नी अरसु, जो पार्टी के विधायक दल के नेता भी हैं, ने राज्यपाल को संबोधित पत्र में टीवीके को समर्थन देने की घोषणा की है।

पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा धनशोधन के मामले में गिरफ्तार

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

● ईडी ने की कार्रवाई, अरोड़ा व उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर छापे मारे

ईडी ने शनिवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई मंत्री और उनसे जुड़ी कुछ संस्थाओं के खिलाफ दर्ज धनशोधन के नए मामले में की गई। अधिकारियों ने बताया कि संजीव अरोड़ा को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया।

इससे पहले शनिवार सुबह से अरोड़ा के सरकारी आवास समेत उनसे जुड़े 17 परिसरों पर छापेमारी की गई थी। अरोड़ा को शनिवार को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी विस्तृत पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की

मांग करेगा। ईडी ने इस कार्रवाई के तहत उत्तर भारत में पांच परिसर पर छापेमारी की। छापेमारी में दिल्ली के दो परिसर और गुरुग्राम के उद्योग विहार में स्थित हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड नामक कंपनी का परिसर भी शामिल था। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत नया मामला दर्ज करने के बाद ये छापेमारी शुरू की। ईडी ने 17 अप्रैल को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत अरोड़ा और उनसे जुड़ी इकाइयों के परिसरों पर छापे मारे थे। अरोड़ा (62) लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस छापेमारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक मकसद पूरे करने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

तैयारी | मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात, दोपहर 3 :30 बजे राजभवन में होगा समारोह, कई मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल संभव

यूपी मंत्रिमंडल विस्तार आज, छह नए चेहरे ले सकते हैं शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से चल रही अटकलों पर रविवार को विराम लग जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार 10 मई को हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार राजभवन में दोपहर 3:30 बजे आयोजित समारोह में छह नए नेताओं को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जा सकती है। साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभागों में भी बदलाव की संभावना है। मंत्रिमंडल विस्तार से एक दिन पहले शनिवार

लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान उन्होंने संभावित मंत्रियों की सूची राज्यपाल को सौंपी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल आनन्दीबेन को लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा भी भेंट की।

प्रदेश में फिलहाल 54 मंत्री, छह पद थे रिक्त

उप्र मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित कुल 60 सदस्य हो सकते हैं। वर्तमान में 54 मंत्री कार्यरत हैं, जबकि छह पद रिक्त थे। इन्हीं पदों पर नए चेहरों को शामिल किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार जिन नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी के नाम प्रमुख हैं। हालांकि आधिकारिक पुष्टि शपथ ग्रहण से ठीक पहले ही होगी।

जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश

मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछड़ा, दलित, महिला और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए नए चेहरों का चयन किया गया है।

संगठन में भी बदलाव के संकेत

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ संगठन स्तर पर भी कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा सकते हैं। भाजपा आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए सरकार और संगठन दोनों में संतुलन साधने की तैयारी में है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Grants Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty | NAAC

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

	COURSE	Eligibility	Duration
01	MBBS (intake - 250) - Through NEET	(10+2 PCB)	4½+1 Year
02	MD/MS (intake - 166) - Through PG NEET	MBBS	3 Year
03	Diploma- Medical lab Technician (DMLT)	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
04	Diploma X-Ray Technician	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
05	Diploma Radiology Technology	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
06	M.Sc. Medical Anatomy	MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.)	3 Year
07	M.Sc. Medical Biochemistry		3 Year
08	M.Sc. Medical Microbiology		3 Year
09	M.Sc. in Medical Pharmacology		3 Year
10	M.Sc. in Medical Physiology		3 Year

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

	COURSE	Eligibility	Duration
10	BDS (intake - 100) - Throught NEET	(10+2 PCB)	4+1 Year
11	MDS (intake - 38) Through MDS NEET	BDS	3 Year
12	Diploma in Dental Hygenist	10+2 (PCB)	2 Year
13	Diploma in Dental Mechanics	10+2 (PCB)	2 Year

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

	COURSE	Eligibility	Duration
14	D.Pharm/Diploma in Pharmacy	10+2(PCB/PCM)	2 Year
15	B.Pharm/Bachelor of Pharmacy	10+2(PCB/PCM)	4 Year
16	M.Pharm (Pharmaceutical Chem)	B.Pharm	2 Year
17	M.Pharm (Pharmaceutics)	B.Pharm	2 Year
18	M.Pharm (Pharmacology)	B.Pharm	2 Year
19	M.Pharm (Pharmacognosy)	B.Pharm	2 Year

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

	COURSE	Eligibility	Duration
20	Certification in Sanitation	10+2(PCB/PCM)	1 Year
21	Diploma in Medical Lab Technician (DMLT)	10+2(PCB/PCM)	4 Year
22	Diploma in X-Ray Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
23	Diploma in Dialysis Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
24	Diploma in Emergency & Trauma Care	10+2(PCB/PCM)	2 Year
25	Diploma in MRI Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
26	Diploma in Radiotherapy Technology	10+2(PCB/PCM)	2 Year
27	Bachelor of Physiotherapy (BPT)	10+2(PCB	5 Year
28	Bachelor Operation Theater Technician (BOTT)	10+2(PCB/PCM))	4 Year
29	Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)	10+2(PCB)	4 Year
30	B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS)	10+2(PCB)	4 Year
31	B.Sc. in Optometry (B. Optom)	10+2(PCB/PCM)	5 Year
32	M.Sc. in Clinical Embryology	UG (Relevant Discipline)	2 Year
33	Master of Physiotherapy (MPT)	UG (Relevant Discipline)	2 Year
34	Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS)	UG (Relevant Discipline)	2 Year

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

	COURSE	Eligibility	Duration
35	B.Sc. Nursing	10+2 (PCB)	4 Year
36	Post Basic B.Sc. Nursing	GNM	2 Year
37	Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam)	B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing*	2 Year
38	M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing*	2 Year
39	M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing		2 Year
40	M.Sc. Nursing in Child Health Nursing		2 Year
41	M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing		2 Year
42	M.Sc. Nursing in Community Health Nursing		2 Year
43	GNM	10+2 with English	3 Year
44	ANM	10+2	2 Year

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

	COURSE	Eligibility	Duration
45	BBA	10+2 in any Stream	3 Year
46	BBA (H) Finance & Taxation	10+2 in any Stream	4 Year
47	BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics	10+2 in any Stream	4 Year
48	B. Com (Honors)	10+2 in any Stream	4 Year
49	BCA	10+2 in any Stream	3 Year
50	BCA (H) Information Technology & Multimedia	10+2 in any Stream	4 Year
51	BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science	10+2 in any Stream	4 Year
52	BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear.	10+2 in any Stream	4 Year
53	BA (Journalism/Mass Communication)	10+2 in any Stream	4 Year
54	BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication	10+2 in any Stream	4 Year
55	BMM (H) Bachelor of Mass Media	10+2 in any Stream	4 Year
56	MJMC Master of Journalism & Mass Comm.	UG Any Stream	2 Year
57	MHA (Master in Hospital Administration)	UG Any Stream	2 Year
58	MPH (Master in Public Health)	UG Any Stream	2 Year
59	MBA	UG Any Stream	2 Year
60	MCA	UG Any Stream	3 Year
61	M. Com	UG Any Stream	2 Year
62	MA (Political Science)	UG Any Stream	2 Year
63	MA (Journalism)	UG Any Stream	2 Year
64	MA (Mass Communication)	UG Any Stream	2 Year
65	MA (English)	UG Any Stream	2 Year
66	MA (Psychology)	UG Any Stream	2 Year
67	MA (Sociology)	UG Any Stream	2 Year

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

	COURSE	Eligibility	Duration
68	B.Sc. Forensic Sciences	10+2 (PCM/PCB)	3 Year
69	M.Sc Forensic Science	UG (Relevant Discipline)	2 Year

FACULTY OF FINE ARTS

	COURSE	Eligibility	Duration
70	Certificate in Photography	10 Pass	1 Year
71	Certificate in Cinematography	10 Pass	1 Year
72	Diploma in Cinematography (DIC)	10 Pass	2 Year
73	Diploma in Photography (DIP)	10 Pass	2 Year
74	Bachelor of Fine Arts (Film Making)	10+2 in any Stream	4 Year
75	Bachelor of Fine Arts (Photography)	10+2 in any Stream	4 Year
76	Master of Fine Arts (Photography)	UG Fine Arts	2 Year

Rohilkhand Ayurvedic Medical College and Hospital

	COURSE	Eligibility	Duration
77	BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) (intake - 60)	Through NEET (10+2 PCB)	4½+1 Year

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

शहर में आज

- चित्रगुप्त इंटर कॉलेज सहित 18 केंद्रों पर प्रवक्ता भर्ती की लिखित परीक्षा दूसरे दिन पहली पाली सुबह 9 :30 बजे से।
- श्री हरि हर करुणामयी कृपा धाम वेव ग्रीन एकादश स्थापना दिवस पर हवन व भंडारा 11 :30 बजे।

न्यूज ब्रीफ

खेलों को बढ़ावा देने पर डॉ. अजय पाठक सम्मानित

मुरादाबाद, अमृत विचार : लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अजय पाठक को खेलों को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडेय ने प्रदान किया। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात हैं।

1132 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शुक्रवार को चेकिंग दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 1132 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम रिंकू कश्यप बताया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

एसडीएम ने आढ़तों पर की छापेमारी

डिलारी, अमृत विचार : किसानों की शिकायत पर शनिवार को एसडीएम ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह ने गांव महमूदपुर लाल निवासी दुष्यंत की आढ़त पर छापेमारी की, जिसमें गेहूं खरीद में घपलेबाजी मिली। एसडीम ने आढ़त संचालक को फटकार लगाई। आढ़त स्वामी ने बताया कि सरकारी गेहूं खरीदने के बाद 250 क्विंटल गेहूं भेज दिया गया था, जिसमें मानक के अनुसार आढ़त पर 3 क्विंटल 50 किलो गेहूं मौजूद रहा।

महिला के गले से सोने की चेन और पेंडल उड़ाया

- ऑटो में साथ बैठी महिलाओं पर वारदात करने का शक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गलशहीद थाना क्षेत्र के डबल फाटक से ईदगाह रोड पर ऑटो में बैठी महिलाओं ने एक महिला की सोने की चेन व पेंडल गायब कर दिया। पीडित महिला जब शिकायत लेकर कटघर कोतवाली पहुंची तो उसे घटनास्थल गलशहीद थाना क्षेत्र का बताया गया। इसके बाद महिला ने गलशहीद थाने में तहरीर दी। इस पर पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिलकिस।

मुगलपुरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाफिज बन्ने के पुलिया निवासी बिलकिस पत्नी स्व. मोहम्मद शकूर शनिवार को घर से कांठ रोड पर डॉक्टर को दिखाने सुबह 10 बजे गई थीं। वह ऑटो से घर लौटने के लिए पारकर इंटर कॉलेज से डबल फाटक तक आईं। ऑटो में पहले से तीन महिलाएं बैठी थीं। जैसे ही बिलकिस ईदगाह रोड पर उतरीं तो उसके गले से सोने की चेन व पेंडल गायब थी, लेकिन तब तक ऑटो चालक जा चुका था। महिला ने कटघर कोतवाली में जाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटनास्थल गलशहीद थाने का निकला। इसके बाद महिला ने गलशहीद थाने में अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध सोने की चेन व पेंडल चुराने के संबंध में तहरीर दी।

> महिला ने सोने की चेन व पेंडल ऑटो में चोरी होने के संबंध में तहरीर दी है। पीड़ित महिला के बताए गए घटनास्थल पर जांच करने के दौरान आसपास के सीसीटीवी की फुटेज भी देखी जा रही है। महिला की तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -पवन कुमार, थाना प्रभारी गलशहीद

जिले में अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

धूप की तपिश से बेहाल हुए लोग, उमस से बढ़ी परेशानी

- हवा में नमी अधिक होने से उमस ने लोगों को किया परेशान
- राहत पाने के लिए लोग तलाशते रहे छांव और ठंडे पेय पदार्थ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शनिवार को तेज धूप और बढ़ती उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण धूप तीखी रही और दोपहर होते-होते गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि तापमान सामान्य सीमा में रहा, लेकिन हवा में नमी अधिक होने से उमस ने लोगों को ज्यादा परेशान किया।

दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही दिखाई दी। जरूरी काम से बाहर निकले लोग धूप से बचने के लिए छांव का सहारा लेते नजर आए। बाजारों और चौराहों पर गन्ने के रस, शिकंजी, नारियल पानी और अन्य ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। कई लोग सिर पर गमछा और छाता लगाकर धूप से बचाव करते दिखे। गर्मी का असर सबसे ज्यादा दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और सड़क किनारे काम करने वाले लोगों पर देखने को मिला। लगातार पसीना निकलने और गर्म हवाओं के कारण लोगों को थकान और बेचैनी महसूस हुई। वहीं अस्पतालों में भी उल्टी, दस्त, बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले दो दिनों तक मौसम में इसी तरह गर्मी और उमस बनी रह सकती है। ऐसे में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने और धूप में निकलते समय सिर ढककर रखने की सलाह दी गई है। शाम के समय हल्की हवा चलने से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन दिनभर की गर्मी ने लोगों को परेशान किए रखा।

सिर ढककर जातीं स्कूटी सवार महिलाएं। ● अमृत विचार

तपती टिन के नीचे पर्चा बनवाने को मरीज मजबूर

मुरादाबाद, अमृत विचार : भीषण गर्मी और उमस के बीच जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। अस्पताल परिसर में पर्चा बनवाने के लिए लगी लंबी कतारों में लोगों को तपती टिन शेड के नीचे घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। दोपहर के समय टिन गर्म होकर भट्ठी जैसा माहौल बना देती है, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में इन दिनों बुखार, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सुबह से ही पर्चा काउंटर पर भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है। भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। अस्पताल में पर्याप्त इंतजाम न होने से उन्हें खुले और गर्म माहौल में खड़े रहना पड़ता है। पर्चा बनवाने में काफी समय लगने से हालत और खराब हो जाती है। कई बुजुर्ग मरीजों को लाइन में खड़े रहने में मुश्किलें आईं, वहीं छोटे बच्चों को गोद में लेकर खड़ी महिलाओं को भी परेशानी झेलनी पड़ी। डॉक्टरों के अनुसार बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी के कारण मौसमी बीमारियों के मामलों में इजाफा हुआ है। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और बाहर का खुला भोजन न खाने की सलाह दी है। सीएमएस डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय का कहना है कि गर्मी के चलते मरीजों की संख्या बढ़ी है। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं।

गरजा एमडीए का बुलडोजर, 3 हेक्टेयर में बना मदरसा जमींदोज

एमडीए की टीम ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद मदरसा जामिया अरबिया हयातुल उलूम के निर्माण को ध्वस्त कराया, कब्जा लिया गया

- अदालत में तीन दशक से विचाराधीन था मामला, कानूनी बाधाएं दूर होने के बाद हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली रोड पर मंगूपुरा में मदरसा जामिया अरबिया हयातुल उलूम के नाम किए निर्माण को शनिवार को ध्वस्त कराकर कब्जे में ले लिया। मामला तीन दशकों से अदालत में विचाराधीन था। कानूनी बाधाएं दूर होने के बाद प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी से कार्रवाई कर मदरसा के निर्माण को ध्वस्त कराया। कार्रवाई के बाद लगभग तीन हेक्टेयर (7.4 एकड़) बेशकीमती भूमि को प्राधिकरण ने कब्जे में लिया।

उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के नेतृत्व में शनिवार को प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों की टीम प्रवर्तन दल और बुलडोजर के साथ दिल्ली रोड पर मंगूपुरा में बने मदरसा जामिया अरबिया हयातुल उलूम के द्वारा किए गए निर्माण का ध्वस्तीकरण शुरू किया। पूरे दिन चली कार्रवाई में प्राधिकरण की भूमि पर बनाए गए मदरसे को जमींदोज करने की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय के द्वारा प्रबंधक मदरसा जामिया अरबिया हयातुल उलूम की रिट याचिका संख्या 24588/2016 को अंतिम रूप से अपने द्वारा पारित 27 अप्रैल 2026 के आदेश में प्राधिकरण के पक्ष निर्णय दिया। इसके क्रम में प्राधिकरण ने इस जमीन पर किए निर्माण को ध्वस्त कराकर अपने कब्जे में लिया है।

मदरसे का निर्माण तोड़ती एमडीए की जेसीबी। ● अमृत विचार

मदरसे का टूटा निर्माण। ● अमृत विचार

मामले में दाखिल होती रहीं याचिकाएं, पारित होते रहे आदेश : सदर तहसील के ग्राम मंगूपुरा में शहर के सुनियोजित विकास के लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने नया मुरादाबाद आवासीय योजना के लिए लगभग 175.44 हेक्टेयर भूमि अर्जित की थी। इसमें अन्य गाटों के साथ गाटा संख्या-448 रकबा 0.486 हेक्टेयर, गाटा संख्या-449 रकबा 0.409 हेक्टेयर, गाटा संख्या-450 रकबा 1.072 हेक्टेयर, गाटा संख्या-451 रकबा 0.955 हेक्टेयर भूमि भी शामिल थी। प्रश्नगत भूमि, भू-अर्जन अधिनियम-1894 की धारा-4 (1)/17 की अधिसूचना दिनांक सात सितंबर 1999 तथा धारा-6/17 की अधिसूचना दिनांक 31 जनवररी 2000 के अन्तर्गत सभी भारों से मुक्त होकर, राज्य सरकार में निहित होने के बाद प्राधिकरण को सात नवंबर दिनाक 2000 को विधिवत रूप से कब्जा कर हस्तान्तरित किया गया था। इस अर्जित भूमि का अभिनिर्णय 27 अगस्त को विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी द्वारा नियमानुसार घोषित किया गया था।

इस भूमि को अर्जन से मुक्त कराने के लिए प्रबन्धक मदरसा जामिया अरबिया हयातुलउलूम मुरादाबाद द्वारा पहले 2004 में उच्च न्यायायय में याचिका दायर की जो 23 फरवरी 2005 को खारिज हो गई। प्रबन्धक, मदरसा जामिया अरबिया हयातुलउलूम द्वारा वर्ष 2007 में प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रश्नगत गाटाओं को अर्जन मुक्त करने के लिए आवेदन किया गया। बोर्ड ने इसके लिए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मुरादाबाद की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अपनी संस्तुति 18 अक्टूबर 2007 के द्वारा प्रश्नगत भूमि को अर्जन मुक्त करने योग्य नहीं पाया। प्राधिकरण बोर्ड ने 87वीं बोर्ड बैठक में स्वीकार किया गया। इसके बाद प्रबन्धक, मदरसा जामिया अरबिया हयातुलउलूम ने फिर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने याचिका निस्तारित कर प्रबन्धक मदरसा जामिया अरबिया हयातुलउलूम को अपना प्रत्यावेदन शासन के समक्ष प्रस्तुत करने के आदेश दिया। शासन ने याची के प्रत्यावेदन को औचित्यहीन पाते 11 मई 2016 को निरस्त कर दिया।

मामले में प्रबन्धक मदरसा जामिया अरबिया हयातुलउलूम ने फिर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। इसमें यथास्थिति के आदेश पारित थे। इस भूमि को लेकर मंडलायुक्त व अध्यक्ष एमडीए आञ्जनेय कुमार सिंह, एमडीए के तत्कालीन उपाध्यक्ष शैलेष कुमार, वर्तमान उपाध्यक्ष अनुभव सिंह आदि के नेतृत्व में लगातार प्राधिकरण ने पैनल अधिवक्ता के माध्यम से प्रभावी पैरवी कर वाद को निस्तारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। जिसका प्रतिफल यह मिला कि उच्च न्यायालय ने एक बार फिर याचिका संख्या 24588/2016 में 27 अप्रैल 2026 को प्राधिकरण के पक्ष में निर्णय दिया।

शुभेंदु सरकार से हस्तशिल्प क्षेत्र को नई उम्मीदें

- ईपीसीएच ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और नए मंत्रिमंडल को दीं शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) से जुड़े निर्यातक समुदाय ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और राज्य सरकार के नए कैबिनेट मंत्रियों को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी हैं। परिषद पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नई सरकार के नेतृत्व में राज्य में औद्योगिक विकास, एमएसएमई सशक्तीकरण और हस्तशिल्प क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि पश्चिम बंगाल की हस्तशिल्प और हथकरघा परंपरा देशभर में विशेष पहचान रखती है। विश्वास जताया कि नई सरकार कारीगरों, महिला उद्यमियों और निर्यातकों के हित में योजनाओं को और मजबूत करेगी। ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि परिषद पश्चिम बंगाल सरकार के साथ मिलकर कौशल विकास, क्लस्टर विकास, बुनियादी ढांचे और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बढ़ाने के लिए काम करेगी। उपाध्यक्ष सागर मेहता ने कहा कि पश्चिम बंगाल हस्तशिल्प उत्पादन और निर्यात का बड़ा केंद्र बनने की क्षमता रखता है। पूर्वी क्षेत्रीय संयोजक एवं सीओए सदस्य ओपी प्रह्लादका ने कहा कि परिषद राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ मिलकर हस्तशिल्प निर्यात व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेगी। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने बताया कि वर्ष 2024-25 में देश से हस्तशिल्प का कुल निर्यात 33,123 करोड़ रुपये रहा। पश्चिम बंगाल से 366 करोड़ रुपये का निर्यात शामिल है।

हस्तशिल्प व दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार को मांगे आवेदन

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले के आर्टिजन कार्ड धारक हस्तशिल्पियों से 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार एवं दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र 16 जून तक भर कर जमा करना होगा।

उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया कि पात्रता अर्हताएं हस्तशिल्पियों की न्यूनतम आयु 25 वर्ष या उससे अधिक हो तथा हस्तशिल्प क्षेत्र में पांच वर्ष का अनुभव हो। हस्तशिल्प विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा प्रदत्त हस्तशिल्पी पहचान पत्र हो, पुरस्कार के लिए कलाकृति फ्रेम में जड़ित होनी चाहिए। जिन हस्तशिल्पियों को राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार पूर्व में प्राप्त हो चुका है तो वह इस विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे।

उपभोक्ताओं को देंगे प्रीपेड से पोस्टपेड मीटर बदलने की जानकारी

- विभाग लगाएगा विशेष शिविर, 55 विद्युत केंद्रों पर पर उपभोक्ताओं की शंकाओं का होगा निराकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की समस्याओं व सवालों के जवाब में बिजली विभाग ने अब विशेष जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। विभाग की ओर से सोमवार से छह अधिशासी अभियंताओं के कार्यालय समेत विभिन्न विद्युत केंद्रों व गांव के उपकेंद्रों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। जहां उपभोक्ताओं को प्रीपेड मोड से पोस्टपेड मोड में बदले जा रहे मीटरों के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरासिया ने शनिवार को बताया कि कई उपभोक्ताओं के मन में मीटर बदलने, बिलिंग व्यवस्था, रिचार्ज प्रक्रिया और भुगतान प्रणाली को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसे दूर करने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कैंपों में पहुंचने वाले प्रत्येक उपभोक्ता को सरल भाषा में पूरी प्रक्रिया समझाएं और उनकी शिकायतों का मौके पर समाधान करें। उन्होंने बताया कि चार विद्युत केंद्र और 51 उप केंद्रों पर बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपभोक्ताओं को बताएंगे कि पोस्टपेड मीटर प्रणाली में बिजली उपयोग के बाद बिल जारी किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को बार-बार रिचार्ज कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। छह अधिशासी अभियंता और 60 एसडीओ व 180 जेई के द्वारा मीटर रीडिंग, बिल भुगतान की अंतिम तिथि,ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था और बकाया संबंधी नियमों की भी जानकारी दी जाएगी।

अधिशासी अभियंताओं की निगरानी में चलने वाले इन कैंपों में उपभोक्ताओं को यह भी बताया जाएगा कि मीटर परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी तरह विभागीय मानकों के अनुसार की जा रही है और इससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी तथा सुगम बनाने में मदद मिलेगी। मुख्य अभियंता ने बताया कि कैंपों का उद्देश्य केवल जानकारी देना ही नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं और विभाग के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना भी है। इसके लिए कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने और संतोषजनक जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने नजदीकी विद्युत केंद्र या अधिशासी अभियंता कार्यालय में लगने वाले कैंप में पहुंचकर मीटर संबंधी जानकारी प्राप्त करें और किसी भी भ्रम की स्थिति में सीधे विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें।

जिम और फिटनेस सेंटरों की होगी जांच

- बरेली में बीते दिनों जिम में महिला से दुष्कर्म के बाद सक्रिय हुआ खेल विभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बरेली में बीते दिनों महिला डॉक्टर से दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद जिले में जिम और फिटनेस सेंटरों की व्यवस्थाओं को लेकर खेल विभाग सतर्क हो गया है। महिला खिलाड़ियों और युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के जिम और फिटनेस सेंटरों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। खेल विभाग विशेष रूप से उन सुविधाओं पर ध्यान देगा, जो महिलाओं की सुरक्षा और गोपनीयता से जुड़ी हैं।

खेल विभाग के अनुसार जिम और फिटनेस सेंटरों में महिला सदस्यों के लिए महिला ट्रेनर या महिला स्टाफ की उपलब्धता जरूरी मानी जा रही है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, महिला चेंजिंग रूम और अलग महिला शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी देखी जाएगी। प्रवेश द्वार, रिसेप्शन, कॉरिडोर और वर्कआउट एरिया में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने पर जोर है। फिटनेस सेंटरों में इस्तेमाल किए जाने वाले प्रोटीन पाउडर, स्टेरॉयड और अन्य सप्लीमेंट को लेकर भी जांच की जाएगी। जिम व फिटनेस सेंटर में बिना अनुमति फोटो या वीडियो बनाने पर रोक, अनजान लोगों की आवाजाही नियंत्रित करने और केवल सदस्यता वाले लोगों को ही प्रवेश देने जैसे बिंदु भी देखे जाएंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि फिटनेस सेंटरों में आने वाली महिला खिलाड़ियों और युवतियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। खेल विभाग जिले के जिम और फिटनेस सेंटरों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगा।

विश्व मातृ दिवस पर विशेष

शिवशेष और गोविंदा के केक में दिख रहा मां का प्यार, डांट और अपनापन

मां की याद में बना रहे अनोखे केक डिजाइन

- माता-पिता के निधन के बाद उनकी याद ने दिया भावनाओं को केक पर उतारने का विचार
- केक में घरेलू माहौल और मां-बच्चे के रिश्ते को अलग अंदाज में उकेरने की कोशिश की गई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मदर्स डे के अवसर पर लाइनपार निवासी दो भाई शिवशेष और गोविंदा अपने अनोखे केक डिजाइन से लोगों को भावुक कर रहे हैं। दोनों भाई ऐसे केक तैयार कर रहे हैं, जिनमें मां का प्यार, ममता, अनुशासन और बचपन की यादें एक साथ नजर आती हैं। किसी केक में मां बच्चे को गले लगाकर दुलार करती दिखती है तो किसी में शरारत पर झाड़, चिमटा, चप्पल या डंडे से डांटती हुई दिखाई गई है।

शिवशेष ने बताया कि उनकी मां और पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। मां के निधन के बाद अक्सर बचपन की छोटी-छोटी बातें याद आती थीं। एक दिन अचानक उन्हें यह विचार आया कि मदर्स डे पर ऐसा कुछ बनाया जाए, जो हर व्यक्ति को अपनी मां के साथ बिताए पलों की याद दिला दे। इसके बाद उन्होंने भाई गोविंदा के साथ मिलकर इन खास डिजाइन पर काम शुरू किया। दोनों भाइयों ने केक में घरेलू माहौल और मां-बच्चे के रिश्ते को अलग अंदाज में उकेरने की कोशिश की है। कुछ डिजाइन भावुक कर देते हैं तो कुछ लोगों के चेहरे पर मुस्कान ले आते हैं। मदर्स डे पर इन खास केक की मांग भी बढ़ गई है।

गोविंदा।

शिवशेष।

सोशल मीडिया पर भी पसंद किए जा रहे डिजाइन

शिवशेष और गोविंदा द्वारा तैयार किए गए इन केक डिजाइन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी तेजी से साझा की जा रही हैं। कई लोग इन्हें हर घर की कहानी बताते हुए पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि लोग अपने बचपन से जुड़े अनुभव भी दोनों भाइयों के साथ साझा कर रहे हैं, जिससे यह पहल सिर्फ कारोबार नहीं बल्कि भावनाओं से जुड़ा प्रयास बन गई है।

नेक्स्ट जेनरेशन अकादमी ने पारकर को हराया

मुरादाबाद, अमृत विचार : द नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी के मैदान पर शनिवार को नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी ने पारकर क्रिकेट अकादमी को हरा दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पारकर क्रिकेट अकादमी की टीम 37.2 ओवर में 149 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से धीरज ने सबसे अधिक 31 रन बनाए, जबकि रुद्र ने 30 रन की उपयोगी पारी खेली। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाजों ने संयमित खेल दिखाते हुए 24.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से नैतिक ने 30 रन बनाए, कवि ने 26 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई।

आर्म रेसलिंग में खिलाड़ियों का दिखा दम

- विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, मेडल और प्रशस्ति पत्र दिए गए
- प्रतियोगिताओं से स्कूल की नई प्रतिभाओं को मिलता है आगे बढ़ने का मौका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज मिलन विहार में शनिवार को स्कूल आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता कराई गई। इसमें 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय खिलाड़ी देव मौजूद रहे।

आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्गवार परिणाम में आयुष सैनी ने (30-40), यश कुमार (40-50), भविष्य (50-60), पीयूष ने (60-70), कृष्णा रावत (70-80), वंश वर्मा (80-90) और फैज ने 90 अंक प्राप्त किए। विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में जोर आजमाते खिलाड़ी।

इसके अलावा द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वालों को भी पुरस्कार दिया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु यादव ने कहा कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यालय में नई प्रतिभा के उजागर होने का अवसर मिलता है। इससे छात्रों के शारीरिक कौशल का पता चलता है। प्रतियोगिता की संयोजक खेल प्रशिक्षिका हिना और भास्कर राघव रहे। प्रतियोगिता में निदेशिका नीतू सिंह व विद्यालय के उप प्रधानाचार्य दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

पुजारियों को मिले 40 हजार रुपये मासिक वेतन भत्ता

मुरादाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक शनिवार को सम्राट अशोक नगर स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में माता मंदिर के पंडित नवल स्वरूप अवस्थी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान मंदिरों के पुजारियों और पुरोहितों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 अप्रैल 2022 को पुजारी एवं कल्याण बोर्ड गठन की घोषणा की गई थी, लेकिन चार वर्ष बीतने के बाद भी इसका क्रियान्वयन नहीं हो सका। उन्होंने मांग उठाई कि मंदिरों के पुजारियों को 40 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन भत्ता दिया जाए और बिजली-पानी की निशुल्क व्यवस्था की जाए। परिषद ने सरकार को जगाने के लिए जल्द ही शंखनाद और ज्ञापन अभियान चलाने की घोषणा की। संचालन पंडित विनोद शर्मा ने किया। इस अवसर पर पंडित तेज नारायण मिश्रा, आचार्य गणेशानंद, महंत मुकेशानंद, पंडित रविशंकर चतुर्वेदी समेत अन्य पुजारियों और पुरोहितों ने अपने विचार रखे।

पैरालिसिस पीड़ित सराफा व्यापारी घर से लापता

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के सराफा व्यापारी अचल वर्मा के अचानक घर से लापता होने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि अचल वर्मा शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे बिना बताए घर से निकल गए, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों के अनुसार अचल वर्मा की हालत नाजुक है और वे पैरालिसिस से पीड़ित हैं। बीमारी के चलते उन्हें बोलने में भी काफी दिक्कत होती है। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चलने पर परिवार के लोगों ने आमजन से सहयोग की अपील की है। घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दंपती और बेटियों के साथ मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

कांठ, अमृत विचार : छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्तफापुर खण्डसाल निवासी महिला नाजुक पत्नी इरफान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया 8 मई की शाम 4 बजे गांव के अनवर, अकरम, साजिद तीनों भाई उसके घर पर आए और उन्होंने जमीन के विवाद को लेकर गाली गलौज की। कहा कि जाहिद की जमीन को मत जोतना। जब महिला ने गाली का विरोध किया तो आरोपियों ने महिला नाजुक, उसकी पुत्री फातिमा, बहरूल और उसके पति को भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

जिले के 18 केंद्रों पर पहले दिन दो पालियों में आयोजित हुई उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की लिखित परीक्षा

प्रवक्ता भर्ती परीक्षा में 40.1 फीसदी रही अभ्यर्थियों की उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले में प्रवक्ता भर्ती की लिखित परीक्षा पहले दिन शनिवार को दो पालियों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। इसके लिए 18 केंद्र बनाए गए थे। पहले दिन दोनों पालियों में महज 40.1 प्रतिशत उपस्थिति रही। पहली पाली में 14 केंद्रों पर 2562 और दूसरी पाली में 2935 ने परीक्षा दी। परीक्षा देकर लौट रहे परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को आसान बताया। फिलॉसफी से जुड़े कुछ सवालों ने उन्हें उलझाया।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के द्वारा प्रवक्ता भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए केंद्रों पर सुबह से परीक्षार्थियों की भीड़ रही। पहली पाली में करीब छह हजार अभ्यर्थियों का पंजीकरण था। इसमें से मात्र 2562 ने परीक्षा दी जबकि 3444 ने परीक्षा छोड़ दी। सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। हालांकि परीक्षार्थियों की संख्या कम रही। समय से पहले केंद्रों पर पहुंचे अभ्यर्थियों की जांच के बाद उन्हें केंद्र में प्रवेश दिया गया। कई केंद्रों पर अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावक भी पहुंचे। दूसरी पाली में पंजीकृत 7693 परीक्षार्थियों में से 2935 ने परीक्षा दी जबकि 4758 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा देकर लौट रहे कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र आसान था, तो कुछ परीक्षार्थी फिलॉस्फी के सवालों में चकरा गए। वह इन सवालों में उलझ गए। दर्शन शास्त्र में रुचि रखने वालों ने समय से पहले 125 सवालों का जवाब आसानी से दे दिया। परीक्षा की निष्पक्षता और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा, जबकि केंद्र व्यवस्थापक और पर्यवेक्षक लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते नजर आए। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली गई। साथ फेस और आंखों की बॉयोमीट्रिक के बाद परीक्षा कक्षों में प्रवेश दिया गया। जांच के दौरान अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान किया गया। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को केंद्र के अंदर ले जाने पर पूरी तरह रोक रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। परीक्षार्थियों ने बताया कि सुरक्षा जांच के कारण थोड़ी देर जरूर हुई, लेकिन व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। वहीं प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अगले दिन परीक्षा के लिए भी समय से पहले केंद्र पर पहुंचने की अपील की है।

आरएन इंटर कॉलेज से प्रवक्ता की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। • अमृत विचार

- पहली पाली में 2562 और दूसरी पाली में 2935 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा
- दोनों पालियों में 8202 ने परीक्षा छोड़ी, प्रतिभागियों ने बताया पेपर आसान

प्रश्न पत्र बहुत आसान था दार्शनिकों से जुड़े सवालों की संख्या अधिक थी। प्रश्न पत्र हल करने के बाद लगा कि परीक्षा पास करने से कोई नहीं रोक सकता। किताबें पढ़ने में रुचि रखने वाले विद्यार्थी के लिए सवाल आसान थे। -प्रज्ञांजलि, बरेली

मैंने 125 सवालों में 124 सवाल हल किए और मुझे लगता है कि सभी सवालों का उत्तर सही लिखा है। प्रश्न पत्र आसान था। फिलास्फी के सवालों को हल करना बहुत आसान था। -परमजीत सिंह

रन ऑन व्हील स्केटिंग मैराथन में हिस्सा लेंगे 11 खिलाड़ी

मुरादाबाद, अमृत विचार : ताजनगरी आगरा में रविवार को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय रन ऑन व्हील स्केटिंग मैराथन प्रतियोगिता में मुरादाबाद के होनहार खिलाड़ी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में जिले के 11 खिलाड़ी हिस्सा लेने के लिए शनिवार को रवाना हुए। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह था।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में चैतन्य गर्ग, सान्वी सिंह, माधव, स्वास्तिक, संस्कार, असीम कुमार सिंह, अभि उदय भास्कर, विहान सक्सेना, आरव चौधरी, आयरिश थपलियाल और आयरिशा थपलियाल शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों ने कोच परमेश चरण के मार्गदर्शन में लगातार अभ्यास कर प्रतियोगिता की तैयारी पूरी की है।

महाराणा प्रताप का जीवन युवाओं के लिए आज भी प्रेरणास्रोत

मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शिरोमणि की प्रतिमा पर हनुमान मूर्ति, लाइनपार, लाकड़ी फाजलपुर, रतनपुर में माल्यार्पण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में महासभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वीर शिरोमणि राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। महासभा की ओर से हनुमान मूर्ति, लाइनपार, लाकड़ी फाजलपुर, रतनपुर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। उनके जीवन आदर्शों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी गुलामी स्वीकार नहीं की। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। जननी, जन्मभूमि के लिए किया गया उनका त्याग सदैव अविस्मरणीय रहेगा। आज का युवा महाराणा प्रताप के पदचिह्नों पर चलकर देशभक्ति और राष्ट्र की आन बान शान के लिए मर मिटने को तैयार है। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री राज्य गो सेवा आयोग राहुल सिंह, उत्तर प्रदेश के प्रभारी सौरभ सिंह, नवतप बिल्डर्स के सीएमडी नवनीत सिंह, हरपाल सिंह, डा. एके सिंह, डा. राजेश सिंह, जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, महानगर अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे। इसके पहले गांधी मैदान, बुद्धि विहार, लाइनपार मझोला, कटघर, कांठ रोड व अन्य जगहों से रैलियां निकाल कर महाराणा प्रताप अमर रहे, क्षत्रिय एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए सभी लोग महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। प्रदेश प्रभारी सौरभ ठाकुर व रंजीत सिंह ने पगड़ी पहनाकर सबका सम्मान किया। सेवा भाव से सभी को मिष्ठान वितरित कर जलपान कराया गया। मुख्य अतिथि ठाकुर राहुल सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन को याद कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। इस दौरान पूनम चौहान, शशि चौहान, उदय भान सिंह, राजकुमार चौहान, कशिश चौहान, हृदयेश सिंह, जेपी सिंह, अमित सिंह, नीटू चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी।

महाराणा प्रताप चौक पर माल्यार्पण करने पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह।

महाराणा प्रताप के जयकारे लगाते क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण करते सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारी।

वहीं इसी क्रम में चौधरी चरण सिंह चौक से फव्वारा चौक तक विशाल रैली निकाली गई। रैली में शामिल लोगों ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली में शामिल अतिथियों और क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप चौक पहुंचकर वीर योद्धा महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति एवं सामाजिक एकता का माहौल रहा। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप ने स्वाभिमान, वीरता और मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कभी भी अन्याय और गुलामी के सामने सिर नहीं झुकाया तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। रैली में और माल्यार्पण करने वालों में अमित चौधरी, वरुण ठाकुर, प्रशांत, विशाल, मोहित ठाकुर, विजेंद्र सिंह, विशाल सिंह, आकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

अलग-अलग जगहों से निकलीं रैलियां

मुरादाबाद, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती पर अलग-अलग रैली निकाली गई। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान एवं त्याग को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। हनुमान मूर्ति स्थल से निकली रैली रोडवेज बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन से होते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुंची। इसका नेतृत्व वंश चौहान, जोगेंद्र चौहान एवं राधे ठाकुर ने किया। दूसरी रैली रतनपुर कला से कुलदीप ठाकुर व राजीव ठाकुर के नेतृत्व में निकली। जो पाकबड़ा, गागन एवं पार्श्वनाथ प्लाजा से होती हुई महाराणा प्रताप चौक पहुंची। वहीं तीसरा विशाल जुलूस लाकड़ी फाजलपुर से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचा। महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन महासभा के जिलाध्यक्ष ठाकुर रंजीत सिंह ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह, राहुल सिंह, दिनेश ठाकुर, अनुराग सिंह रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम की ऐसी प्रेरणा है, जो युवा पीढ़ी को सदैव अपने धर्म, संस्कृति और देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती रहेगी। इस दौरान महेंद्र सिंह उर्फ बब्बू, शिव कुमार सिंह एडवोकेट, नीटू चौहान, ठाकुर राहुल सिंह, नरेश चौहान, देवेंद्र सिंह, मुकेश सिसोदिया, सौरभ ठाकुर, जेपी सिंह, संदीप चौहान, धवल दीक्षित, प्रदीप सक्सेना, राजकुमार, ठाकुर ओमवीर सिंह, अखिल प्रताप सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अरुण प्रताप सिंह मौजूद रहे।

ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, भाई गंभीर घायल

संवाददाता, बिलासपुर

- बिलासपुर में गांव बेगमाबाद में शनिवार को हुआ दर्दनाक हादसा

अमृत विचार: क्षेत्र के गांव बेगमाबाद में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसका तहेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। दोनों ट्रैक्टर की सर्विस कराने जा रहे थे।

मृतक रमन।

घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे गांव बेगमाबाद में पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार के फार्म हाउस के पास हुई। खजुरिया थाने के खंडिया गांव निवासी रमन कुमार (20) अपने ट्रैक्टर की सर्विस कराने बेगमाबाद जा रहे थे। ट्रैक्टर रमन चला रहे थे और उनके तहेरे भाई विक्रांत (20) साथ बैठे थे। बरार फार्म से पहले अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। दोनों भाई ट्रैक्टर के नीचे दब गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने हादसा देखकर शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोग एकत्र हुए और दोनों को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी गई, जो घटनास्थल पर पहुंच गए। रमन की मौके पर ही मौत हो चुकी थी और परिजन उसके शव को अपने साथ घर ले गए। गंभीर रूप से घायल विक्रांत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

मृतक के पिता हरविंदर भानु प्रताप, मनोहर लाल और आदेश कुमार ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिवार अब शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा है। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने दुर्घटना की पुष्टि की है। उन्होंने भी बताया कि परिजनों ने इस घटना को एक अनहोनी मानते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने से मनाकर दिया है।

हादसे में बिजली मैकेनिक की मौत

मिलक, अमृत विचार: बिलासपुर मार्ग पर शुक्रवार रात हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय बिजली मैकेनिक विजय गंगवार की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। मोहल्ला नसीराबाद निवासी विजय गंगवार उर्फ भूरा बिजली मैकेनिक थे। वह वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए बिजली फिटिंग का काम करता था शुक्रवार रात करीब 10 बजे विजय गंगवार बाइक से ससुराल से मिलक वापस लौट रहा था। मिलक-बिलासपुर मार्ग पर ग्राम गंगापुर के पास वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, शिनाख्त के बाद विजय के परिजनों को सूचित किया। विजय गंगवार उर्फ भूरा अपने चार भाइयों में सबसे छोटे थे। मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। पीछे पत्नी, चार साल का बेटा और डेढ़ साल की मासूम बेटी है।

मंडी में तीन दिन से बिजली आपूर्ति ठप, कारोबार प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडी समिति की लचर बिजली व्यवस्था पर मंडी के आढ़तियों में रोष

अमृत विचार : तीन दिन पहले तेज आंधी के साथ आई बारिश के बाद नवीन फल एवं सब्जी मंडी समिति की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। पिछले तीन दिनों से मंडी परिसर में बिजली आपूर्ति बंद पड़ी है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। बिजली न होने से आढ़तियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं मंडी परिसर में टूटे पोल और खुले तार हादसे का खतरा भी बढ़ा रहे हैं।

मंडी के फल आढ़ती कमल कुमार ने बताया कि बताया कि तीन दिन पहले आई तेज आंधी के दौरान मंडी परिसर की विद्युत लाइन को भारी नुकसान पहुंचा था। कई बिजली के पोल गिर गए, जबकि तार टूटकर जमीन और बारिश के पानी से भरे गड्ढों में जा गिरे। मंडी में रोजाना बड़ी संख्या में किसान और व्यापारी फल एवं सब्जियों की खरीद-फरोख्त के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण अधिकांश कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी इलेक्ट्रॉनिक कांटों को लेकर सामने आ रही है। आढ़तियों का कहना है कि बिजली न होने से कांटे चार्ज नहीं हो पा रहे हैं, जिससे फल और सब्जियों की तौल व्यवस्था बाधित हो रही है।

मंडी समिति में गिरा बिजली का पोल।

व्यापारियों का आरोप है कि समस्या को लेकर कई बार मंडी प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। मंडी आढ़तियों ने मंडी सचिव से मिलकर जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की।

आंधी से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय स्तर पर व्यवस्था ठीक कराने का प्रयास किया गया था, लेकिन नुकसान ज्यादा होने के कारण मंडी समिति के विद्युत यांत्रिक विभाग बरेली को सूचना दे दी गई है। मंडी परिसर की पूरी बिजली लाइन बदली जाएगी। -संजीव कुमार, सचिव नवीन फल सब्जी मंडी

तीन दिन से कोई काम नहीं हो पाया। किसान का माल आढ़त पर पड़ा है, तौल नहीं हो पा रही है। कई बार मंडी सचिव से मामले को लेकर वार्ता की गई, लेकिन कोई सुधार नहीं किया गया। -पीयूष उर्फ हैप्पी, आढ़ती

जबसे बिजली आपूर्ति व्यवस्था ठप हुई है तब से रात को मंडी में ही सोना पड़ रहा है। आढ़त पर लाखों का माल पड़ा है। सुबह से शाम तक कोई कारोबार नहीं हो पा रहा है। -फरमान, आढ़ती

सुविधा

राष्ट्रीय लोक अदालत का मंच न्याय को आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है : जनपद न्यायाधीश

सुलह-समझौते से निपटे दो लाख 19 हजार 331 मामले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लोक अदालत में निस्तारित मामलों का निर्णय अंतिम
- इनके खिलाफ अपील का कोई प्रावधान नहीं उपलब्ध

अमृत विचार : इस साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में लगी। इसमें दो लाख 19 हजार 331 मामले आपसी सुलह समझौते से निस्तारित कराए गए। जिसमें न्यायालयों द्वारा 23580, प्रशासन द्वारा 1,95,751, बैंक और बीएसएनएल द्वारा 596 मामले सहित कुल दो लाख 19 हजार 331 मामलों का निपटारा किया गया।

जनपद न्यायालय में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश सैयद माऊज बिन आसिम ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुनित चन्द्रा, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी संजय कुमार, पीठासीन अधिकारी लारा जैगमउद्दीन, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत घनेन्द्र कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, बैंकों के पदाधिकारी और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जनपद न्यायाधीश सैयद माऊज बिन आसिम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मंच न्याय को आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। इससे आम लोगों को न्याय मिलने में सुविधा होती है।

जिला न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में वादकारियों की लंबी कतारें दिखीं। बैंक ऋण से जुड़े मामलों, यातायात चालान और बिजली बिल बकाया के मामलों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोक अदालत में लंबी कानूनी प्रक्रिया के बिना समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण होने से वादकारियों का समय और धन दोनों बचता है। न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों के निर्णय अंतिम होते हैं और इनके खिलाफ अपील का कोई प्रावधान नहीं होता है।

लोक अदालत में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के तैयार हस्तशिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाने के साथ विक्रय भी किया गया। इसके अलावा लोक अदालत परिसर में एक जनपद एक उत्पाद व एक जनपद एक पकवान की प्रदर्शनी लगाई गई। प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के 13 हजार 182 शमन योग्य वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें एक लाख 88 हजार 905 रुपये अर्थदंड लगाया गया। वैवाहिक एवं भरण पोषण संबंधी 265 मामलों का निस्तारण परिवार न्यायालय व अपर परिवार न्यायालय द्वारा आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया। उत्तराधिकार का एक मामला निस्तारित कर 45 लाख 74 हजार 182 रुपये के प्रमाण-पत्र जारी किए गए। लघु प्रकृति के मामले जैसे लेबर एक्ट, मोटर वाहन अधिनियम आदि से संबंधित मामलों का भी निस्तारण किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर से संबंधित कुल 38 मामले निस्तारित कर पीड़ितों व उनके परिवार वालों को तीन करोड़ नौ लाख 78 हजार रुपये देने के आदेश दिए गए। विभिन्न बैंकों के ऋण संबंधी कुल 596 मामलों का निस्तारण कर तीन करोड़ 62 लाख छह हजार 45 रुपये की वसूली की गयी।

राष्ट्रीय लोक अदालत में मौजूद न्यायाधीश। • अमृत विचार

प्रवेश प्रारंभ सत्र - 2026-27
LL.B.
यूनिक कॉलेज ऑफ लॉ
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद एवं बार काउन्सिल ऑफ इंडिया से सम्बद्ध
सत्र 2026-27 में नए प्रवेश कॉलेज में रजिस्ट्रेशन द्वारा किये जायेंगे
पता:- CNG पेट्रोल पम्प के सामने निकट चौधरपुर दिल्ली रोड, मुरादाबाद उ. प्र. - 244102
मो. - 9760161756, 9997061170, Email-uclaw@rediffmail.com

न्यूज ब्रीफ

प्रेमी युगल ने जीती प्यार की जंग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला निवासी युवती का प्रेम प्रसंग काफी समय से ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग स्थित कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ चल रहा था। युवती के परिजनों ने युवती की शादी दूसरे युवक के साथ तय कर दी। इस दौरान युवती खामोश रही। शादी के करीब 72 घंटे पहले ही युवती ने अपने प्रेमी युवक से शादी करने का फैसला कर लिया और शादी को लेकर प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंच गई। जहां युवती ने अपने प्रेमी के साथ ही शादी करने की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने युवती और प्रेमी युवक के परिजनों को कोतवाली बुलाया। जहां पर पूर्व प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी युगल के परिजन दोनों का निकाह करने पर राजी हो गए। पुलिस ने प्रेमी युगल के बयान दर्ज कर उनके परिजनों के साथ भेज दिया। आखिरकार प्रेमी युगल ने प्यार की जंग जीत ली है।

एक भी समस्या का निस्तारण नहीं

डिलारी, अमृत विचार : शनिवार को थाना डिलारी परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की टीम ने फरियादियों की समस्यायां को सुना। थाना समाधान दिवस में भूमि संबंधित समस्याएं लेकर फरियादी पहुंचे थे, लेकिन किसी भी समस्या का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज मनाई महाराणा प्रताप जयंती

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा भारत के तत्वाधान में आयोजित किए गए कार्यक्रम, विशिष्ट अतिथि ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए किया प्रेरित

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर के बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ में वीर शिरोमणि महानायक महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती शौर्य दिवस के रूप में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा भारत के तत्वाधान में मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित क्षत्रिय समाज के लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इंद्रदेव सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और क्षत्रिय समाज को उनके बताएं रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप भारत के राष्ट्र नायक हैं। हम सभी समाज एवं देशभक्त लोगों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नोएडा से एनपी सिंह ने महाराणा प्रताप के बारे में बहुत सी जानकारी क्षत्रिय समाज के लोगों को दी और कहा कि समाज में फैली नशा प्रवृत्ति पर चिंता है, इसलिए सब की जिम्मेदारी है कि युवाओं को नशे से बचाया जाए और शिक्षा पर जोर दिया जाए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राजपाल सिंह चौहान ने क्षत्रिय समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

अतिथियों का स्वागत करते क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप पर क्षत्रिय समाज को गर्व है। भारत के सभी क्षत्रिय राजपूत एक जो ठोकर देश और समाज की रक्षा के लिए तैयार रहे और अपने मतभेदों को बुलाकर एकजुट रहे हैं। इस अवसर पर अनिल चौहान ने यूजीसी एक्ट और आरक्षण का विरोध किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, रणजीत सिंह जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, वीरेंद्र सिंह चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने क्षत्रिय समाज के लोगों से आवाहन किया कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और बच्चों को अच्छे संस्कारी बनाएं। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष सचिन चौहान उर्फ बंटी, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, डॉक्टर अशोक चौहान, सावित्री देवी, मधु चौहान, सुशील चौहान, सुरेश चौहान प्रबंधन बिहारी कॉलेज, विनीत चौहान, राजीव चौहान, आदेश कुमार उर्फ बंटी चौहान, दिनेश कुमार उर्फ बबली चौहान, मा. भूपाल सिंह चौहान, मा. सुनील कुमार चौहान, योगेश्वर चौहान आदि उपस्थित रहे।

रामलीला ग्राउंड से कस्बे के सभी मार्गों पर निकाली शोभायात्रा

डिलारी, अमृत विचार : कस्बा डिलारी में क्षत्रिय समाज के लोगों ने धूमधाम के साथ महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। शनिवार को पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल चौहान के नेतृत्व में जयंती के अवसर पर परंपरागत तरीके से जुलूस निकाला गया। भव्य शोभा यात्रा रामलीला ग्राउंड से कस्बे के सभी मार्गों पर धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में कस्बे की महिलाओं और पुरुषों ने पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया। सर्वोदय इंटर कॉलेज डिलारी में महाराणा प्रताप के चित्र पर तलवार रख कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर हरपाल सिंह ठाकुर, रमेश कुमार ठाकुर, नरेश कुमार ठाकुर, मगन सिंह ठाकुर, हरिओम सिंह, सत्यभान सिंह, वीरपाल, मनोज कुमार, दिगंबर सिंह आदि मौजूद रहे। शोभायात्रा को पुलिस ने शांतिपूर्वक संपन्न कराया।

भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर किया माल्यार्पण

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : क्षेत्र मे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करते हुए शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम में जगह-जगह महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया गया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान एवं लक्ष्य कॉलेज के चेयरमैन डॉ अमित चौहान के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा रामूवाला गणेश, ठाकुरद्वारा नगर, रतूपुरा, करनपुर और डिलारी तक पहुंची।

इस दौरान गांव रामूवाला गणेश, दुल्हापुर पट्टी जाट तथा सर्वोदय इंटर कॉलेज डिलारी में महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर राजपाल सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप ने राजपूत गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और जीवनभर किसी भी प्रकार की गुलामी स्वीकार नहीं की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने मुगल सम्राट अकबर के सामने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए पूरी दुनिया को स्वाभिमान का संदेश दिया। वहीं डॉ अमित चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप ने महलों का सुख छोड़कर जंगलों में रहना स्वीकार किया और घास की रोटियां खाईं, लेकिन अपने स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में भी सिद्धांतों पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उधर बाजार गंज स्थित सपना साड़ी संसार पर भी व्यापारियों ने महाराणा प्रताप जयंती मनाई और उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान नरेंद्र पाल सिंह, गौरव वर्मा सहित कई भाजपाई मौजूद रहे।

वीर शिरोमणि, राष्ट्र गौरव एवं मातृभूमि के महान योद्धा हिंदू हृदय सम्राट को किया याद

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में ग्राम हाथीपुर चंदू में प्रत्यक वर्ष की भांति वीर शिरोमणि, राष्ट्र गौरव एवं मातृभूमि के महान योद्धा हिंदू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती हर्ष एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मंगल सेन सैनी, अध्यक्ष नगर पंचायत, महमूदपुर माफी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रमेश सिंह विभाग संगठन मंत्री भारतीय किसान संघ, कुलदीप सिंह ब्लॉक अध्यक्ष भारतीय किसान संघ, पुष्पेंद्र सिंह जी भारतीय किसान संघ, पुष्पेंद्र सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तेजभान सिंह ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में श्री लक्ष्य दीप सिंह के द्वारा महाराणा प्रताप के अद्वितीय साहस, त्याग, स्वाभिमान एवं देशभक्ति को याद करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की अमर मिसाल है। समारोह के दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही देशभक्ति गीत, कविताएं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में यशवीर सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष राजू सिंह, कार्यक्रम सचिव, जगपाल सिंह कार्यक्रम संयोजक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही सतपाल सिंह ठाकुर, रवि कुमार ठाकुर, कृष्ण पाल सिंह ठाकुर, वेदपाल सिंह ठाकुर, पृथी सिंह ठाकुर, समीर ठाकुर, राजीव ठाकुर, हरबंस सिंह सैनी, सूरजपाल सिंह सैनी, भयराज सिंह कश्यप, ब्रजेश कश्यप, लालमन कश्यप, अर्जुन सिंह वाल्मीकि एवं सर्वसमाज के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी, कोतवाली मैनाठेर किरन पाल सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ कार्यक्रम स्थल पर तैनात रहे व कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों आदि लोग मौजूद रहे।

बिलारी टोल प्लाजा प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बिलारी टोल प्लाजा पर किसानों के साथ कथित अभद्रता और किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

संगठन के नेताओं ने शनिवार को आंबेडकर पार्क में आयोजित महापंचायत में बिलारी पुलिस पर आरोप लगाया है कि आठ मई को बिलारी टोल प्लाजा पर संभल के जिलाध्यक्ष को टोल कर्मियों द्वारा बातचीत के लिए बुलाया गया था। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। किसानों का कहना है कि उन्होंने केवल टोल कर्मियों से आम लोगों और किसानों के साथ शालीन व्यवहार करने की बात कही थी।

भारतीय किसान यूनिन महात्मा टिकैत की सभा को संबोधित करते किसान नेता।

आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर टोल कर्मचारियों ने किसानों के साथ अभद्रता और हाथापाई की। बाद में मौके पर पुलिस को बुला लिया गया। किसान नेताओं का कहना है कि पुलिस किसानों को बातचीत और समझौते का भरोसा देकर थाने ले गई, जहां उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया कि इसके बाद जिलाध्यक्ष सहित करीब 24 से 25 किसानों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। संगठन का यह भी आरोप है कि देर रात किसानों को पुलिस लाइन से निकालकर जंगल क्षेत्र में ले जाया गया और वहां कथित रूप से वीडियो बनाकर साक्ष्य तैयार किए गए।

- भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट के पदाधिकारी ने डीआईजी को सौंपा ज्ञापन

किसान नेताओं ने पूरे मामले में पुलिस प्रशासन पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि किसान संगठनों की आवाज दबाने और आंदोलन को कमजोर करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। ज्ञापन में डीआईजी से मांग की गई कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही जिन टोल कर्मियों और पुलिस अधिकारियों ने कथित रूप से गलत कार्रवाई की है, उनके खिलाफ भी कठोर कदम उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक रणवीर सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवेश कुमार, जिला अध्यक्ष अमित त्यागी, जसपाल फौजी, सुशील चौधरी समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्षेत्र के विकास के लिए सड़कों का नेटवर्क जरूरी

मुरादाबाद, अमृत विचार: कुंदरकी विधानसभा के ग्राम पंचायत रनियाठेर से 6 करोड़ 76 लाख की विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन व शिलान्यास मंत्रोच्चार के साथ विधायक रामवीर सिंह ने किया। इसमें ग्राम रनियाठेर में श्मशान घाट निर्माण लागत 24.5 लाख, ग्राम लालपुर तितरी में उत्सव मंडप (बारात घर) निर्माण लागत 141 लाख, ग्राम पंचायत गदईखेड़ा से हरपाल नगर तक सड़क मार्ग निर्माण लंबाई 1.75 किमी लागत 301.19 लाख एवं ग्राम पंचायत गदईखेड़ा से रनियाठेर संपर्क मार्ग पर बॉक्स कल्वर्ट एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण (पुलिया निर्माण) लागत 210 लाख शामिल हैं। इस अवसर पर मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, रविंद्रपाल सिंह, सरवर अली के अलावा कई ग्राम प्रधान व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

खेत में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के बलदेवपुरी से कल्याणपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित चुकंदर के खेत में युवक का शव पड़ा मिला। मौके पर ग्रामीण और राहगीर जुट गए। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

कटघर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को बलदेवपुरी निवासी नरेश के चुकंदर के खेत में लोगों ने युवक का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तत्काल मामले की सूचना गांव के चौकीदार को दी। इसके बाद कटघर थाना पुलिस और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के

- शव मिलने की सूचना पर आला अफसर मौके पर पहुंचे
- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। साथ ही मृतक की पहचान कराने के प्रयास भी लगातार जारी हैं। -**कुमार रणविजय सिंह**, एसपी सिटी

लोगों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। युवक की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महिला से परेशान ग्रामीणों ने एसएसपी से लगाई गुहार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लानगर के दर्जनों ग्रामीणों ने गांव की एक महिला के खिलाफ सामूहिक शिकायत पत्र देकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से है। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला की गतिविधियों के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है और लोग भय व तनाव के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि गांव निवासी महिला ने अपने पूर्व पति के मकान पर कब्जा करने, बाहरी लोगों का आना-जाना बढ़ाने तथा गांव के लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

पालिका अध्यक्ष पर रंगदारी मांगने की एक और रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। व्यापारी से 50 लाख रुपये की कथित रंगदारी मांगने के मामले के बाद अब एक अधिवक्ता ने भी पालिका अध्यक्ष पर प्लॉट का नक्शा पास कराने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला चलित्रदाल, डॉक्टर ताहिर रोड निवासी अधिवक्ता मुमताज आलम सैफी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने प्लॉट का नक्शा पास कराने के लिए नगर पालिका परिषद में नियमानुसार 24,050 रुपये की सरकारी फीस 6 जून 2023 को जमा की थी। इसके बावजूद उनका नक्शा पास नहीं किया गया। पीड़ित अधिवक्ता का आरोप है कि जब वह इस संबंध में पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी से मिले तो उनसे कथित रूप से मदद के बदले पांच लाख रुपये की मांग की गई। आरोप है कि रकम न देने पर निर्माण कार्य ध्वस्त कराने की धमकी भी दी गई। मामले को लेकर नगर में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। इससे पहले भी पालिका अध्यक्ष पर एक व्यापारी द्वारा भारी रकम की रंगदारी मांगने के आरोप लगाए जा चुके हैं। लगातार सामने आ रहे आरोपों के बाद नगर की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार देर रात पालिका अध्यक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में तथ्यों की पुष्टि होने पर आगे कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मदर्स डे पर आयोजित किया कार्यक्रम

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय क्षेत्रों की महिलाओं ने मदर्स डे पर बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया। विद्यालय द्वारा मदर्स डे के उपलक्ष में मदर पोस्टर मेकिंग, मदर डे निबंध लेखन, मदर डे कार्ड मेकिंग एवं मदर डे कविता लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं में प्रतिभा किया। मदर्स डे के अवसर पर कान्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में विद्यालय क्षेत्र से आई महिलाओं ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया। जिसमें मदर ऑफ दि डे मीनू रही। प्रतियोगिताओं में टावर मेकिंग में आसरा अंजुम प्रथम एवं मेक ए स्टिक में निषात परवीन एवं नरगिस तथा कलेक्ट वीड्स में तबस्सुम, मुनेश एवं फौजिया प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी, अक्षिता बिश्नोई एवं सुफिया नदीम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

इस अवसर पर प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई जी ने उपस्थित सभी महिलाओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।साथ ही मदर्स डे पर प्रधानाचार्या ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मां-वह धागा है जो पूरे परिवार को जोड़कर रखती है और मां का प्यार शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। साथ ही प्रधानाचार्य ने बताया कि भगवान हर जगह नहीं हो सकते इसलिए उन्होंने मां बनाई है और मां के बिना जिंदगी अधूरी है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

नशा तस्कर को छोड़ने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर और देहात क्षेत्र में बढ़ते नशा कारोबार के बीच कोतवाली पुलिस का एक कारनामा सामने आया है। पुलिस पर एक नशा कारोबारी को सुविधा शुल्क लेकर बिना कोई कानूनी कार्रवाई किए छोड़ने का गंभीर आरोप लगा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला में पुलिस ने नशेड़ी युवक को गांजा के साथ पकड़ा और उससे पूछताछ की। नशेड़ी ने एक युवक का नाम बताया जो इस क्षेत्र में नशे का कारोबार करता है। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और उसी नशेड़ी के जरिए कारोबारी को ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग पर गांजा बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी को थाने लाने के बजाय पुलिस उसे एक गुप्त स्थान पर ले गई, जहां उसने कथित तौर पर मोटी रकम की वसूली कर बिना रिपोर्ट दर्ज किए तस्कर को छोड़ दिया। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के कारण ही नशा कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस यदि चाहे तो नशा तस्करों पर शिकंजा कस सकती है, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

- ग्रामीणों में रोष, कोतवाली पुलिस पर मिलीभगत का लगाया आरोप

भीषण गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मौसम परिवर्तन के दौरान दो-चार दिन हल्की बूंदाबांदी के चलते मौसम सुहाना हो गया। इसी के चलते शनिवार को फिर मौसम ने करवट ली। और भयंकर गर्मी व तपिश बढ़ने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। दिन प्रतिदिन सूर्य देव अपने सख्त तेवर दिखाने लगे हैं।

गर्मी के चलते पसीने में तरवतर हैं। दोपहर में लू के थपेड़े बुरी तरह क्षेत्र के नागरिकों को घर में कैद करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। गर्मी के कारण मनुष्य का जीवन तो अस्त व्यस्त है वहीं पशु पक्षी भी परेशान है। चिलचिलाती गर्मी के चलते लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी के कारण कूलर पंखे ऐसी भी गर्म हवा फेंकने लगे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक मजदूर वर्ग के लोगों को उठानी पड़ रही है। न तो मजदूरी मिल रही है और नहीं इतनी गर्मी में मेहनत का काम हो पा रहा है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

मदर्स-डे आज : बच्चों की दिनचर्या में अनुशासन बनाए रखने में माताओं ने निभाई अहम भूमिका, अधिक मोबाइल प्रयोग पर रखी बंदिश

माताओं की मेहनत और लगन से बोर्ड परीक्षाओं में बच्चे बने टॉपर

रामपुर, सुहैल जैदी

अमृत विचार : सीबीएसई और यूपी बोर्ड के रामपुर के जिला टॉपरों की माताओं ने उनको सींचा और बच्चों की परीक्षा में कंधे से कंधा मिलाकर उनकी साथ दिया। माताओं के लिए ये किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं रहा। माताओं ने बच्चों को इस काबिल बनाया कि वह जिले में टॉपर बने और अपने मां-बाप के साथ स्कूल का नाम रोशन किया। बच्चों की दिनचर्या में अनुशासन बनाए रखने में मां की अहम भूमिका रही। स्टडी से लेकर रात को समय से सोने और समय से जगाने के लिए मां ने पूरी जिम्मेदारी ड्यूटी निभाई। बच्चे को क्या पसंद है और क्या नापसंद है इस बात का भी ख्याल रखा। माताओं ने रात-रात भर जागकर उन्हें टॉपर बनाया। घरेलू काम काज से दूर रखा और पढ़ाई पर फोकस किया। हर मां-बाप अपने बच्चे को बेहद ख्याल रखते हैं। जिले की टॉप टेन में शामिल माताओं ने अपनी परीक्षा देकर अपने बच्चों को कामयाब बनाया। बच्चों को मोबाइल से दूर रखा और तरीके से पढ़ने पर जोर दिया। ज्यादातर टॉपर्स ने कोचिंग के बजाय अपनी मां की मदद से सेल्फ-स्टडी और किताबों पर भरोसा किया। माताओं ने परीक्षा के दौरान बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया और तनाव को कम किया। नतीजा सबके सामने है कि एक मां न केवल भावनात्मक सहारा, बल्कि शिक्षा में भी सबसे बड़ी शिक्षक और मार्गदर्शक बन सकती है। टॉपर्स भी माताओं की भूमिका को अहम मानती है। अमृत विचार ने मदर्स डे पर टॉपर्स बच्चों की मातओं से बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश...।

अर्श फातिमा 12वीं यूपी बोर्ड की जिले की चौथी टॉपर रही। पढ़ाई के लिए मैंने भी अपना दिन रात एक कर दिया। उससे घर का कोई काम नहीं कराया और हमेशा कहती थी बेटी पढ़ लो। रात को जल्दी सुला देती थी और सुबह 4 बजे पढ़ने के लिए उठा देती थी। शादी ब्याह से उसे दूर रखा। **– नाजिया बी**

मंतशा यूपी बोर्ड 12वीं जिले में दूसरे नंबर पर रही। नाश्ते-खाने से लेकर रात सोने से लेकर जागने का शेड्यूल बनाया। हमेशा बेटी की फिक्र लगी रहती थी कि वह अच्छे नंबरों से पास हो जाए। उससे घर के काम नहीं कराए और मोबाइल से दूर रखा। **– शबाना**

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए समीक्षा का हाईस्कूल था और उसे पढ़ने के लिए रात को जल्दी सुलाया। सुबह भोर में उठाने की जिम्मेदारी थी। उसके बाद उसे नाश्ता बनाकर देती उसे मोबाइल से हमेशा दूर रखा। उसने 93 .67 प्रतिशत अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान पाया। बच्चे ही उनका सपना हैं। **– वीरवती**

यूपी बोर्ड हाईस्कूल की द्वितीय जिला टॉपर सेजल को घरेलू काम से दूर रखा और उससे हमेशा कहा इंटर है पढ़ाई में मेहनत कर लो। सेजल को रात 10 बजे सुला देती थी और भोर में उठाकर पढ़ने के लिए बैठा देती थी। मोबाइल से दूर रखा और पढ़ाई के साथ सेजल को अच्छे संस्कार भी दिए हैं। **– जयंता देवी**

यूपी बोर्ड हाईस्कूल में दीक्षा जिले की तीसरी टॉपर रही। उसको हमेशा पढ़ने के लिए प्रेरित किया और उससे घरेलू काम नहीं कराया। मोबाइल से दूर रखा और हमेशा किताबों से पढ़ाई करने के लिए कहा। सुबह 5 बजे उठा देती थी और 6 :30 बजे नाश्ता और फिर स्कूल जाने की तैयारी कराती थी। **– पुष्पा देवी**

सीबीएसई हाईस्कूल की जिला टॉपर श्रीसिंह को पढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रही और उसको रोजाना करीब 4 से 5 घंटे पढ़ाती थी घरेलू काम काज नहीं करने दिया। उसी का परिणाम है कि श्रीसिंह ने सीबीएसई में जिला टॉप किया है। उसे सुबह 4 बजे पढ़ने के लिए उठा देती थी। **– प्रियंका सिंह**

सीबीएसई हाईसकूल के शौर्य चौहान ने जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। शौर्य को रात को 11 बजे तक सुला देती थी। सुबह 6 :15 बजे नाश्ता देती थी और मोबाइल से दूर रखा और सेल्फ स्टडी कराई जिससे उसने 98 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने हमेशा बेटे की शिक्षा पर ध्यान दिया। **– ममता चौहान**

कनिष्का ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल में जिले प्रथम स्थान पाया है। कनिष्का के दूसरे स्थान पर आने में उसकी और उसके गुरुजनों की मेहनत है। मैंने तो उसे समय से सुला दिया और भोर में जगा दिया। समय से खाना और नाश्ता देती रही। शिक्षा के लिए कभी कोई दबाव नहीं बनाया **– राम स्नेही।**

शहरीन की यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा जिले की तीसरी टॉपर रही। परीक्षा के दौरान चैन से नहीं सोई। हमेशा शहरीन की पढ़ाई में कोई खलल नहीं पड़े इसी का ध्यान रखा। उससे घर का कभी कोई काम नहीं कराया और किताबों से सेल्फ स्टडी की और अच्छे नंबरों से पास हो गई। **– खुशनुमा**

स्कूल-कॉलेजों में धूमधाम से मनाया गया मदर्स-डे

माताओं के चरण छूकर बच्चों ने लिया आशीर्वाद, स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दयावती मोदी एकेडमी में मदर्स-डे के उपलक्ष में शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम हुए। डीएमए वाटिका प्ले वे की ओर से नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्रों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के लिए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने लघु नाटक के माध्यम से मां के त्याग, समर्पण और परिवार में उनकी भूमिका को दर्शाया, जिसे देखकर अभिभावक भावुक हो गए। विशेष प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का दिल जीत लिया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम के अंत में तमाम माताओं ने भी स्टेज पर पहुंचकर बच्चों के साथ नृत्य किया। प्रधानाध्यापिका प्रीति भाटिया ने कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षिका होती है। हर किसी के जीवन में मां की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम का संचालन गीता ने किया।

डीएमए में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चों। ● अमृत विचार

माँ का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा

रामपुर, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में मातृ दिवस को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता, नृत्य एवं भाषण प्रस्तुत कर माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त किया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रभारी अध्यापिका शबनम आरा ने कहा कि माँ का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है और हमें सदैव उनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान निदा खान, नंदकिशोर, आराधना सक्सेना सहित बच्चों के अभिभावक नाजमा, खतीजा, चुन्नी, फैज बी, भूरी, अफसरी, फरजाना और शबाना आदि मौजूद रहीं।

प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में बताई मदर्स डे की महत्ता

रामपुर, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में मदर्स डे सेलिब्रेशन किया। बच्चों के द्वारा बहुत ही सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया गया। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने सभी बच्चों को मदर्स-डे के बारे में बताया। फिर सभी माताओं को शुभकामनाएं दी। कुछ माताओं के समक्ष उनके बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की प्रस्तुति भी करवाई गई। माताओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई, जिनमें की सभी माताओं ने खूब बढ़-चढ़के हिस्सा लिया। उन सभी माता को भी सम्मानित किया। सभी बच्चों ने अपनी अपनी माता को देने के लिए बहुत ही सुंदर-सुंदर कार्ड भी बनाएं। इस दौरान विक्रम कुमार, निदा खान, लखविंदर कौर, तहरीमा, सरीना, शगुफ्ता, विनीता, गुड्डी, तबस्सुम आदि मौजूद रहे।

माडल प्राथमिक विद्यालय में मनाया मातृ दिवस

बिलासपुर, अमृत विचार : शनिवार को गांव मुल्लाखेड़ा स्थित माडल प्राथमिक विद्यालय में मातृ दिवस का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। साथ ही बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। वहीं माताओं ने भी विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माताओं के लिए आयोजित की गई विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं रहीं। विद्यालय परिवार द्वारा माताओं के मनोरंजन और सहभागिता के लिए रोचक खेल आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं की विजेता माताओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। एआरपी आकांक्षा गौतम ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेनू सिंह, सृष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलम राणा, गायत्री, कमलेश, क्रांति, सुनहरी, सुषमा अदि स्टाफ शामिल रहा।

फेसबुक लाइव आकर धमकी और अभद्रता का आरोप

मिलक, अमृत विचार : मिलक क्षेत्र निवासी आदेश कुमार शंखधार ने बजरंग दल के कथित नेता सूरज पटेल के खिलाफ थाना मिलक में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि सूरज पटेल ने कई बार फेसबुक लाइव और वीडियो प्रसारण के माध्यम से सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, निराधार आरोप लगाए तथा जान से मारने की धमकियां दीं। आदेश शंखधार का कहना है कि 19 जनवरी, 25 फरवरी और 8 मई 2026 को सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में उनका नाम लेकर ह्लदेख लेनेह और ह्लनिपट लेनेह्न जैसी बातें कही गईं, जिससे उनके परिवार में भय का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन वीडियो के जरिए उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। तहरीर में बताया कि आरोपी पूर्व में थाना केमरी में पुलिस कर्मियों को धमकी देने के मामले में भी नामजद रह चुका है। प्रार्थी ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने और सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर वसूली का आरोप

संवाददाता, बिलासपुर

- प्रति आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर दो सौ रुपये लेने का आशा पर लगाया आरोप

अमृत विचार: सीएचसी पर तैनात एक आशा पर वृद्ध महिला ने आयुष्मान कार्ड बनाने के एवज में 200 रुपये मांगने का आरोप लगाया है। वहीं, चिकित्साधीक्षक द्वारा कार्रवाई के बजाय मामले पर पर्दा डालने में लगे रहे। मोहल्ला बालाजी मंदिर बाजार कलां निवासी अरुण पोखरियाल की माता कमला देवी 70 वर्षीय का आयुष्मान योजना की सूची में नाम है।

शनिवार को सीएचसी में तैनात आशा कार्यकर्ता उनके घर पहुंची। आरोप है कि आशा ने कार्ड बनवाने के बदले सुविधा शुल्क के रूप में 200 रुपये मांगे। पीड़ित महिला के पुत्र ने इस धांधली की शिकायत तत्काल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से की। आरोप है कि अधीक्षक ने कर्मचारी के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाने के बजाय पीड़ित पक्ष को ही टरका दिया और मामले को दबाने की कोशिश में लग गए। जिस पर पीड़िता ने आरोप लगाया कि केंद्र में भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे पात्र गरीब जनता सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हो रही है। इस घटना को लेकर अन्य लोगों ने भी रोष व्यक्त किया। लोगों ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांग की है कि इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी आशा कार्यकर्ता व लापरवाह कार्रवाई की जाएं। चिकित्साधीक्षक डॉ. पदम सिंह का कहना है कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बाल विवाह के खिलाफ जागरूक हुईं बेटियां

- बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम के तहत किया गया आयोजन

रामपुर, अमृत विचार: जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने जिले में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया।

प्राथमिक विद्यालय ज्वालानगर में बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इससे संबंधित कानूनी दंड के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच को लेकर अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इसके अलावा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं विभिन्न टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ज्योति शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

थाना दिवस में दो शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

शाहबाद, अमृत विचार: कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। समाधान दिवस की अध्यक्षता सीओ देवकीनंदन ने की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल चार शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को जांच और कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। सीओ देवकीनंदन ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों का निष्पक्ष एवं समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक जयप्रकाश सिंह आदि लोग रहे।

मुलाकात | लेबनान के राजदूत का नूरमहल में स्वागत, रजा लाइब्रेरी भी पहुंचे

ऐतिहासिक मैत्रीपूर्ण रहे भारत और लेबनान के संबंध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पुस्तकालय में कलाकृतियों का राजदूत ने किया अवलोकन

अमृत विचार: भारत में लेबनान के राजदूत हादी जाबेर ने कहा कि भारत और लेबनान के संबंध 1954 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। इस रिश्ते को और मजबूत बनाने की कोशिश है।

शनिवार को राजदूत के सपरिवार नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने सभी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। लेबनान के राजदूत ने मेहमाननवाजी और शाही दस्तरख्वान के पकवानों की प्रशंसा भी की। लेबनान के राजदूत पूर्व मंत्री के साथ किला पहुंचे और हामिद मंजिल की भव्यता को सराहा और रामपुर के तत्कालीन शासकों द्वारा इस लाइब्रेरी में मौजूद संग्रह को बेशकीमती करार दिया। रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने राजनयिक का स्वागत किया। उन्हें लाइब्रेरी में अरबी संग्रह के बारे में बताया। कई मुद्रित पुस्तके भी भेंट कीं। दोनों देश अच्छे दोस्त हैं। उनका प्रयास है कि भारत और लेबनान का रिश्ता और ज्यादा मजबूत हो। उन्होंने कहा कि रामपुर आकर बहुत अच्छा लगा। भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां भी मौजूद रहे

लेबनान के राजदूत के नूरमहल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवेद मियां ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। ● अमृत विचार

भारत-लेबनान के सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर हुई चर्चा

रजा लाइब्रेरी पहुंचने पर शनिवार को लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र और लेबनान के राजदूत हादी जाबेर के बीच मध्य-पूर्व में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं वहां की समकालीन घटनाओं पर और भारत एवं लेबनान के ऐतिहासिक संबंधों तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के विभिन्न आयामों पर भी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने भविष्य में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने लाइब्रेरी के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। लेबनान के राजदूत ने लाइब्रेरी में संरक्षित दुर्लभ कलाकृतियों तथा अन्य अमूल्य धरोहरों दुर्लभ कलाकृतियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



राजदूत से मिलते डॉ. पुष्कर मिश्र।

आठ दिन के बच्चे का हुआ पोस्टमार्टम

रामपुर, अमृत विचार : पटवाई थाना क्षेत्र स्थित मेट्रो अस्ताल में शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत के बाद 8 दिन के बच्चे की मौत हो गई थी। शनिवार को जिला अस्पताल में बच्चे का पोस्टमार्टम कराया गया। थाना पटवाई के ठिरिया सालेपुर निवासी मनोज कुमार की पत्नी संध्या की 1 मई को ज्योति क्लीनिक पर नोर्मल डिलेवरी से एक बच्चे का जन्म हुआ था। बच्चे की हालत बिगड़ी तो 5 मई को पटवाई के मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में परिजनों ने हंगामा कर अस्पताल में तोड़फोड कर दी थी। मामले में डॉक्टरों की लापरवाही के चलते स्वास्थ विभाग ने दो अस्पताल और एक लैब सील कर दी है। मामले में डॉक्टरों की लापरवाही सामने आ रही है। परिजनों ने पटवाई थाने में तहरीर दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सूचना
एक किता (मूल) आवंटन पत्र सं. - 1465 श्री मति मंजीत कौर पति श्री गुरमीत सिंह के एक में भवन सं. डी-90 अल्प आय वर्ग हिमागरी विकास प्राधिकरण योजना मुरादाबाद जिसका आवंटन दिनांक 20.3.1997 को हुआ था जो कहीं खो गया है, जिसका उपयोग अवैध होगा। उक्त के सम्बन्ध में प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क स्थापित करें। उसके बाद उस सम्बन्ध में कोई विचार नहीं किया जाएगा। शाइस्ता समद पलि श्री सर्फराज 7500469263

सूचना
मेरे हाई स्कूल वर्ष 2000 अनुक्रमांक 0789560 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0176265 के अंक पत्र व प्रमाण पत्र खो गए हैं यशपाल सिंह पुत्र आनंदपाल सिंह केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

हड़ताल के साथ नहीं रहेगी एसोसिएशन

रामपुर, अमृत विचार : रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन ने 20 मई को होने वाली दवा विक्रेताओं की हड़ताल में शामिल होने से इंकार कर दिया है। रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार के अनुरोध पर तथा आम नागरिको के हितार्थ रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन ने 20 मई को होने वाली हड़ताल से दूरी बना ली है। एसोसिएशन से जुड़े सभी सदस्य एवम् पदाधिकारी अपनी अपनी दुकानें खोलेंगे, इसकी जानकारी जनपद के सभी सदस्यों वा पदाधिकारियों को दे दी गई है।

स्वगणना की दी गई जानकारी

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को स्व गणना जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बिजेंद्र सिंह ने se.sensus.gov.in पोर्टल के माध्यम से स्वगणना के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं तथा प्राध्यापकों से आग्रह किया कि सभी स्वयं तथा परिजनों की जानकारी पोर्टल पर भरें तथा परिवेश और समाज के अन्य लोगों को इसके लिए जागरूक करें। संचालन डॉ. राजेश कुमार ने किया।

आंगन में सो रहे युवक के घर से चोरी

मिलक, अमृत विचार : थाना मिलक क्षेत्र के ग्राम शाहदरा में शुक्रवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घर के लोग गर्मी के कारण आंगन में सो रहे थे, तभी अज्ञात चोरों ने कूमल लगाकर घर में घुसकर नकदी समेत लाखों का माल साफ कर दिया। ग्राम शाहदरा निवासी वादी इवले हसन ने पुलिस को तहरीर दी है। उनके मुताबिक रात करीब 2 बजे परिवार के सभी सदस्य घर के आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर दीवार में कूमल लगाकर घर के अंदर दाखिल हो गए। चोर कमरे में रखी नकदी व कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। सुबह जागने पर जब परिजन कमरे में गए तो सामान बिखरा मिला और चोरी का पता चला। पीड़ित परिवार के अनुसार नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी हुए हैं। सूचना पर मिलक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कार्यकर्ताओं की तपस्या से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतिम दिन मौजूद रहे दिग्गज, बताईं भाजपा सरकार की योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान का शनिवार को समापन हो गया। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने अंतिम सत्र में जिले के पदाधिकारियों में जोश भरते हुए कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और संवैधानिक पंथनिरपेक्षता की प्रतिबद्धता ने भाजपा को सुशासन और समावेशी सशक्तिकरण का वैश्विक ब्रांड बनाया है, भाजपा के विस्तार को भारत के विकास के साथ जोड़ा है।

उन्होंने कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के तपस्या की ताकत, परिश्रम के परिणाम ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। बोले कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति का अंत हो गया है, 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार बनेगी और प्रदेश में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की ताकत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को मिल रहे जबरदस्त जनादेश और जन आशीर्वाद ने भाजपा विरोधी चांडाल चौकड़ी को चारों खाने चित किया है। दशकों की साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की सियासत को दरकिनार कर समावेशी सशक्तिकरण के दौर ने सत्तालोलुप साम्प्रदायिक सूरमाओं का सियासी सूपड़ा साफ कर स्पष्ट संदेश दिया है कि साम्प्रदायिक छल नहीं समावेशी बल देश की प्राथमिकता है। प्रजातंत्र को परिवार तंत्र का बंधक बनाने की सनक पश्चिम बंगाल, असम के चुनाव में धराशाई हुई है। आगे उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में भी धूलधूसरित होगी। आज भाजपा और सहयोगी दलों का भारत में 78 प्रतिशत आबादी और 22 राज्यों में सुशासन का ध्वस्त फहरा रहा है, जनता का जनादेश भाजपा के सुशासन के संकल्प और सनातन के सम्मान का परिणाम है। पूरे प्रशिक्षण महाअभियान के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह, अनुशासन, संगठन के प्रति समर्पण एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता विशेष रूप से देखने को मिली।

प्रशिक्षण स्थल पर भारत माता की जय, वंदे मातरम् एवं संगठनात्मक नारों के साथ कार्यकर्ताओं का जोश पूरे समय बना रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ। वर्ग का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर ने किया।

संबोधित करते एमएलसी डॉ. व्यस्त।

संबोधित करते पूर्व मंत्री नकवी।

संबोधित करते बलदेव सिंह औलख।

उत्सव पैलेस में प्रशिक्षण महाअभियान मौजूद महिला पदाधिकारी व अन्य।

महिलाओं का हो रहा उत्थान: औलख

कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख जी ने प्रथम सत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। यह सरकार गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

विचार और संस्कार के आधार पर समाज को जोड़ रहे कार्यकर्ता : जयपाल सिंह व्यस्त

दूसरे सत्र को विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त "विचार परिवार" विषय पर संबोधन दिया। उन्होंने भाजपा एवं राष्ट्रवादी संगठनों की विचारधारा, समाज जीवन में उनके योगदान तथा संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता विचार एवं संस्कार के आधार पर समाज को जोड़ने का कार्य करता है। इस सत्र की अध्यक्षता जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि ने की।

समापन सत्र में ये पदाधिकारी रहे मौजूद

कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायक राजबाला, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजा वर्मा, निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, उप्र महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, बीना भारद्वाज, अभय गुप्ता, सुभाष भटनागर, काशीराम दिवाकर, चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, ब्लॉक प्रमुख हरि बालाजी, अर्चना गंगवार, मोहित सैनी, कुलवंत औलख, युसूफ अली, मोहन कुमार लोधी, हंसराज पप्पू, मोहनलाल सैनी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, रविंद्र सिंह रवि, जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, विकास दीक्षित, विवेक रुहेला, शुभम सक्सेना, राहुल गुप्ता, पारुल अग्रवाल, श्वेता शर्मा, दीपक गुप्ता, प्रमोद आहूजा, भारत भूषण गुप्ता, राजीव मांगलिक, श्रेया मदान, डॉली रंधावा, शुभम राठौड़, सुनील मौर्य, कुंवर बहादुर राजपूत, करतार सिंह लोधी, पूजा शर्मा, अमित दिवाकर, आशीष गुप्ता, कपिल गुप्ता, विक्रम सिंह, अजय सैनी आदि प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

सोशल मीडिया और बूथ स्तर पर मजबूत प्रबंधन को लेकर हुआ मंथन : तृतीय सत्र में रविंद्र सिंह एवं सर्वेश सिंह ने सोशल मीडिया एवं मीडिया विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने वर्तमान समय में डिजिटल माध्यमों की बढ़ती भूमिका, संगठन की नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर सकारात्मक एवं तथ्यात्मक संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री आदरणीय श्री बहादुर सक्सेना जी ने की। चतुर्थ सत्र में पउप्र की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर "व्यावहारिक सत्र" विषय पर संबोधन दिया। उन्होंने संगठनात्मक व्यवहार, जनसंपर्क, कार्यकर्ता संवाद एवं विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन की व्यावहारिक बारीकियों पर विस्तृत मार्गदर्शन किया। पांचवें सत्र को बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन शर्मा "कार्य पद्धति" विषय पर कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय रखने एवं संगठनात्मक योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का मंत्र दिया। समापन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत करेंगे। इस वर्ग के प्रभारी के रूप में बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन शर्मा रहे। मीडिया एवं प्रचार-प्रसार व्यवस्था जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना द्वारा संभाली गई।

उत्सव पैलेस में प्रशिक्षण महाअभियान मौजूद पदाधिकारी। • अमृत विचार

किशोरी लापता, अपहरण का आरोप

• पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की मामले की जांच

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: कोतवाली मिलक क्षेत्र में मां के साथ दवा लेने आई किशोरी तीन बत्ती चौराहे से अचानक लापता हो गई। फोन करने पर अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण की बात कबूलते हुए धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सिंगरा निवासी एक महिला अपनी नाबालिग बेटी को दवा दिलाने मिलक आई थीं। तीन बत्ती चौराहे पर उन्होंने बेटी को पानी पीने के लिए उतारा और खुद दवा लेने चली गईं। जब वह वापस लौटीं तो बेटी वहां नहीं मिली। आसपास काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चला। परेशान मां ने बेटी के मोबाइल पर कॉल किया तो एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाया। आरोप है कि उसने अपना नाम शादाब हसन बताते हुए कहा कि मेरा भाई तुम्हारी लड़की को ले आया है।

अब हम वापस नहीं करेंगे। तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। धमकी सुनकर मां के होश उड़ गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह गरीब महिला हैं और बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका है। उन्होंने पुलिस से तुरंत कार्रवाई कर बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच उप निरीक्षक कुलदीप पुनिया को सौंपी गई है। पुलिस किशोरी की लोकेशन ट्रेस करने के साथ ही आरोपी शादाब हसन की तलाश में जुटी है। तीन बत्ती चौराहे के आसपास के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।

बिलासपुर में ट्रेन की चपेट में आने में युवक की मौत

रामपुर, अमृत विचार: बिलासपुर में शुक्रवार शाम एक युवक शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। केमरी क्षेत्र के ग्राम मनोना निवासी अजयपाल (28) रुद्रपुर एक फैक्ट्री में काम करते थे। शुक्रवार शाम वो काम के लिए घर से निकले थे, लेकिन कुछ देर बाद ट्रेन की चपेट में आने की खबर परिजनों को मिली। जीआरपी थाना प्रभारी ईश्वरचंद ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है, आत्महत्या की बात सामने आई है।

छात्राओं को दी घरेलू नुस्खों की जानकारी

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार: शनिवार को भारत विकास परिषद द्वारा महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के अंतर्गत डीएवी कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय संस्कार शिविर का समापन हुआ। अंतिम दिन संयोजिका दीपिका अग्रवाल ने होममेड ड्रिंक बनाना सिखाया। महिला सहभागिता करुणा अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को गर्मियों में घर पर बनाकर ही यह विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ पीने चाहिए। प्रधानाचार्या डॉ. रूपा अग्रवाल व अध्यापिकाओं संतोष आर्य, सीमा अग्रवाल, सारिका यादव नीरज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रांतीय संरक्षक राजेश सैनी का अध्यक्ष सपन अग्रवाल ने पटका पहनाकर स्वागत किया। सचिव सुनील कुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विवेक अग्रवाल, दीपक गुप्ता, नीरव, दीपिका, कल्पना, आशी, इति, कंचन अग्रवाल, जूही का भी विशेष योगदान रहा। संचालन आरोही ने किया।

छात्राओं को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के सदस्य। • अमृत विचार

ज्वालानगर में छह घंटे ठप रही बिजली, जनता बेहाल

• बिजली घर में स्टॉल हुआ वैक्यूम सर्किट ब्रेकर, रहा शट डाउन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: ज्वालानगर में छठ घंटे बिजली ठप होने से 50 हजार आबादी परेशान हुई। सिविल लाइंस स्थित बिजली घर में वैक्यूम सर्किट ब्रेकर स्टाल किया गया। जिसके कारण शटडाउन लिया गया था। पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली ठप रहने से करीब 50 हजार आबादी गर्मी में हलकान हुई। बिजली नहीं होने से इन्वर्टर भी ठप हो गए।

बिजली घर में वैक्यूम सर्किट ब्रेकर स्टॉल कराए जाने के लिए पूर्वाह्न 11 बजे शट डाउन लिया गया था। लोगों को पूरे दिन ठंडे पानी और ठंडी हवा नहीं मिली। शाम करीब 5 बजे तक वैक्यूम सर्किट ब्रेकर इंस्टाल हुआ और इसके बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी गई। इसके बाद लोगों को राहत मिली। सिविल लाइंस क्षेत्र के एसडीओ इरफान अहमद ने बताया कि वैक्यूम सर्किट ब्रेकर का मुख्य काम हाई वोल्टेज लाइनों में फॉल्ट होने पर विद्युत आपूर्ति को बाधित करना है। बताया कि यह वैक्यूम का उपयोग करके उत्पन्न होने वाली चिंगारी को तुरंत बुझाता है, जिससे उपकरणों की सुरक्षा होती है और बिजली वितरण प्रणाली भरोसेमंद बनी रहती है। बताया कि 11 किलोवॉट और 33 किलोवॉट की उच्च वोल्टेज लाइनों में शॉर्ट सर्किट या ओवरकरंट की स्थिति में तुरंत ट्रिप होकर विद्युत आपूर्ति बंद कर देता है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 97519 मामलों का किया गया निस्तारण

• न्याय वाटिका में सुबह जिला जज ने दीप प्रज्ज्वलित और फीता काटकर किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय लोक अदालत में 97519 मामलों का निस्तारण हुआ। इससे पहले न्याय वाटिका में शनिवार की सुबह जिला जज भानुदेव शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुबह से वादकारी कचहरी पहुंचना शुरू हो गए। अलग-अलग न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के 89241 मामलों एवं दीवानी न्यायालयों में 8278 वादों का निस्तारण हुआ।

प्रधान न्यायाधीश अरविंद कुमार ने परिवार न्यायालय में 48 वादों का निस्तारण किया। मोटर एक्सीडेंट मामलों में पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार यादव ने 21 मोटर एक्सीडेंट के वादों का निस्तारण कर मृतकों और घायलों के आश्रितों को 1,62,40,000 रुपये दिलाए। विशेष न्यायाधीश सरला दत्ता ने 8 वादों का निस्तारण कर 1500 रुपये अर्थदंड वसूला। अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. विजय कुमार ने एक वाद का निस्तारण कर 1000 रुपये प्राप्त किए। विशेष न्यायाधीश छवि अस्थाना ने 802 वादों का निस्तारण कर 51000 रुपये अर्थदंड वसूले। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो इंद्रप्रकाश ने 9 वादों का निस्तारण कर 4500 रुपये प्राप्त किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पिंकू कुमार ने 1 वाद का निस्तारण किया। अपर जिला सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कुलदीप सिंह ने 3 मामलों का निस्तारण कर 3000 रुपये अर्थदंड प्राप्त किए। अपर जिला सत्र न्यायाधीश राजीव सरन ने दो वादों का निस्तारण कर 1500 रुपये वसूले। सिविल जज अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने 19 सिविल के वादों का निस्तारण किया। प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शोभित बंसल ने 1106 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के 92150 रुपये प्राप्त किए। अपर सिविल जज प्रीति मोगा ने 205 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। अपर सिविल जज प्रवर वर्ग संजय कुमार सिंह ने 445 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के 13230 रुपये वसूले। अपर सिविल जज आशीष कुमार ने 401 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। सिविल जज शालिनी ने 5 सिविल के वादों का निस्तारण किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकित कुमार ने 386 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय स्वार शालिनी सिंह ने 85 वादों का निस्तारण किया। अपर सिविल जज शिवानी चौधरी ने 125 फौजादारी एवं 1 एनआईएक्ट के वादों का निस्तारण किया। अपर सिविल जज अक्षिता ने 106 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। सिविल जज शिवानी ने 209 वादों का निस्तारण किया गया। सिविल जज प्रियंका सरन ने 103 वादों का निस्तारण किया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश कुमार वर्मा ने 22 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया।

14 वैवाहिक मामलों समेत 34 वादों का हुआ निस्तारण : प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरविंद कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत में 14 वैवाहिक मामलों सहित धारा 125 सीआरपीसी एवं अन्य धाराओं के कुल 34 मामलों का निस्तारण हुआ। इस दौरान ऐसे कई मामले भी सामने आए जिनमें पति-पत्नी के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच चुके थे। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को साथ बैठाकर विस्तारपूर्वक वार्ता की गई तथा आपसी समझाइश और काउंसलिंग के माध्यम से 5 जोड़ों को पुनः साथ रहने के लिए राजी किया। समझौते के बाद जिला जज भानु देव शर्मा एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में जोड़ों ने एक-दूसरे को फूलमाला पहनाकर जीवन शुरू करने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत केवल मामलों के त्वरित निस्तारण का माध्यम नहीं है, टूटते परिवारों को बचाने में भूमिका निभा रही है।

लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज भानुदेव शर्मा।

सुलह समझौते के बाद फूल मालाएं पहने परिवार और मजिस्ट्रेट।

क्षत्रियों ने देश के लिए किया सर्वस्व बलिदान

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता।

कार्यक्रम में मौजूद क्षत्रिय समाज के लोग। • अमृत विचार

• राष्ट्रनायक क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शनिवार को शनिवार को ज्वालानगर स्थित फर्स्ट इंप्रेशन स्कूल में राष्ट्रनायक क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती मनाई। मुख्यातिथि प्रदेश अध्यक्ष युवा अजय राठौर ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि देश को जब-जब बलिदान की आवश्यकता पड़ी है तब तब क्षत्रिय समाज ने तन-मन-धन सभी प्रकार से देश के लिए बढ़ चढ़ कर अपना सर्वस्व बलिदान किया है।

महासभा ने जिला टॉपर शिवानी सिंह, श्री सिंह, शौर्य चौहान और मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित अध्यापक अभय सिंह को सम्मानित किया गया। नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप जी के जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है विषम स्थिति में भी बिना घबराए हर मुश्किल का सामना करना है। सदैव देश, धर्म, नारी सम्मान और स्वाभिमान के लिए कार्य करना है। इस दौरान अजय राठौर, पवन चौहान, राजेंद्र सिंह, नर्मदेश्वर राव, राकेश सिंह, जयंत सिंह, कौशलेंद्र सिंह, संजय सिंह, हर्षित सिंह, ओमवीर सिंह वैदिक, रामेश्वर सिंह, जयगोविंद सिंह, एन पी सिंह, अंजीत सिंह, देवेंद्र फौजी, अजेंद्र पाल सिंह, शरद कुमार, अमन राघव, शौर्य प्रताप सिंह, वंश कठेरिया, अक्ष प्रताप सिंह, रघुराज सिंह, , संजय सिंह, प्रशांत सिंह, अमरपाल सिंह, सचिन सिंह, जीवन सिंह, आरुष सिंह, शुभ सिंह, स्नेहलता राठौर, लवली तोमर आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता कैप्टन राजपाल सिंह ने जबकि, संचालन राकेश सिंह और अतुल कुमार सिंह ने किया।

8वें वेतन आयोग की सिफारिश लागू करे सरकार : हरीश

रामपुर, अमृत विचार: उप्र राजकीय सिविल पेंशनर्स की बैठक मिस्टन गंज स्थित ज्ञान मंदिर पुस्तकालय में हुई। इस मौके पर महामंत्री हरीश चंद्र सक्सेना ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग द्वारा पेंशन निर्धारतण की सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से लागू की थीं वह लंबित हैं। वेतन आयोग की सिफारिश लागू करने की मांग सरकार से की। इसके अलावा पेंशन राशिकरण की वसूली की अवधि 15 से घटाकर 10 वर्ष 11 माह करने को कहा। संयुक्त मंत्री मोहम्मद याकूब ने कहा क 3 वर्ष बीत गए कोषागार से डिजिटल आईडी कार्ड नहीं बनाए गए हैं। मांग है कि आईडी कार्ड बनवाए जाएं। बैठक में रोशन लाल, राम भरोसे लाल शर्मा, शंकर लाल, प्रदीप कुमार सक्सेना, शेर सिंह नेगी, विनोद कुमार गुप्ता, अनिल कुमार अग्रवाल, मोहम्मद याकूब और लियाकत अली रहे।

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का स्वागत किया

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते सपाई।

रामपुर, अमृत विचार: पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद महुआ मोइत्रा के शनिवार को रामपुर आगमन पर रामपुर सांसद प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत किया। रामपुर की गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को निभाते हुए उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। सांसद प्रतिनिधिमंडल ने महुआ मोइत्रा का स्वागत करते हुए उनके द्वारा संसद में उठाए जाने वाले जनहित के मुद्दों की सराहना की। महुआ मोइत्रा ने रामपुर के लोगों द्वारा मिले सम्मान और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. अब्दुल सलाम नगर पालिका प्रतिनिधि, युवा नेता सैफ डॉ. मकतूब मुन्ना, नासिर शेख, उस्मान आसिफ अली और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा ने कहा कि महुआ मोइत्रा जैसी प्रखर वक्ता का रामपुर की धरती पर आना हर्ष का विषय है।

खेत में गेहूं काट रहे युवक की बेरहमी से पिटाई

बिलासपुर, अमृत विचार: खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव महतोष निवासी जरार हुसैन शुक्रवार की शाम अपने खेत में गेहूं काटने गया था। आरोप है कि तभी वहां पहले से मौजूद गांव के ही साबिर और उसके दो बेटों फारुख व मारुफ ने उसे घेर लिया। रंजिशन तीनों ने उसे गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उसने इसका विरोध किया, तो तीनों ने उसपर जानलेवा हमला करते हुए बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंच गए, बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायल अवस्था में पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को आपबीती सुनाई। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि तीनों व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

टूटी छत के नीचे रहने को मजबूर गुड्डी

हसनपुर, अमृत विचार : सैदनगली के मोहल्ला मेंहदीपुर की निवासी गुड्डी पत्नी नेपाल सिंह पिछले एक साल से जर्जर मकान और टूटी छत के नीचे रहने को मजबूर हैं। शनिवार को पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि पात्रता के बावजूद उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। गुड्डी ने बताया कि पिछली बारिश में उसके घर की छत गिर गई थी, तब से वह बच्चों के साथ असुरक्षित घर में रह रही है।

बच्चों की मनोवृत्ति समझाने के बताए उपाय

सैदनगली, अमृत विचार : गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में अभिभावक कार्यशाला के लिए एकत्र हुए। स्कूल की प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता के सानिध्य में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली एनसीईआर से आए शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक बच्चों की मनोवृति को भलि भांति समझने वाले व्यक्तियों ने अभिभावकों को बच्चों का पालन पोषण, बच्चों से कैसे बातचीत करे, उनके मनोभाव को समझना, बुरी संगत से बचाने संबंधी आदि बाते प्रोजेक्टर के माध्यम से अभिभावकों को समझायी।

पुलिस ने चोरी की बाइक समेत पकड़ा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : ग्राम प्रेमनगर निवासी सतपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह की स्प्लेंडर बाइक बीती शुक्रवार शाम शेरपुर बाजार से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। घटना के संबंध में थाना मंडी धनौरा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचना तंत्र एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई के चलते घटना के महज 12 घंटे के भीतर आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ भोलू पुत्र नौबहार निवासी ग्राम चकनवाला थाना गजरौला जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया।

करंट लगने से दो घोड़ियों की मौत, युवक झुलसा

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी दीपक पुत्र बदलू शादी विवाह में बग्गी चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। शुक्रवार की देर शाम बग्गी चालक दीपक गांव में स्थित वेल्डिंग की दुकान पर बग्गी के पहियों पर वेल्डिंग करा रहा था। जबकि बग्गी में दो घोड़ियां लगी हुई थी। जैसे ही वेल्डिंग कारीगर ने बग्गी के अगले पहियों पर अर्थिंग लगाया तो अचानक हाई टेंशन विद्युत करंट बग्गी में दौड़ पड़ा। करंट दोड़ते ही दोनों घोड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। बग्गी को पकड़े खड़ा गांव निवासी युवक ओमवीर झुलस गया।

वर्ष 2005 में मुठभेड़ में लिया आतंकियों से किया था सामना, आतंकी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए थे रूप किशोर

आतंकियों को धूल चटाने वाला सैदनगली का लाल बीमारी से हारा

- **सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल, हर आंख थी नम**

संवाददाता सैदनगली (अमरोहा)

रूप किशोर को पुष्प चक्र अर्पित करते सीआरपीएफ के अधिकारी। ● अमृत विचार

रूप किशोर का फाइल फोटो।

तिरंगा से ढका रूप किशोर का शव और विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : आतंकियों से लोहा लेने वाले सैदनगली के लाल रूप किशोर की मौत बीमारी से चलते हो गई। उनकी मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी मिलने पर सीआरपीएफ के अधिकारी और टुकड़ी उनके गांव पहुंची। वहीं अपने लाल के अंतिम दर्शन के लिए सैदनगली क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने उन्हें पुष्प चक्र अर्पित किए और सलामी दी। इसके बाद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई।

सैदनगली के मोहल्ला मेंहदीपुर निवासी रूप किशोर सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) में थे। वह पैरालाइज से पीड़ित थे। जनवरी माह में उनकी हालत अधिक बिगड़ गई थी। तब परिजन घर ले आए। शुक्रवार सुबह अचानक हालत ज्यादा खराब होने पर उन्हें नोएडा के सेक्टर-10 स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शाम करीब चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। जवान के निधन की सूचना मिलते ही सीआरपीएफ मुख्यालय से 15 जवानों की टुकड़ी उनके पैतृक आवास पहुंची। गंगा घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रूप किशोर एक निर्भीक और कर्तव्यनिष्ठ जवान थे। विभाग इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ा है।

रूप किशोर अमर रहे के लगे नारे

रूप किशोर के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा में शामिल हर व्यक्ति गममीन था, लेकिन सभी के चेहरे पर अपने लाल के लिए श्रद्धा के भाव थे। सभी रूप किशोर अमर रहे जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रूप किशोर एक निर्भीक और कर्तव्यनिष्ठ जवान थे। उन्होंने कहा कि बीमार होने के बाद भी रूप किशोर ने कभी हिम्मत नहीं हारी। वह हमेशा मुकाबला करने की बात करते थे। रूप किशोर के परिजनों ने शासन से मांग की है कि उनकी वीरता और बलिदान के अनुरूप उन्हें उचित सम्मान मिले। रूप किशोर अपने पीछे गौरवशाली सेवा का इतिहास और गमगीन परिवार छोड़ गए हैं। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें देशभक्ति और साहस का प्रतीक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं जवान के पुत्र मनिकांत ने कहा कि उनके पिता एक सच्चे योद्धा थे। ड्यूटी के दौरान गोली लगने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। परिवार चाहता है कि उनकी वीरता और बलिदान के अनुरूप उन्हें उचित सम्मान मिले। रूप किशोर अपने पीछे गौरवशाली सेवा का इतिहास और गमगीन परिवार छोड़ गए हैं। उन्हें देशभक्ति का प्रतीक बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

2005 में आतंकियों से हुई थी मुठभेड़

परिजनों ने बताया कि रूप किशोर वर्ष 2003 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। वर्ष 2005 में उनकी तैनाती श्रीनगर में कर दी गई। वहां ड्यूटी पर रहते हुए उनकी मुठभेड़ आतंकियों से हो गई। आतंकियों ने अचानक उनकी टीम पर हमला कर दिया। उस वक्त रूप किशोर ने मोर्चा संभालते हुए आतंकियों को ललकारा और फायरिंग कर दी। आतंकियों द्वारा की चलाई गई एके 47 की एक गोली ने रूप किशोर का सीना चीर दिया, इसके बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और मोर्चा संभाले रहे। इस हमले में उनके साहस ने कई जवानों की जान भी बचाई थी। कई दिन तक भर्ती रहने के बाद रूप किशोर ठीक तो हो गए, लेकिन कुछ ही दिनों बाद वह पैरालाइज से पीड़ित हो गए। तब उनकी ड्यूटी कार्यालय में लगा दी गई। लेकिन जनवरी में उनकी हालत फिर से बिगड़ गई थी।

सिर कुचल कर युवक का शव पुल के नीचे फेंका

शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी, मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

- **परिजनों से झगड़ा करके घर से निकला था दुष्यंत**

संवाददाता डिडौली(अमरोहा)

अमृत विचार: डिडौली थाना क्षेत्र में शाहबाजपुर-श्यामपुर मार्ग पर सिर कुचलकर युवक की हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को पुलिया के नीचे फेंक दिया गया। शनिवार की सुबह पुलिया के नीचे युवक का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

मृतक दुष्यंत।

यह घटना डिडौली थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर-श्यामपुर मार्ग स्थित मध्य गंगा नहर की पुलिया की है। यहां शनिवार सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने पुलिया के नीचे खून से लथपथ शव पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर डिडौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान डिडौली क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी पीतम सिंह के 35 वर्षीय बेटे दुष्यंत के रूप में हुई। दुष्यंत अविवाहित था और चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। पीतम सिंह किसान है।

उनके दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा दुष्यंत था जो मजदूरी करता था। जबकि छोटा बेटा सनकित है। मौके पर एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ अभिषेक यादव सहित भारी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम को भी मौके पर बुलाया, जिसने साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पुलिया के ऊपर युवक की हत्या करने के बाद शव नीचे फेंक दिया।

जांच पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

शव मिलने के बाद मौजूद ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

पुलिया पर किया गया होगा हमला

पुलिया के ऊपर और नीचे खून के निशान मिले हैं, जो वारदात की ओर इशारा कर रहे हैं। मृतक के सिर पर कई गंभीर चोटों के निशान भी पाए गए हैं। दुष्यंत के सिर पर चोट के कई निशान हैं। एक निशान काफी गहरा है। माना जा रहा है कि कोई नुकीली चीज सिर में घोंपी गई है। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया धारदार हथियार या अन्य किसी चीज से उसकी हत्या किए जाने की आशंका है। मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

जेल जा चुका था दुष्यंत

35 वर्षीय दुष्यंत गुरुवार दोपहर परिजनों से कहासुनी होने के बाद घर से चला गया था। मौके पर उसका मोबाइल भी नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पिता पीतम सिंह, मां माया देवी, छोटा भाई संकित, संकित की पत्नी खुशी हैं। मृतक पूर्व में रजबपुर थाने से सिलिंडर चोरी के आरोप में जेल भी जा चुका है। जबकि चार महीना पहले उसके भाई व मां ने डिडौली कोतवाली में मारपीट करने के आरोप में शिकायती पत्र भी दिया था। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और हर पहलू पर जांच की जा रही है।

फरीदाबाद की तनु का था रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

संवाददाता गजरौला

- **प्रेमी पर हत्या करने का आरोप गला दबाकर की गई थी हत्या**
- **हरियाणा के फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ की रहने वाली थी तनु**

अमृत विचार : रेलवे ट्रैक के पास दो दिन पहले मिला महिला शव हरियाणा के फरीदाबाद की तनु का था। उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी उसके बाद शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंका गया। मृतका का पति से विवाद था। पुलिस के अनुसार तनु की हत्या उसके प्रेमी कामिल ने की थी। पुलिस कमिल को तलाश रही है।

गुरुवार सुबह थाना क्षेत्र के भानपुर में रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ी में एक युवती का शव पड़ा मिला था। जानकारी पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। सूचना पर पहुंचे चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर तोमर ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। मौजूद लोगों ने युवती की हत्या किसी अन्य स्थान पर कर शव को यहां झाड़ी में फेंकने की आशंका जताई थी। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या मान रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार तनु की गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने उसके परिजनों की तलाश की। तब खुलासा हुआ कि तनु तनु पत्नी सुनील तमोली मोहल्ला हरिजन, शिव विहार कॉलोनी, गली नम्बर-4, बल्लभगढ़ जनपद फरीदाबाद हरियाणा की रहने वाली थी।

कामिल से प्रेम संबंध होने का शक

पुलिस के अनुसार तनु का पति सुनील से आए दिन विवाद होता रहता था। उसी दौरान बल्लभगढ़ में काम की तलाश में नौगवां सादात थाना क्षेत्र के गांव बकैना का कामिल पुत्र फारूख भी पहुंच गया। कामिल भी सुनील के साथ काम करने लगा। इसी दौरान तनु और कामिल की जान पहचान हो गई। बताया जाता है कि वहां से तुन कामिल के साथ यहां आ गई। अब पुलिस कामिल को तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार कामिल की गिरफ्तारी के बाद पता चल सकेगा कि उसकी हत्या क्यों की या किसने की।

चीनी मिल में हुए घोटाले की उच्च स्तरीय जांच हो : भाकियू

हसनपुर, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन की मासिक स्तरीय बैठक में किसान नेताओं द्वारा कालाखेड़ा सरकारी चीनी मिल में हुए घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

शनिवार को नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा झकडी फीडर पर बहुत कम बिजली दी जा रही है। जिससे किसानों को दिक्कतें हो रही है। खाद की कमी को जल्द पूरा किया जाए और किसानों को समय से खाद दिया जाए। पंचायत की अध्यक्षता रोहतास सिंह ने की तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर काले सिंह, सीता आर्य, महेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, लप्पू सिंह, यशपाल आर्य, बृजपाल सिंह, चंचल चौहान, तेजपाल सिंह राणा, राजपाल सिंह, करन सिंह, बाबू अली, ओंकार सिंह आदि मौजूद रहे।

किसानों को संबोधित करते ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह। ● अमृत विचार

- **अन्य समस्याओं के समाधान पर किसानों ने की चर्चा**

थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतों में से एक का निस्तारण

हसनपुर, अमृत विचार: शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह द्वारा सुनी गई थाना समाधान दिवस में मात्र पांच शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें अधिकारियों द्वारा एक शिकायत का मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा बाकी बची हुई शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर दिया गया। अपराध निरीक्षक द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया कि थाना समाधान दिवस प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसमें दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर निस्तारण करें। थाना दिवस में अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी रहे।

स्वाभिमान के साथ मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शनिवार को मुख्य कार्यक्रम नगर के रहरा अड्डा स्थित महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित हुआ, जहाँ भारी संख्या में समाज के लोगों और युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य और स्वाभिमान के अद्वितीय प्रतीक थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए घास की रोटी खाना स्वीकार किया लेकिन गुलामी नहीं। इस दौरान उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।इस दौरान नगर में युवाओं द्वारा विशाल शौर्य यात्रा भी निकाली गई। भगवा ध्वजों के साथ देशभक्ति गीतों पर झूमते युवाओं का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल राजेश कुमार तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। नगर के साथ-साथ तहसील क्षेत्र के ग्राम हथिया खेड़ा, तीसरा मील, रुखालू,सौहरका, लुहारी खादर, गंगा चोली, धौरिया, लुहारी, चकोरी और करनपुर माफी में भी जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर केपी राणा, टेकचंदसिंह राणा, ओमप्रकाश सिंह, विनोद कुमार, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, चंद किरण सिंह राणा,यशपाल सिंह, पंकज भटनागर, मयंक अग्रवाल, संदीप गुप्ता, संजय शर्मा, देवेंद्र खड़गवंशी, राजू राणा, निखिल खड़गवंशी, नंदन राणा, जयकुमार राणा, डॉ. राजकुमार राणा, मुलायम सिंह, संजय राणा, नरेंद्र राणा, भोजराम खड़गवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते युवक।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- **कार्यक्रम में वक्ताओं ने रखे विचार, सैड़कों लोग रहे मौजूद**

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता मंडी धनौरा

- **युवक की शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस**

अमृत विचार: अमरोहा रोड स्थित रेलवे फाटक के पास एक दर्दनाक हादसे में अज्ञात युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस से नीचे गिर गया और इसके बाद ट्रेन के पहियों की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस और जीआरपी को सूचना दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस मंडी धनौरा रेलवे स्टेशन क्षेत्र से गुजर रही थी। इसी दौरान अमरोहा रोड रेलवे फाटक के पास अचानक एक यात्री चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, युवक ट्रेन के पहियों की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग दहल उठे। सूचना मिलने पर मंडी धनौरा जीआरपी में तैनात सिपाही गौरव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रैक से शव को हटवाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अमरोहा भेज दिया। जीआरपी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। हालांकि देर रात तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।

बच्चों ने कला के माध्यम से बिखेरा मां का प्यार

आदमपुर, अमृत विचार: ब्लॉक गंगेश्वरी के विकासखंड के कस्बा ढवारसी स्थित प्रगतिशील शिक्षण संस्थान श्रीमती पुष्पा देवी कन्या इंटर कॉलेज एवं एसपीडी पब्लिक स्कूल में मदर्स डे (मातृ दिवस) के उपलक्ष्य में भव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने कला के माध्यम से मां के प्रति अपने स्नेह, त्याग और सम्मान को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सुंदर चार्ट, पेंटिंग और विभिन्न कलाकृतियों के जरिए दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक अमित त्यागी एवं प्रधानाचार्या वन्दना गोयल ने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सराहना की। प्रतियोगिता में माहिरा, मो अरशान, रियान, देविका को सम्मानित किया।

प्रेम विवाह करने को आए युवक को पत्नी ने पकड़ा, हंगामा

संवाददाता हसनपुर

- **मौके पर पहुंची पुलिस प्रेमी और प्रेमिका को थाने ले आई**

अमृत विचार: नगर स्थित एक मंदिर के प्रांगण में शादी समारोह में उस समय हंगामा हो गया जब शादी कर रहे युवक की पत्नी मौके पर पहुंची और जमकर हंगामा करने लगी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और प्रेमी एवं प्रेमिका को कोतवाली ले आई।

विवाहिता ने अपने पति को दूसरी युवती के साथ शादी करते हुए नगर के एक मंदिर में पकड़ लिया और जमकर हंगामा किया। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मामला शांत न होने पर तीनों को कोतवाली ले आई। बताया जा रहा है युवक धनोरा निवासी है उसकी शादी गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से 15 साल पहले हुई थी, उनके एक बेटा व दो बेटी है। 14 अप्रैल को युवक बिजनौर की चांदपुर निवासी एक युवती को लेकर फरार हो गया, युवती के पिता के द्वारा आरोपी व उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को विवाहिता को सूचना मिली कि उसका पति युवती के साथ नगर के एक मंदिर में शादी कर रहा है। तभी विवाहिता मंदिर पहुंची और हंगामा करने लगी, हंगामा के दौरान युवक के नगर निवासी एक रिश्तेदार के यहां तीनों पहुंच गए लेकिन वहां भी जमकर हंगामा होने लगा। हंगामा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को कोतवाली ले आई।

हत्या के बाद चारपाई पर रख दिया था शव

रहरा/आदमपुर, अमृत विचार: गला दबाकर हुई युवक की हत्या के मामले में आदमपुर पुलिस दो आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की हर एक पहलू पर बारीकी से जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक युवक मौत की पुष्टि गला दबाने से हुई है।

सीओ पंकज त्यागी के नेतृत्व में टीम मामले की जांच कर रही है। मोबाइल्स की कॉल डिटेल्स को भी अपना हथियार बनाकर हत्यारों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास कर रही है। बताते चलें कि शुक्रवार तड़के आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल निवासी 18 वर्षीय अवनेश पुत्र सियाराम का गांव के एक छोर पर उसकी टायर पंचर की दुकान पर चारपाई पर शव मिला था।

कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद

संख्या : /एम.बी.डी.-32569/मुरादाबाद — दिनांक : 2026

01. श्री दीपक चौहान पुत्र श्री करन सिंह भूतपूर्व अध्यक्ष निवासी 141 गजरौला रोड, हसनपुर, जिला अमरोहा 02. श्री राकेश पुत्र श्री मोहर सिंह, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, निवासी ग्राम करनपुर माफी हसनपुर जिला अमरोहा 03. श्री जयप्रकाश सिंह पुत्र श्री भारत सिंह, भूतपूर्व प्रबन्धक, निवासी ग्राम मुनब्बरपुर उर्फ मुनीमपुर पो. बुडेरना, जिला अमरोहा 04. श्रीमती रबिता चौहान पत्नी श्री संजीव कुमार भूतपूर्व उपप्रबन्धक, निवासी ग्राम चकौरी पो. लुहारी अमरोहा 05. श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री टेकचन्द्र सिंह, भूतपूर्व कोषाध्यक्ष, निवासी ग्राम सजोहा हसनपुर जिला अमरोहा 06. श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री समरपाल सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी म.नं. 196 वार्ड नं. 3 राजपूत कालोनी हसनपुर जिला अमरोहा 07. श्री संकेश कुमार पुत्र श्री बलवन्त, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम शाहपुर मिलक पो. करौंदी अमरोहा 08. श्री पीतम सिंह पुत्र श्री नत्थू सिंह भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम अहरौला पो. हसनपुर जिला अमरोहा 09. श्री सूरज सिंह राणा पुत्र श्री शिवचरन सिंह, भूतपूर्व सदस्य निवासी ग्राम कखालू पो. जयतोली हसनपुर जिला अमरोहा 10. श्रीमती कशुन्तला पत्नी श्री जयपाल सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी मौहल्ला होली वाला हसनपुर जिला अमरोहा 11. श्री विनीत कुमार पुत्र श्री चन्द्रप्रकाश सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम मुनव्वरपुर पो. बडेरना अमरोहा 12. श्रीमती अनारो देवी पत्नी श्री करन सिंह, भूतपूर्व सदस्य निवासी मौहल्ला होली वाला हसनपुर जिला अमरोहा 13. श्री समरपाल सिंह पुत्र श्री भातर सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवसी मुनव्वरपुर पो. बडेरना जिला अमरोहा 14. श्री जतिन कुमार पुत्र श्री वेद प्रकाश सिंह, भूतपूर्व सदस्य निवासी ग्राम मुनव्वरपुर पो. बडेरना जिला अमरोहा 15. श्री गौरव कुमार पुत्र श्री वेद प्रकश सिंह, भूतपूर्व सदस्य निवासी ग्राम मुनव्वरपुर पो. बडेरना जिला अमरोहा उपर्युक्त विषयगत संस्था की प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2025-2026 पंजीकृत किये जाने हेतु प्रपत्र कार्यालय में दिनांक 02.04.2026 को प्राप्त है। प्राप्त प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2025-2026 में आपको चयनित नहीं दर्शाया गया है। उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त के सम्बन्ध में अपनी आपत्ति/अनापत्ति नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से पत्र जारी होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक रजिस्ट्रार

न्यूज ब्रीफ

पांच परिवारों में कराया गया समझौता

बहजोई, अमृत विचार : पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह ने की। काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी विवादों को काउंसलर की मदद से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 76 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 18 मामलों का निस्तारण किया गया। बैठक में पांच परिवारों को आपसी सहमति के आधार पर दोबारा साथ रहने के लिए राजी किया गया। वहीं पांच मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इसके अलावा आठ मामलों में आवेदक अथवा आवेदिका के काउंसलिंग में उपस्थित न होने और रुचि न दिखाने के कारण पत्रावलियों को बंद कर दिया गया। बैठक में काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लवमोहन वार्ष्णेय, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, आरक्षी शहजाद मलिक, महिला मुख्य आरक्षी रश्मि गहलोत एवं महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सीमेंट विक्रेता पर लगाया 4 लाख का जुर्माना

संभल, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव सैंजना निवासी उदयवीर ने 3 अक्टूबर 2024 को मकान निर्माण के लिए मैसर्स कृष्णा बिल्डिंग मटेरियल, बहजोई रोड, बबैना से 27,650 रुपये में अंबुजा सीमेंट के 70 कट्टे खरीदे थे। उदयवीर ने सीमेंट का प्रयोग मकान के लेंटर डालने में किया। कुछ समय बाद लेंटर में दरारें पड़ गईं और बरसात के दौरान पानी टपकने लगा। इससे मकान में रहना मुश्किल हो गया। उदयवीर ने इसकी शिकायत विक्रेता और निर्माता कंपनी से की। कंपनी के इंजीनियरों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया, लेकिन उपभोक्ता को कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद उदयवीर ने अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग, संभल में परिवाद दायर किया। सुनवाई के दौरान सीमेंट कंपनी ने संबंधित विक्रेता को अपना अधिकृत डीलर मानने से इनकार कर दिया। कंपनी ने कहा कि यदि सीमेंट उनके नियुक्त डीलर से नहीं खरीदा गया है तो खराब सीमेंट की स्थिति में उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। मामले की सुनवाई के बाद जिला उपभोक्ता आयोग, संभल ने मैसर्स कृष्णा बिल्डिंग मटेरियल, बबैना को आदेश दिया कि वह उपभोक्ता को सीमेंट की कीमत 27,650 रुपये, क्षतिपूर्ति के रूप में चार लाख रुपये तथा वाद व्यय के लिए पांच हजार रुपये का भुगतान करे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 3955 वादों का निस्तारण

तीन करोड़ से अधिक का प्रतिकर भी वसूला गया, विभिन्न मामलों को आपसी समझौते से निपटाया

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

अमृत विचारः जनपद में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते और सुलह के आधार पर निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 3955 वादों का निस्तारण करते हुए अर्थदंड और प्रतिकर के रूप में 3 करोड़ 40 लाख 65 हजार 988 रुपये की धनराशि वसूल की गई। लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में वादकारी भी पहुंचे।

जिला न्यायालय परिसर में कार्यक्रम का आरंभ जिला जज डॉ. विदुषी सिंह ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। आपसी समझौते से मामलों के निस्तारण से समय और धन दोनों की बचत होती है।

चंदौसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आरंभ करतीं जनपद न्यायाधीश। ● अमृत विचार

लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मचला अग्रवाल ने 27 वादों का निस्तारण किया। वहीं मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के पीठासीन अधिकारी प्रदीप कुमार ने 27 मामलों का निस्तारण करते हुए पीड़ित पक्ष को 2 करोड़ 89 लाख 88 हजार 63 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलवाए।

अपर सत्र न्यायाधीश चंदौसी आरती फौजदार ने 371 मामलों का निस्तारण कर छह हजार रुपये जुर्माना वसूला। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने तीन मामलों का निस्तारण करते हुए 1500 रुपये अर्थदंड वसूल किया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल ने 1483 वादों का निस्तारण कर 5 लाख 16 हजार रुपये जुर्माना वसूला। सिविल जज सीनियर डिवीजन चंदौसी पराग यादव ने 169 मामलों का निस्तारण कर 2160 रुपये अर्थदंड वसूला। सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह ने 384 मामलों का निस्तारण कर 3870 रुपये अर्थदंड वसूला। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नावेद अख्तर ने 130 मामलों में 1220 रुपये जुर्माना वसूला।

सिविल जज जूनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी दिव्या गर्ग ने 125 मामलों का निस्तारण कर 1460 रुपये अर्थदंड वसूला। सिविल जज जूनियर डिवीजन एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय संभल ललित कुमार ने 539 मामलों का निस्तारण करते हुए 5580 रुपये जुर्माना वसूला। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बाह्य न्यायालय संभल दिव्या चिण्डालिया ने 29 मामलों में 3260 रुपये जुर्माना वसूला। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय गुन्नौर अभिषेक सिंह ने 653 मामलों का निस्तारण करते हुए 4 लाख 18 हजार 888 रुपये अर्थदंड वसूला। इसके अलावा जनपद संभल के समस्त राजस्व न्यायालयों में 25 हजार 447 मामलों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम ने 15 मामलों का निस्तारण करते हुए 41 लाख 17 हजार 987 रुपये की समझौता धनराशि दिलाई। वहीं विभिन्न बैंकों ने 311 मामलों का निस्तारण कर समझौते के आधार पर 4 करोड़ 34 लाख 37 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त की। राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी और वादकारी मौजूद रहे।

दोस्तों संग शराब पीने के बाद युवक की मौत

संवाददाता, चंदौसी

● परिजनों ने दोस्तों पर शराब में कुछ मिलाकर हत्या का आरोप लगाया

अमृत विचारः थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर में तीन दोस्तों के साथ शराब पीने के बाद एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने दोस्तों पर शराब में कुछ मिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मृतक राजेश कुमार।

परिजनों के अनुसार गांव निवासी राजेश कुमार (28) को शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उसके तीन दोस्त घर से बुलाकर ले गए थे। बताया गया कि गांव की मढ़ी पर चारों दोस्तों ने बैठकर शराब पी थी। आरोप है कि कुछ देर बाद तीनों दोस्त राजेश को अचेत अवस्था में छोड़कर वहां से चले गए। देर शाम तक जब राजेश घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। शाम करीब सात बजे परिजनों को राजेश गांव की मढ़ी पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। आनन-फानन में परिजन उसे कस्बा नरौली के एक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे देखने से इंकार कर दिया। इसके बाद परिजन उसे चन्दौसी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने भर्ती करने से मना कर दिया। रात करीब 11 बजे परिजन राजेश को वापस घर ले आए, जहां उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी सीमा और मां शीला का रो-रोकर बुरा हाल है।

रात में थाना बनियाठेर पुलिस गांव पहुंच गई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ भी की। थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि मृतक ने अपने तीन दोस्तों के साथ शराब पी थी। परिजन दोस्तों पर शराब में कुछ मिलाकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है।

विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस से की अभद्रता

संवाददाता, रजपुरा

● हिरौनी गांव में पुलिस पर लगाया तोड़फोड़ का आरोप

> पुलिस सरकारी कार्य के लिए गांव गई थी, लेकिन कुछ लोग सरकारी काम में बाधा डाल रहे थे। इसी मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।
>
> -राजाराम पाल सिंह, एसएसआई।

अमृत विचारः रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव हिरौनी में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम के साथ भी अभद्रता की गई है। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं युवक ने 112 पुलिस टीम पर घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने के आरोप लगाए हैं।

कालीचरन का आरोप है कि उसके सगे चाचा बुद्धसेन लंबे समय से मकान के रास्ते को लेकर विवाद कर रहे हैं। रास्ते में बिटोरा और कंडे रखकर आने-जाने में बाधा डाली जा रही थी। शनिवार को रास्ते में मिट्टी और ईंट डालने को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस गांव पहुंची। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं उसकी पत्नी और मां के साथ भी अभद्रता की गई तथा घर के सामान में तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद गांव में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कालीचरन ने घटना के बाद अपनी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

मारपीट एवं पथराव में छह ग्रामीण घायल

चंदौसी, अमृत विचारः थाना कुढ़ फतेहगढ़ के गांव फतेहपुर डाल में एक सप्ताह से सर्कस चल रहा है। जिसमें लाउडस्पीकर की तेज आवाज के साथ साइकिल चलाई जाती है। शुक्रवार रात 11 बजे एक पक्ष ने लाउडस्पीकर की आवाज कम करने को कहा जबकि दूसरे पक्ष में इसका विरोध किया। जिसके कारण दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। थोड़ी देर में दोनों लाठी डंडे निकल आए और फिर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट व पथराव हुआ। इस दौरान प्रधानी के चुनाव की रंजिश को लेकर मारपीट की सूचना किसी ने पुलिस को दे दी तो पुलिस रात में ही गांव पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल सर्कस बंद कराया और कार्रवाई की चेतावनी देते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया। झगड़े में एक पक्ष से इब्राहिम व आमीन समेत आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गए। पुलिस ने तीन घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने के दिए निर्देश

संवाददाता, बबराला

अमृत विचारः जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने शुक्रवार को नगर पंचायत बबराला क्षेत्र एवं कान्हा गोशाला का निरीक्षण कर विकास कार्यों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्यों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सबसे पहले इंदिरा चौक बबराला पहुंचे। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला को निर्देश दिए कि चौक और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अतिक्रमण हटाने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन के

बबराला में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी देते नगर पंचायत अध्यक्ष।

● डीएम ने नगर पंचायत बबराला और कान्हा गोशाला का किया निरीक्षण

● ईओ को चौक व आसपास क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बेहतर कराने को कहा

आसपास नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे सड़क, साइड पटरी, नाली और डिवाइडर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरे कराए जाएं। डिवाइडर पर पौधरोपण कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि साइड पटरी का स्लोप सही रखा जाए ताकि बारिश या अन्य कारणों से पानी का जमाव न हो और पानी आसानी से नालियों में पहुंच सके।

विद्युत पोलों पर लटके अवांछित तारों को हटाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य चौराहों और प्रमुख मार्गों पर नियमित साफ-सफाई कराई जाए, जिससे नगर साफ और स्वच्छ दिखाई दे। उन्होंने बबराला रेलवे स्टेशन के पास जनसहयोग से बन रही छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बबराला स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में कहीं भी पानी का जमाव न होने पाए।

जिलाधिकारी ने बीमार गौवंशों के लिए अलग स्थान चिन्हित करने और उनकी विशेष देखभाल करने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकासचंद्र, नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन, अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

टावर पर चढ़ा युवक, 5 घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा

संवाददाता, सौंधन/कैला देवी

अमृत विचारः कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव का युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक करीब पांच घंटे तक टावर पर चढ़ा रहा, जिससे ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। काफी प्रयासों के बावजूद युवक देर रात तक नीचे नहीं उतरा।

गांव निवासी 28 वर्षीय सोमपाल शनिवार दोपहर करीब तीन बजे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों के मुताबिक सोमपाल मानसिक मंदित बताया जा रहा है। करीब पांच वर्ष पहले बीमारी के चलते उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। उसकी आठ वर्षीय बेटी राधा उसके साथ रहती है। पत्नी की मौत के बाद से वह अक्सर मानसिक तनाव में रहता था। युवक को नीचे उतारने के लिए उसका भाई लोचन भी टावर पर चढ़ा, लेकिन भाई को अपनी ओर आता देख सोमपाल और ऊपर चढ़ गया।

संभल में युवक के मोबाइल टावर पर चढ़ने के बाद एकत्रित लोग। ● अमृत विचार

मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक।

● काफी प्रयासों के बावजूद युवक देर शाम तक नीचे नहीं उतरा

ग्रामीणों और परिजनों ने काफी देर तक उसे समझाने का प्रयास किया, मगर वह किसी की बात मानने को तैयार नहीं हुआ। इस दौरान सोमपाल ने टावर पर लगे तार काटने शुरू कर दिए। इससे गांव में मोबाइल नेटवर्क प्रभावित हो गया और लोगों के मोबाइल फोन ने काम करना बंद कर दिया। बाद में उसने टावर से लोहे की एंगल तोड़कर नेटवर्क माइक्रोवेव उपकरण को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे जियो नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास किए।

भीड़ अधिक होने के कारण युवक नीचे आने को तैयार नहीं था। इसके बाद पुलिस ने लोगों को मौके से हटाया ताकि युवक बिना दबाव के नीचे उतर सके, लेकिन इसके बावजूद वह टावर पर ही बैठा रहा। करीब पांच घंटे चले हाईवोल्टेज ड्रामा के दौरान पुलिस और ग्रामीण लगातार युवक को समझाने में जुटे रहे। देर रात तक युवक टावर से नीचे नहीं उतरा था और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए थी।

स्व-गणना अभियान के तहत मनाया मीडिया दिवस

बहजोई, अमृत विचारः जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन में शुक्रवार को 07 मई से 21 मई 2026 तक चल रहे विशेष स्व-गणना जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ''मीडिया दिवस'' मनाया गया। इस दौरान पत्रकारों ने जिला सूचना कार्यालय पहुंचकर स्वयं की स्व-गणना की तथा आमजन को भी प्रेरित किया। पत्रकार बंधुओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एवं व्हाट्सएप स्टेटस पर स्व-गणना करते हुए फोटो साझा कर लोगों को अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार सहित जितेंद्र पाल, अंकित कुमार, वीरपाल सिंह, त्रिभुवन शर्मा, योगेश गुप्ता, महेंद्र कुमार, अंशुल, अंकुर, प्रदीप गुप्ता, सचिन आदि मौजूद रहे।

क्षत्रिय समाज कुरीतियों का एकजुट होकर करे विरोध

संवाददाता, चंदौसी

अमृत विचारः अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा नगर इकाई द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर शहर में ट्रैक्टर रैली निकाली गई।

बदायूं स्थित महाराणा प्रताप पार्क में क्षत्रिय समाज के लोग एकत्रित हुए। महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी युवाओं ने एक रैली के रूप में बहुत बड़े जुलूस के साथ बदायूं चुंगी से आशीष गार्डन पहुंचे। आशीष गार्डन के सभागार में भगवान श्रीराम और राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया गया।

मंच पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह चौहान एवं जिलाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशाल

चंदौसी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते क्षत्रिय समाज के लोग।

● भारतीय क्षत्रिय महासभा ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

चौहान, मनोज कठेरिया, सुखपाल सिंह गौर, मनोज राघव, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष अशोक सिंह, विक्रम सिंह, चेतन चौहान आदि ने समाज से कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विजयवीर सिंह चौहान ने समाज से संकल्प लेने की बात कही कि समाज में ब्रह्मभोज (तेरहवीं) के रूप में व्याप्त जो कुरीति चली आ रही है। इसका सभी क्षत्रिय समाज मिलकर पुरजोर विरोध करें। जिसमें मनोज कठेरिया एडवोकेट को भारतीय जनता पार्टी में जिला महामंत्री नियुक्त होने पर डॉ. विशाल चौहान को जिलामंत्री नियुक्त होने पर, ओमेंद्र सिंह प्रधान बड़ागांव को मंडल महामंत्री नियुक्त होने पर, विक्रम सिंह एडवोकेट को समाज में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए तथा पूर्वी राघव का नेशनल ताइक्वांडो कानपुर में कांस्य पदक लेने के लिए सम्मानित किया गया। बार एसोसिएशन चंदौसी के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।

रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

● जमकर चले लाठी-डंडे और किया गया पथराव

अमृत विचारः असमोली थाना क्षेत्र के गांव चंदवार में 10 दिन पहले हुई कहासुनी ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों ओर से जमकर मारपीट, लाठी-डंडे और पथराव शुरू हो गया।

थाना क्षेत्र के गांव चंदवार निवासी रामवीर और दूसरे पक्ष के विनोद के बीच करीब 10 दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। शुक्रवार को एक बार फिर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। कुछ ही देर में दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया।

पुलिस को आता देख दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर मौके पर छोड़कर फरार हो गए। मामले में कांस्टेबल दीपक भाटी की तहरीर के आधार पर असमोली थाने में दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक पक्ष के रामवीर, नागेंद्र सिंह, शीशपाल, किशन, जागन सिंह और चिंतन तथा दूसरे पक्ष के विनोद, बंटी, राजा, विजयपाल, अजीत और ऋषिपाल समेत एक दर्जन लोगों को नामजद किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी है।

पाठकपुर ने वहीपुर को 7 विकेट से हराया

संवाददाता, रजपुरा

अमृत विचारः बाबा भीमनाथ क्रिकेट टूर्नामेंट पाठकपुर के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को रोमांचक माहौल में खेला गया। खिताबी मुकाबले में पाठकपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वहीपुर की टीम को 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

फाइनल मैच शुरू होते ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वहीपुर की टीम ने सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाठकपुर की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की और मुकाबले को एकतरफा बना दिया। पाठकपुर के बल्लेबाजों ने आकर्षक शॉट लगाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और टीम को शानदार जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले के दौरान मैदान पर क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ मौजूद रही।

ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● बाबा भीमनाथ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

चौके-छक्कों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जीत के बाद पाठकपुर टीम के खिलाड़ियों ने मैदान पर ट्रॉफी के साथ खुशी जताई और जमकर जश्न मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज यादव और हप्पू सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान धर्मवीर सिंह उर्फ धाकड़, दुर्गेश यादव, अवधेश यादव, मुकेश यादव, धीरज यादव, हीरामन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे सभी विभाग

संभल/बहजोई, अमृत विचारः जन सुनवाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी व जवाबदेह बनाने के लिए डीएम अंकित खंडेलवाल ने नई पहल शुरू की है। अब जनपद के सभी सरकारी कार्यालय रोजाना जनसुनवाई के समय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जिलाधिकारी कार्यालय से जुड़े रहेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ अधिकारियों की जवाबदेही तय करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल जनसुनवाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह पहल शुरू की गई है। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता को पारदर्शी, सुगम और संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। नई व्यवस्था से न केवल शिकायतों के निस्तारण में तेजी आएगी, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित होगा।

धमकी देकर रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

संभल, अमृत विचारः हयातनगर थाना क्षेत्र में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। चार बच्चों के हाथ रस्सी से बांधकर उनके सामने तरबूज रख दिए गए और वीडियो बनाकर बच्चों के परिजनों को ब्लैकमेल किया जाने लगा। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की मांग की जा रही है। मामले में एक बच्चे के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

उपनगरी सरायतरीन के मोहल्ला नवाबखेल निवासी खलील मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा आसान मलिक तीन दिन पहले अपनी नानी के घर गांव रसूलपुर धतरा गया था। इस दौरान वह अन्य बच्चों के साथ साइकिल चलाते हुए खेत की ओर चला गया। आरोप है कि गांव निवासी असीम कुरैशी ने बच्चों को रोक लिया और चार बच्चों के हाथ रस्सी से बांध दिए। इसके बाद बच्चों के साथ मारपीट की गई और उन्हें कथित तौर पर बंधक बनाकर वीडियो बनाया गया।

> पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। बच्चों के साथ इस प्रकार की घटना करने में जो लोग भी शामिल पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -संजीव बालियान, थाना प्रभारी।

आरोप है कि वीडियो बनाने के बाद बच्चों के परिजनों को धमकियां दी जाने लगीं और वीडियो वायरल करने की बात कहकर रुपयों की मांग की गई। घटना से संबंधित जो वीडियो सामने आया है उसमें कुल सात बच्चे दिखाई दे रहे हैं। इनमें चार बच्चों के हाथ रस्सी से बंधे हैं।

समय पाय फल होत है, समय पाय झरि जाय सदा रहे नहिं एक सी, का रहीम पछिताए

रहीम दास कहते हैं, सब समय का खेल है। समय आने पर फल पकते हैं और समय आने पर झड़ भी जाते हैं। समय ही हालात को बदलता है। यानी समय सदा एक-सा नहीं रहता, इसलिए पछतावा करने का कोई मतलब नहीं है।

अमर 'उपभोक्ता' प्रकृति के विरुद्ध अपराध होगा

अमर रहने की महत्वाकांक्षा पुरानी है। पुराणों में हजारों वर्ष जीने वाले पात्रों के उल्लेख हैं। वैदिक ऋषि अमृत्व प्राप्त करने की स्तुतियां करते थे। 'असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय।' में अमृत्व की प्यास का उल्लेख है। आधुनिक विश्व में सभी देशों के वैज्ञानिक मनुष्य शरीर की उम्र को रोकने की योजना पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था में शरीर की कोशिकाओं का क्षरण होता है। इसी को रोकने के लिए तमाम शोध कार्य जारी हैं। इस बीच रूस से महत्वाकांक्षी सूचनाएं आ रही हैं। रूस मनुष्य शरीर की कोशिकाओं के क्षरण को रोकने पर शोध कर रहा है। सूचना के अनुसार रूस वृद्धावस्था को रोकने के शोध पर काम कर रहा है।

सितंबर 2025 में पुतिन और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने मनुष्य शरीर की उम्र 150 साल तक ले जाने की योजना पर शोध की बातें की थीं। पुतिन ने कहा था कि नियमित रूप से कोशिकाओं के क्षरण को रोककर स्वस्थ बने रहने पर वैज्ञानिक शोध संभव हैं। रूसी वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि वे वृद्धावस्था रोकने की विश्व की पहली एंटी एजिंग वैक्सीन पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था कोशिकाओं के क्षरण का ही परिणाम होता है।

रूस के एक मंत्री डेनिस ने पिछले माह बताया है कि यह प्रायोजित उपचार रेज रिसेप्टर पर जोर देगा। वृद्धावस्था की स्वाभाविक प्रक्रिया को नियंत्रित कर कोशिकाओं को लंबे समय तक युवा बनाए रखा जा सकता है। उनका कहना है कि उनका लक्ष्य दुनिया की पहली जीनथेरेपी दवा बनाना है। इस परियोजना को इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग बायोलॉजी एंड मेडिसिन द्वारा विकसित किया जा रहा है।

रूस के उप प्रधानमंत्री ने कहा था कि रूस की योजना सन 2028 से 2030 के बीच एंटी एजिंग दवा का उत्पादन शुरू करने का है। रिपोर्ट में यह बात बताई गई है कि यह तकनीक अभी फिलहाल शोध की प्रक्रिया से गुजर रही है। इसका बजट 26 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। उनका दावा है कि फिलहाल इस पर शोध जारी है। अगर यह सफल होता है, तो भविष्य में वृद्धावस्था अनिवार्य प्रक्रिया नहीं रहेगी। यह नियंत्रित की जाने वाली स्थिति बन सकती है।

> लंबी आयु का अर्थ अनुभवों का विशाल भंडार भी है। यदि कोई मनीषी एक सौ पचास वर्ष जीता है, तो वह शोध को नई ऊंचाई दे सकता है, लेकिन क्या मानव मस्तिष्क एक शताब्दी से अधिक की स्मृतियों का बोझ सहने के लिए तैयार है? क्या हम विस्मृति जैसे विकारों के बिना इस दीर्घायु का आनंद ले पाएंगे? अक्सर पुरानी पीढ़ी नए विचारों का विरोध करती है। ऐसे में समाज का बौद्धिक जड़त्व बढ़ सकता है। पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा भी इससे अछूती नहीं रहेगी।

यह एक आश्चर्यजनक शोध की दिशा में मनुष्य जाति का पहला नियोजित अभियान होगा। मनुष्य की आयु 150 वर्ष तक ले जाने की यह महत्वाकांक्षी योजना आश्चर्यजनक है। दीर्घायु होना सामान्य बात है, लेकिन पूरी आयु में स्वस्थ बने रहना वाकई बड़ी उपलब्धि होगी। ऋग्वेद में 'जीवेत शरदः शतम्' की प्रार्थनाएं हैं। सौ साल जीने की इच्छा पर्याप्त नहीं है, इसलिए आगे कहते हैं कि हम 100 वर्ष तक स्वस्थ रहें। दीन-हीन न रहें।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इस संसार में बहुत सारे लोग 100 बरस या उससे ज्यादा का जीवन जीते हैं, लेकिन शरीर के क्षरण के कारण यह सभी कष्ट और दुख में रहते हैं, तो क्या यह शोध मनुष्य के सभी अंगों और सोच-विचार के तंत्र को स्वस्थ रखने का महत्वाकांक्षी अभियान बनेगा। इस शोध को लेकर बहुत प्रसन्न होने की आवश्यकता नहीं है। 80-90 वर्ष की आयु वाले वृद्ध परिवार की उपेक्षा के कष्ट भोगते हैं। परिजन बूढ़ों का ध्यान नहीं रखते। इस शोध की सफलता और असफलता पर तमाम तरह के विचार व्यक्त किए जा सकते हैं।

यह एक सांस्कृतिक समस्या है। दुनिया के सभी समाजों में अच्छे मानवीय संबंधों का आधार संस्कृति ही है। यहां जीवन को लंबा करने के प्रयास हैं, लेकिन इसके साथ ही दर्शन और विज्ञान काल की व्याख्या भी करता है। काल का पहिया घूम रहा है। हम सब काल रथ पर बैठे यात्री हैं। अथर्ववेद में भृगु ऋषि का सारवान वक्तव्य है- 'कालरथ पर ज्ञानी ही बैठते हैं।'

मैं कालरथ को देख रहा हूं। उस रथ का घर्घर नाद भी सुनता हूं। वह प्रतिपल हमारे सामने से ही गुजरता है। मैं हाथ उठाता हूं। रुकने की प्रार्थना करता हूं। वह नहीं रुकता। मेरी परवाह नहीं करता। जानता हूं कालरथ में ज्ञानी ही बैठते हैं। हमारे लिए उस रथ में जगह नहीं हो सकती। क्या विज्ञान में काल की समस्या का कोई समाधान है? काल निर्वचन कठिन काम है।

हमारे ग्रंथों में ऋषियों की आयु 100 वर्ष बताई गई है, किंतु उनका मार्ग 'बाहरी रसायनों' का नहीं, बल्कि 'भीतरी रूपांतरण' का था। प्राणायाम की विधियां शरीर की जैविक घड़ी को नियंत्रित करने की प्राचीन तकनीकें थीं। वैज्ञानिक शोध अब मान रहे हैं कि गहरी और लंबी सांसें हमारे जीवन-सूत्रों की रक्षा करती हैं। ऋषियों ने बिना किसी भारी-भरकम वित्तीय सहायता के, केवल अंतर्मुखी होकर उस 'अमृत तत्व' को खोज लिया था।

प्राचीन भारत में 'कायाकल्प' की प्रक्रिया का वर्णन मिलता है, जहां विशेष जड़ी-बूटियों से वृद्ध शरीर को पुनः युवा किया जाता था। रूस का प्रयोग जहां अवरोधकों पर काम करता है, वहीं भारतीय पद्धति पंच तत्वों के संतुलन पर बल देती थी। यदि आधुनिक जीव-विज्ञान के साथ योग को जोड़ दिया जाए, तो दीर्घायु एक पूर्ण स्वास्थ्य का मार्ग बन सकती है।

लंबी आयु का अर्थ अनुभवों का विशाल भंडार भी है। यदि कोई मनीषी एक सौ पचास वर्ष जीता है, तो वह शोध को नई ऊंचाई दे सकता है, लेकिन क्या मानव मस्तिष्क एक शताब्दी से अधिक की स्मृतियों का बोझ सहने के लिए तैयार है? क्या हम विस्मृति जैसे विकारों के बिना इस दीर्घायु का आनंद ले पाएंगे? अक्सर पुरानी पीढ़ी नए विचारों का विरोध करती है। ऐसे में समाज का बौद्धिक जड़त्व बढ़ सकता है। पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा भी इससे अछूती नहीं रहेगी। वैवाहिक संबंधों के स्थायित्व पर नए प्रश्न खड़े होंगे।

माता-पिता और संतान के बीच जब एक सौ वर्ष का अंतर होगा, तो संवाद लगभग समाप्त हो जाएगा। हम एक ऐसे अकेलेपन के युग में प्रवेश कर सकते हैं, जहां शरीर स्वस्थ होगा, पर मन एकाकी। संबंधों में जो ताजगी आज है, वह शायद इस दीर्घ जीवन में न बचे। मनुष्य का अस्तित्व उसके संबंधों से परिभाषित होता है। जब संबंध बोझ बनने लगें, तो लंबी आयु कारावास बन जाती है।

यह प्रयोग वैज्ञानिक जिज्ञासा की पराकाष्ठा है, किंतु इसे विवेक की कसौटी पर कसना अनिवार्य है। केवल आयु का बढ़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। जैसा कि हमारा दर्शन मानता है, 'जीवेम शरदः शतम' का अर्थ केवल सौ वर्ष जीना नहीं, बल्कि सौ वर्ष तक चैतन्य रहकर योगदान देना है।

रूस का यह शोध यदि मनुष्य को केवल एक अमर 'उपभोक्ता' बनाती है, तो यह प्रकृति के विरुद्ध अपराध होगा, लेकिन यदि यह वृद्धों को पीड़ा से मुक्त कर उन्हें पुनः सृजनशील बनाती है, तो यह विज्ञान का उपहार होगा। साफ बात है कि जीवन की सार्थकता उसकी लंबाई में नहीं होती है बल्कि यह उसकी गहराई और मर्यादा में निहित है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

सपनों के शहरों में संघर्ष करती बस्तियां

भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊंची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियां भी हैं, जहां जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है। शहरों की अर्थव्यवस्था को चलाने वाले यही प्रवासी मजदूर और उनके परिवार अक्सर उन बस्तियों में रहने को मजबूर होते हैं, जहां न साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होती है, न पीने के स्वच्छ पानी की उपलब्धता। इन बस्तियों में केवल गरीबी और संघर्षों की कहानियां ही छिपी नहीं होती हैं, बल्कि सामाजिक असमानता, प्रशासनिक उपेक्षा और विकास के असंतुलित मॉडल का भी आईना होता है।

चंचल
एक्टिविस्ट

इन बस्तियों में साक्षरता की दर भी काफी कम होती है। यहां रहने वाले अधिकांश परिवार देश के तमाम हिस्सों और आसपास के छोटे शहरों से रोजगार की तलाश में आते हैं, जहां शहर ने उन्हें काम तो दिया, लेकिन सम्मानजनक जीवन नहीं। ऐसी बस्ती में गंदगी और जलभराव आम समस्या है। संकरी गलियों में कूड़े के ढेर, खुले नाले और दूषित जल स्रोत बीमारियों को खुला न्योता देते हैं। कई परिवारों को पीने के लिए साफ पानी तक नसीब नहीं होता, जिसके कारण डायरिया, टाइफाइड और त्वचा संबंधी बीमारियां आम हैं। स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों के बावजूद इन बस्तियों तक सफाई की व्यवस्था प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाई है।

> भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊंची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियां भी हैं, जहां जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है।

भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार देश में लगभग 6.5 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते हैं, जो कुल शहरी आबादी का लगभग 17 प्रतिशत है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, इन बस्तियों में रहने वाले करीब 40 प्रतिशत लोगों के पास शुद्ध पेयजल की नियमित सुविधा नहीं है, जबकि लगभग 30 प्रतिशत परिवारों को शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट ही नहीं, बल्कि मानव गरिमा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

इन समस्याओं के बीच सबसे अधिक प्रभावित होते हैं बच्चे। पलायन कर इन बस्तियों में रहने वाले परिवारों के पास अक्सर वैध दस्तावेज़ नहीं होते, जैसे कि आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र। इसके अभाव में उनके बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता। शिक्षा से वंचित ये बच्चे धीरे-धीरे गलत संगत में पड़ जाते हैं। कई बच्चे नशे की लत का शिकार हो जाते हैं या फिर बाल मजदूरी करने लगते हैं। सड़कों पर काम करते, कूड़ा बीनते या छोटे-मोटे ढाबों पर काम करते बच्चे हमारे समाज की उस सच्चाई को उजागर करते हैं, जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। विशेष रूप से किशोरियों की स्थिति और भी चिंताजनक है। शिक्षा के अभाव और सामाजिक दबाव के कारण इनकी कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है। जल्द ही वे मातृत्व की जिम्मेदारी उठा लेती हैं, लेकिन पर्याप्त पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में वे कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

जिम्मेदारियां उसे तोड़ नहीं पातीं

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी मां का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन मां के निःस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है, जो हर जीवन की नींव है। मां वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर मां का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है, इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।

कृति जैन
लेखिका

जहां शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं, वहीं मां के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही मां के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देना— ये सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में 'माता' वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर मां तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब मां की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक मां ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवेदनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहां मां खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है, इसलिए मां की कोई तुलना संभव नहीं— वह हर उपमा से परे है।

जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब मां का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करना— यही मां की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

बच्चों के लिए अनुशासन जुल्म न बन जाए

कानपुर की एक अदालत की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान देने वाले 24 वर्षीय प्रशिक्षु अधिवक्ता प्रियांशु श्रीवास्तव की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। मरने से पहले लिखे गए उनके सुसाइड नोट में आर्थिक संकट, प्रेम प्रसंग या करियर में असफलता का उल्लेख नहीं था। उसमें बार-बार बचपन से महसूस किए गए अपमान, भय, नियंत्रण और भावनात्मक घुटन का जिक्र था, जिसे उन्होंने अपने पिता की कठोरता से जोड़ा, हालांकि सुसाइड नोट में लिखी बातें व्यक्तिगत आरोप हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि जांच का विषय है, फिर भी यह घटना भारतीय पैरेंटिंग के उस चेहरे को सामने लाती है, जिस पर समाज लंबे समय से आंखें मूंदे बैठा है।

> माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने। डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पैरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे।

अनुशासन के नाम पर अपमान, नियंत्रण और डर को सामान्य मान लिया जाता है। यह घटना हमें मजबूर करती है कि हम पूछें— क्या हम अपने बच्चों को संवार रहे हैं, या अनजाने में तोड़ रहे हैं? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, अनुशासित रहे और जीवन में भटके नहीं।

डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पैरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे। जब हर गलती पर चरित्र पर हमला हो, हर असहमति को बदतमीजी कहा जाए और हर निर्णय भय से मनवाया जाए, तब अनुशासन धीरे-धीरे जुल्म में बदल जाता है। सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करना, लगातार शक करना, हर गतिविधि पर नियंत्रण रखना और भावनाओं को महत्वहीन बताना बच्चे को सुधारता नहीं, भीतर से कमजोर करता है।

राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे समाज में लंबे समय से यह धारणा रही है कि 'मार-डांट से ही बच्चे बनते हैं।' अनेक माता-पिता अपनी कठोरता को प्रेम और जिम्मेदारी का हिस्सा मानते हैं। उन्हें लगता है कि डर रहेगा, तो बच्चा अनुशासित रहेगा और गलत रास्ते पर नहीं जाएगा। कई बार वे गर्व से कहते हैं, 'हमने भी अपने मां-बाप से मार खाई है, तभी कुछ बन पाए हैं,' लेकिन यह तर्क इस तथ्य को नजरअंदाज कर देता है कि हर पीढ़ी की मानसिक और भावनात्मक जरूरतें अलग होती हैं। आज का बच्चा केवल आदेश नहीं, संवाद चाहता है; केवल नियंत्रण नहीं, सम्मान चाहता है।

लगातार डांट, ताने, तुलना और अपमान झेलने वाला बच्चा धीरे-धीरे अपना आत्मविश्वास खोने लगता है। उसे महसूस होने लगता है कि वह कभी पर्याप्त अच्छा नहीं हो पाएगा। वह हर समय गलती के डर में जीता है और अपनी स्वाभाविक अभिव्यक्ति दबाने लगता है। ऐसे बच्चे बाहर से आज्ञाकारी दिख सकते हैं, लेकिन भीतर से लगातार चिंता, आत्मसम्मान की कमी और भावनाओं को दबाकर रखने की प्रवृत्ति से जूझ रहे होते हैं। कुछ बच्चे विद्रोही बन जाते हैं, कुछ पूरी तरह चुप। सबसे खतरनाक स्थिति तब होती है, जब बच्चा अपनी पीड़ा व्यक्त करना ही बंद कर देता है।

भारतीय परिवारों में बच्चों पर करियर, विषय, जीवनशैली और यहां तक कि मित्र चुनने तक का दबाव असामान्य नहीं है। 'हम तुमसे ज्यादा जानते हैं', 'तुम्हारे भले के लिए कह रहे हैं'— इन वाक्यों के पीछे कई बार बच्चे की व्यक्तिगत पहचान दब जाती है। हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, वकील या अफसर नहीं बनना चाहता। हर बच्चा एक जैसी क्षमताओं और रुचियों के साथ पैदा नहीं होता। जब उसकी पसंद, क्षमता और व्यक्तित्व की अनदेखी कर सिर्फ अपेक्षाएं थोपी जाती हैं, तो वह अपने ही जीवन से कटने लगता है।

बहुत से माता-पिता यह मानते हैं कि लोगों के सामने डांटने से बच्चा सुधर जाएगा, जबकि मनोविज्ञान बताता है कि सार्वजनिक अपमान बच्चे के आत्मसम्मान पर गहरा प्रहार करता है। घर वह स्थान होना चाहिए, जहां बच्चा सबसे अधिक सुरक्षित महसूस करे। यदि वहीं उसे बार-बार बेइज्जती मिले, तो उसके लिए दुनिया में कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचता। बच्चों की गलतियां सुधारी जानी चाहिए, लेकिन उनकी गरिमा तोड़े बिना। यह समझना भी जरूरी है कि अधिकतर कठोर माता-पिता अपने बच्चों से प्रेम करते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, सुरक्षित रहे और जीवन में आगे बढ़े। समस्या उनके इरादों में नहीं, तरीकों में होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'

माता का दर्जा कितना उच्चकोटि का है कि वाल्मीकि रामायण में 'मित्राणि धन धान्यानि प्रजानां सम्मतानिव, जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' कहा गया है। अर्थात 'मित्र, धन्य, धान्य आदि का संसार में बहुत अधिक सम्मान है, (किंतु) माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यहां जननी का स्थान तो स्पष्ट है कि जन्म देने वाली मां है, लेकिन जन्मभूमि से मतलब गांव या जिला या घर-द्वार नहीं बल्कि मां की कोख है, जिस कोख में शिशु को आकृति मिलती है। इस कोख रूपी भूमि में मां के रक्त-मज्ज़ा से नौ माह बाद शिशु जन्म लेता है। मां की कोख रूपी भूमि से विलग होते समय शिशु रोता है कि जिस भूमि में उसे मां की श्वासों से सुकून मिलता था, उससे वह वंचित होने जा रहा है।

सागर की अथाह गहराइयों जैसी होती है मां के हृदय की ममता की गहराइयां। मां की महत्ता पर धर्मग्रंथों से लेकर साहित्य ही नहीं, इतिहास के पन्ने भरे पड़े हैं। मां को 'मातृदेवो भव' कहकर भगवान के रूप में प्रथम स्थान दिया गया है। जब कभी ईश-वंदना होती है, तो 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव... त्वमेव सर्वं मम देवदेव' श्लोक में माता को सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। आदिगुरु शंकराचार्य ने 'कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति' श्लोक अंश में स्पष्ट कर दिया है कि कुपुत्र का होना संभव है, किंतु कहीं भी कुमाता नहीं होती।

धर्मग्रंथों में गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस में भगवान राम ने मां की महत्ता का दृष्टांत पेश किया है। जन्म लेते वे चतुर्भुजी नारायण के रूप में मां कौशल्या को ही दर्शन दिया। श्रीराम ने मां को चतुर्भुजी रूप में दर्शन दिया। श्रीराम को जब वनवास दे दिया गया और वे माता कौशल्या को बताने गए, 'पिता दीन्ह मोहि कानन राजू, जहं सब भांति मोर बड़ काजू' तो माता कौशल्या ने 'जौं केवल पितु आयसु ताता, तौ जनि जाहु जानि बड़ि माता, जौं पितु मातु कहेऊ बन जाना, तौ कानन सत अवध समाना' चौपाई में माता कौशल्या ने कहा कि माता को बड़ी जानकर वन मत जाओ, लेकिन जब माता-पिता दोनों वन जाने को कहें तो वह तुम्हारे लिए वन सैकड़ों अयोध्या के समान है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

राजस्थान में गेहूं की खेती क्यों बनती जा रही महंगा सौदा

राजस्थान में गेहूं पैदा करना अब किसानों के लिए लगातार महंगा सौदा बन गया है। हालात ऐसे हैं कि एक तरफ खेती की लागत तेजी से बढ़ रही है और दूसरी तरफ किसानों की बचत उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रही। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के विपणन अनुमान 2025 के आंकड़ों से इस समस्या की गंभीरता साफ दिखाई देती है। बड़ा सवाल है कि निरंतर बढ़ती लागत को किसान कैसे और कब तक झेल पाएंगे?

आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में एक क्विंटल गेहूं पैदा करने की लागत करीब 1488 रुपये तक पहुंच चुकी है। वहीं पंजाब में यही लागत लगभग 905 रुपये है। यानी राजस्थान का किसान पंजाब के किसान की तुलना में करीब 64 प्रतिशत ज्यादा खर्च करके गेहूं उगा रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों का अंतर नहीं है, बल्कि उन मुश्किल परिस्थितियों की हकीकत है, जिसे झेल कर राजस्थान का किसान खेती कर रहा है।

अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

देश में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी सभी राज्यों के लिए एक समान तय किया जाता है। इस साल गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। सुनने में यह व्यवस्था बराबरी वाली लगती है, लेकिन समस्या इसलिए पैदा होती है, क्योंकि खेती की लागत हर राज्य में अलग-अलग है। पंजाब और हरियाणा में बेहतर सिंचाई व्यवस्था, मजबूत कृषि ढांचा और ज्यादा उत्पादन होने के कारण किसानों की लागत अपेक्षाकृत कम रहती है। वहीं राजस्थान का किसान कम पानी, महंगी सिंचाई और बढ़ती मजदूरी के बीच खेती करने को मजबूर है। ऐसे में समान एमएसपी होने के बावजूद उसकी वास्तविक बचत काफी कम रह जाती है।

राजस्थान में पानी की कमी खेती की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रदेश के कई इलाकों में किसान पूरी तरह ट्यूबवेल और भूमिगत जल पर निर्भर हैं। भूजल लगातार नीचे जा रहा है और सिंचाई के लिए बिजली तथा डीजल पर खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। गेहूं को समय पर और कई बार सिंचाई चाहिए, बिजली और डीजल के खर्च के कारण यह सिंचाई स्वाभाविक रूप से यहां ज्यादा महंगी पड़ती है। इसके मुकाबले पंजाब में वर्षों से नहरों और भूजल आधारित सिंचाई का मजबूत नेटवर्क किसानों को राहत देता रहा है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के ज्यादातर इलाकों में नहरों का जाल बिछा हुआ है, लेकिन यहां भी फसलों की जरूरत के समय नहर बंदी समस्या पैदा करती है।

खेती की लागत बढ़ने में मजदूरी भी बड़ा कारण बन रही है। पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में कृषि मजदूरी तेजी से बढ़ी है। गांवों से मजदूरों का शहरों की ओर पलायन बढ़ने के कारण खेती के समय मजदूर आसानी से उपलब्ध नहीं होते। मजबूरन, किसानों को ज्यादा दिहाड़ी देकर मजदूर बुलाने पड़ते हैं। छोटे किसानों के लिए यह खर्च और ज्यादा भारी साबित होता है। मशीनों का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। ट्रैक्टर, कंबाइन और अन्य कृषि उपकरणों का किराया पहले की तुलना में काफी महंगा हो चुका है। डीजल के बढ़ते दामों ने इस बोझ को और बढ़ा दिया है। जिन किसानों के पास कम जमीन है, उनके लिए मशीनों की लागत उत्पादन के अनुपात में और ज्यादा पड़ती है।

यही वजह है कि सिर्फ गेहूं ही नहीं, बल्कि सरसों, चना और जौ जैसी फसलों की लागत भी लगातार ऊपर जा रही है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए गेहूं पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना शुरू किया है। यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, क्योंकि इससे किसानों को कुछ आर्थिक सहारा मिलता है, लेकिन जिस तेजी से खेती की लागत बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह राहत कम ही है। कई किसानों का मानना है कि सरकार को बोनस राशि बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए, ताकि उन्हें वास्तविक राहत मिल सके। केवल बोनस से समस्या का पूरा समाधान संभव नहीं है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

89,766 ने दी प्रवक्ता परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रवक्ता संवर्ग के अंतर्गत कुल 18 विषयों की लिखित परीक्षा के क्रम में शनिवार को प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में कुल 9 विषयों की परीक्षा प्रदेश के 17 जनपदों (मंडल मुख्यालयों) में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक कराई गई।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक 278 परीक्षा केंद्रों पर भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास एवं शिक्षाशास्त्र विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में अपरान्ह 2:30 बजे से 4:30 बजे तक 269 परीक्षा केंद्रों पर अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य एवं समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा हुई। परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुचिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केंद्रों की सघन निगरानी की गई। इस दौरान आयोग के सदस्य, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूर्णतः पारदर्शी, नकलविहीन, सुचितापूर्ण, निर्विघ्न एवं समयबद्ध तरीके से सम्पन्न हुई। लिखित परीक्षा में कुल 89,766 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 34.89 प्रतिशत तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 42.26 प्रतिशत रही।

- **परीक्षा केंद्रों पर एआई कैमरों से रखी गई नजर**

अयोध्या में जल जीवन मिशन का पहला स्किल सेंटर स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **महिलाएं भी बनीं पंप ऑपरेटर स्थानीय स्तर पर तैयार हो रहा दक्ष तकनीकी कार्यबल**

अमृत विचार : जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता सुधारने और स्थानीय स्तर पर दक्ष तकनीकी कार्यबल तैयार करने के लिए अयोध्या में प्रदेश का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया गया है। यहां अब तक 550 से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें 10 महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर विभिन्न पेयजल योजनाओं में तैनात किया गया है।

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) ने यह केंद्र अयोध्या के रुदौली विकासखंड स्थित मुजफ्फरपुर-जलालपुर पेयजल योजना परिसर में स्थापित किया है। सक्रिय जलापूर्ति योजना के बीच संचालित इस केंद्र में प्रशिक्षणार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव भी मिल रहा है।

22 बैच में 550 से अधिक कारीगर प्रशिक्षित : केंद्र में फिटर, प्लंबर, मिस्त्री और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 22 प्रशिक्षण बैच पूरे हो चुके हैं, जिनमें प्रत्येक बैच में 25 प्रतिभागी शामिल रहे। कुल 550 से अधिक कारीगर प्रशिक्षित हो चुके हैं, जिनमें 10 महिलाएं भी शामिल हैं। प्रशिक्षित कारीगरों की सेवाएं अयोध्या के अलावा सुल्तानपुर और देवरिया की जल जीवन मिशन परियोजनाओं में भी ली जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, प्रशिक्षण के बाद पाइप जॉइंटिंग में मानकीकरण से रिसाव की घटनाएं कम हुई हैं, निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहतर हुई है और सुरक्षा मानकों का पालन बढ़ा है।

प्रशिक्षित होकर 10 महिलाएं पंप ऑपरेटर के रूप में दे रही सेवाएं : केंद्र की एक खास उपलब्धि महिला भागीदारी है। अब तक 10 महिलाओं को पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर अयोध्या की विभिन्न पेयजल योजनाओं पर तैनात किया जा चुका है। ये महिला ऑपरेटर अपने गांवों में जलापूर्ति प्रणाली का कुशल संचालन कर रही हैं। इससे जलापूर्ति व्यवस्था की विश्वसनीयता बढ़ने के साथ ग्रामीण महिलाओं के लिए तकनीकी रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं।

बाहरी श्रमिकों पर निर्भरता कम, स्थानीय को लाभ

स्थानीय प्रशिक्षित कार्यबल की उपलब्धता से बाहरी श्रमिकों पर निर्भरता कम हुई है तथा परियोजनाओं की गति तेज हुई है। उचित संस्थापन और गुणवत्तापूर्ण कार्य से रखरखाव लागत में कमी, परिसंपत्तियों के जीवनकाल में वृद्धि और जलापूर्ति प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ रही है, जो मिशन के मूल उद्देश्य "हर घर नल से जल" को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

न्यूज ब्रीफ

प्रदेश में बनेंगे 165 पांटून पुल

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में 165 नए पांटून पुल मंजूर किए गए हैं। ये पुल यातायात की सुविधा के लिए विभिन्न नदियों पर बनाए जाएंगे। इनके निर्माण पर 52.70 करोड़ रुपये लागत आएगी। पांटून पुल नदियों को पार करने की अपेक्षाकृत सुरक्षित अस्थाई व्यवस्था होती है, जो सिर्फ मानसून सीजन में हटा ली जाती है। ये पुल उन स्थानों पर बनाए जाते हैं, जहां पक्के पुलों का अभाव है। ये पांटून पुल आगरा, अलीगढ़, अमेठी, औरेया, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, फर्रुखाबाद, इटावा, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई और कुशीनगर में बनाए जाएंगे। इसके अलावा लखीमपुर खीरी, मथुरा, मऊ, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कानपुर देहात, कौशाम्बी, वाराणसी जिलों में भी बनाए जाएंगे। शासन ने इन कार्यों को चालू वित्त वर्ष में ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

एक करोड़ कीमत की अवैध हेरोइन बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स हरियाणा के सहयोग से एएनटीएफ यूनिट सहारनपुर की टीम ने करनाल के सदर थाना क्षेत्र से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 454 ग्राम अवैध हेरोइन व एक मोबाइल फोन मिला है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये के करीब बताई जा रही है। एएनटीएफ सहारनपुर के उपनिरीक्षक नवीन कुमार के बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम सहारनपुर जिले के गागलहेडी थाना क्षेत्र स्थित बुढा खेड़ा गांव निवासी वंश यादव पुत्र सुनील यादव बताया।

अल्पसंख्यक छात्रों के लिए शुरू होगी दंत स्वास्थ्य योजना

अमृत विचार, लखनऊ : अल्पसंख्यक कल्याण विभाग प्रदेश के अल्पसंख्यक और मदरसा छात्रों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नई पहल करने जा रहा है। विभाग ने कोलगेट-पामोलिव कंपनी के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत विशेष कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मदरसा और अल्पसंख्यक छात्रों के बीच मुख स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नियमित दंत परीक्षण और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा हुई। योजना के तहत छात्रों को नि:शुल्क दंत स्वास्थ्य किट दी जाएंगी, जिनमें टूथब्रश, टूथपेस्ट और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल होगी। साथ ही समय-समय पर दंत परीक्षण शिविर भी लगाए जाएंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना ढाई घंटे होने लगी बिजली कटौती

यूपीपीसीएल ने सभी तहसील मुख्यालयों और नगर पंचायतों के लिए जारी किया आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में बिजली संकट को लेकर सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर सामने आया है। उप्र. पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों और नगर पंचायतों में प्रतिदिन 2. 30 घंटे की नियोजित बिजली कटौती का आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था 31 मई 2026 तक लागू रहेगी। यूपीपीसीएल के आंतरिक आदेश ने राज्य सरकार के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अधीक्षण अभियंता (प्रणाली नियंत्रण), लखनऊ द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटौती सुबह और दोपहर, दो चरणों में की जाएगी। प्रदेश के अलग-अलग एरिया लोड डिस्पैच सेंटर (एएलडीसी), लखनऊ, पनकी, सारनाथ और मोदीपुरम अंतर्गत आने वाले जिलों के लिए अलग-अलग समय-सारिणी जारी की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर इस नियोजित कटौती को उपभोक्ताओं से लाइन फॉल्ट या तकनीकी खराबी बताकर छिपाया जा रहा है। आदेश से यह साफ हो गया है कि मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए कटौती का सहारा लिया जा रहा है।

ग्रिड सुरक्षा के तहत लिया गया फैसला

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सेंट्रल इलेक्ट्रिकसिटी रेगुलरट्री कमीशन) के दिशा-निर्देशों और ग्रिड सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जरूरत पड़ने पर प्रणाली नियंत्रण को अतिरिक्त कटौती करने का अधिकार भी दिया गया है।

एएलडीसी लखनऊ : एएलडीसी लखनऊ अंतर्गत 19 जिलों में आंबेडकर नगर, बहराइच, बाराबंकी, बदांयू, गोंडा, लखीमपुरखीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर, उन्नाव, अमेठी, बलरामपुर, बरेली, अयोध्या, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, श्रावस्ती और सुल्तानपुर की तहसीलों में सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक, दोपहर में 12.15 से 1.15 बजे तक और नगर पंचायतों में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक व दोपहर में 2 बजे से 3.15 बजे तक तक कटौती जारी रहेगी।

एएलडीसी सारनाथ : एएलडीसी सारनाथ अंतर्गत 21 जिलों में प्रयागराज, बलिया, भदोही, देवरिया, गाजीपुर, वाराणसी, कुशीनगर, मऊ, संतकबीर नगर, सोनभद्र, आजमगढ़, बस्ती, चंदौली, फतेहपुर, गोरखपुर, कौशांबी, महाराजगंज, मिर्जापुर, सिद्धार्थनगर, जौनपुर और प्रतापगढ़ जिले शामिल हैं, इनकी तहसीलों में सुबह 5.30 बजे से 7 बजे तक और दोपहर में 12.15 से 1.15 बजे तक कटौती की जा रही है, साथ ही नगर पंचायतों में सुबह 5.45 से 6.45 बजे तक और दोपहर में 1.15 से 2.45 बजे तक कटौती जारी रहेगी।

एएलडीसी पनकी : आदेश में एएलडीसी पनकी अंतर्गत 21 जिलों में आगरा, अलीगढ़, औरैया, चित्रकूट, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, झांसी, कासगंज, महोबा, मथुरा, कानपुर, बांदा, एटा, फर्रूखाबाद, हमीरपरु, जालौन, कानपुर देहात, ललितपुर, मैनपुरी, कन्नौज में सुबह 6.15 से 7.45 बजे तक और दोपहर में 3.30 से 4.30 बजे तक कटौती रहेगी, नगर पंचायत में सुबह सात से आठ बजे तक और दोपहर 3 बजे से 4.30 बजे तक रोजाना कटौती की जाएगी।

एएलडीसी मोदीपुरम : इसके अलावा मोदीपुरम अंतर्गत 6 जिले, अमरोहा, बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर, संभल और मुरादाबाद की तहसीलों में सुबह 7 बजे से 8.30 बजे तक, दोपहर में 3 बजे से 4 बजे तक और नगर पंचायतों में सुबह 6.45 से 7.45 तक, दोपहर में 2.45 से 4.15 बजे तक कटौती की जाएगी।

बैडमिंटन की तरह युवा अपने सपनों को भी टूटने न दें : योगी

अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों से कहा कि जैसे बैडमिंटन में खिलाड़ी शटल को जमीन पर नहीं गिरने देते, उसी तरह जीवन में अपने सपनों और हौसलों को भी टूटने नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता, संघर्ष और विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की सीख देता है।

मुख्यमंत्री शनिवार को गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन अकादमी में द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता (बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस) 2025-26 का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की, बैडमिंटन खेला और प्रतियोगिता की स्मारिका का विमोचन किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 1,400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगित के उद्घाटन मौके पर बैडमिंटन में हाथ आजमाते मुख्यमंत्री योगी।

2017 से पहले उपेक्षित थे खिलाड़ी: योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में खेल सुविधाएं सीमित थीं और खिलाड़ी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर रहते थे। अब राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के लिए पारदर्शी व्यवस्था लागू की है। खेल कोटे के तहत नौकरियों में दो प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के 534 खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से यूपी पुलिस और अन्य विभागों में नियुक्ति दी जा चुकी है, जबकि 546 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। वर्ष 2021 से अब तक 334 खिलाड़ियों को पदोन्नति दी गई है।

ऊर्जा क्षेत्र में यूपी की बनी नई पहचान

ऊर्जा मंत्री बोले- पीक पावर सप्लाई में देश में पहले स्थान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बिजली उत्पादन और वितरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि**

अमृत विचार : प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन, वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति हुई है, जिससे प्रदेश देश के प्रमुख ऊर्जा केंद्रों में शामिल हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले छह वर्षों से बिजली दरों में वृद्धि नहीं की गई है। किसानों को निःशुल्क बिजली सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति बिजली खपत 489 यूनिट थी, जो अब बढ़कर 630 यूनिट तक पहुंच गई है। इसी अवधि में प्रदेश की औसत पीक डिमांड लगभग 13,000 मेगावाट से बढ़कर 30,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। पिछले वर्ष अधिकतम 31,468 मेगावाट और इस वर्ष 28 अप्रैल को 29,475 मेगावाट की मांग की सफलतापूर्वक आपूर्ति की गई। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित प्रबंधन से बिलिंग त्रुटियों में कमी आई है और उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

ऊर्जा मंत्री एके सिंह।

तापीय उत्पादन क्षमता हुई दोगुनी

मंत्री एके शर्मा के अनुसार, वर्ष 2017 में प्रदेश की अधिकतम तापीय विद्युत उत्पादन क्षमता 5,160 मेगावाट थी, जो अब बढ़कर 9,120 मेगावाट हो गई है। घाटमपुर परियोजना की 660 मेगावाट इकाई शीघ्र शुरू होने वाली है। इसके अलावा ओबरा-डी, अनपरा-ई, मेजा और मिर्जापुर परियोजनाओं के माध्यम से 10,600 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ी जा रही है।

राजस्व सरप्लस राज्य बना यूपी: आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: 'इन्वेस्ट यूपी' की ओर से शनिवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित उच्चस्तरीय ''मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) कॉन्क्लेव'' में देश के दिग्गज कंपनियों के 175 से अधिक सीएफओ और सीएक्सओ शामिल हुए। इनमें से कई शीर्ष अधिकारी पहली बार लखनऊ पहुंचे थे, जिन्होंने राज्य के अभूतपूर्व इंफ्रास्ट्रक्चर और नए औद्योगिक परिदृश्य को सराहा।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने "राजकोषीय अनुशासन, तीव्र विकासः राज्य की बैलेंस शीट से कॉर्पोरेट फाइनेंस क्या सीख सकता है" विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश आज राजस्व सरप्लस राज्य है। राज्य में तेजी से विकसित हो रहा इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश-अनुकूल वातावरण और प्रभावी सुधार औद्योगिक विकास को नई गति दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में शामिल लगभग 90 प्रतिशत सीएफओ पहली बार लखनऊ आए थे, जबकि कई प्रतिनिधि एक दशक बाद शहर पहुंचे। सभी ने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, शहरी विकास और उद्योग-अनुकूल माहौल में आए व्यापक बदलाव पर आश्चर्य व्यक्त किया, जिसने उत्तर प्रदेश को लेकर उनकी सोच को सकारात्मक रूप से बदल दिया।

प्रमुख सचिव, नियोजन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की रणनीति साझा की। उन्होंने बड़े पैमाने पर विकास, निवेश संवर्धन, नवाचार और प्रस्तावित लखनऊ एआई सिटी जैसी नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरण आनंद ने उत्तर प्रदेश को घरेलू और वैश्विक निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बताया। एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) के चलते उत्तर प्रदेश को बीआरएपी के तहत 'टॉप अचीवर' श्रेणी में है।

सीएफओ कान्क्लेव में उपस्थित कंपनियों के सीएफओ और प्रदेश के अधिकारी।

सीएफओ कॉन्क्लेव

- **इंफ्रास्ट्रक्चर और नीति सुधारों से प्रदेश बना निवेशकों की पसंद**

सीवरेज प्लांट से फसल चौपट, किसान ने दी जान, दो साल से नहीं हुई पैदावार

कानपुर, अमृत विचार। महाराजपुर में 70 वर्षीय बुजुर्ग ने सुनवाई न होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि पिता सीवरेज प्लांट के कारण तनाव से गुजर रहे थे। दो साल से दो बीघा खते में फसल की कोई पैदावार नहीं हुई। सजारी सीवरेज प्लांट का गंदा और खारा पानी खेत में भरने के कारण बोई फसल बर्बाद हो रही है। इसी तनाव में पिता ने यह कदम उठाया है। दीपपुर निवासी रामआसरे खेती-किसानी करते थे। परिवार में पत्नी शारदा देवी, बेटा अंकित, दो बेटियां माया व ममता है। बेटे ने बताया कि उनके पास दो बीघा जमीन है। समीप में ही सजारी सीवरेट प्लांट है। जिससे प्लांट से निकलने वाला गंदा पानी खेत में ही भरता है। इससे जमीन बुवाई लायक नहीं रहती है। अगर फसल बो भी दी जाए तो भरने वाला खारा पानी पूरी फसल बर्बाद कर देता है। दो साल से बिल्कुल पैदावार नहीं हुई।

बिना शोधित कोई नाला नदियों में न जाए : जलशक्ति मंत्री

अमृत विचार, लखनऊः प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा जल निगम (ग्रामीण) सभागार में की।

जलशक्ति मंत्री ने नमामि गंगे परियोजनाओं के अन्तर्गत निर्माणाधीन सीवेज शोधन संयंत्रों (एसटीपी) को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी नाला बिना शोधित हुए नदियों में न जाए। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

मल्टीलेयर चुनाव माफिया से है लड़ाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए समाजवादियों को मल्टीलेयर चुनाव माफियाओं से लड़ना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में कई स्तरों पर चुनाव माफिया सक्रिय हैं और संवैधानिक संस्थाओं की साख बचाने के लिए सभी को मिलकर मुकाबला करना होगा।

सपा प्रमुख पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नकारात्मक और समाज में दरार पैदा करने वाली पार्टी है। सपा की मांग है कि जब अमेरिका, इंग्लैंड और जर्मनी जैसे देशों में बैलेट पेपर से मतदान होता है तो भारत में भी बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए और वोटों में हेरफेर किया गया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद जारी मतदाता सूची में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर वोट काटे जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा वोट के साथ जनता के अधिकार भी छीन रही है।

प्रेस कांफ्रेंस करते अखिलेश यादव।

अखिलेश बोले- मुख्यमंत्री की शक्ति का हो रहा 'कटाव'

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं पर तंज कसते हुए कहा कि 'दिल्ली से पर्ची आ गई क्या?' उनके इस बयान से प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। शनिवार शाम को सोशल मीडिया एक्स पर सपा प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री की शक्ति का 'कटाव-झटाव'' हो रहा है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि जिनका मंत्रिमंडल है, उनसे भी पूछ लो। साथ ही उन्होंने सत्ता पक्ष की अगल-बगल की जोड़ी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि रील बनाएंगे या कुछ भला-चंगा भी होगा?

फार्मर रजिस्ट्री में 2.23 करोड़ का पंजीकरण

अमृत विचार, लखनऊः प्रदेश में किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करने के लिए चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत अब तक 2.23 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। यह केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 77.43 प्रतिशत है। राज्य सरकार ने शेष किसानों का पंजीकरण 6 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 5 नवंबर 2024 से शुरू हुए अभियान के तहत 9 मई तक 2,23,54,644 किसानों का नामांकन किया जा चुका है, जबकि करीब 65.15 लाख किसानों का पंजीकरण अभी शेष है।

उपलब्धि प्रदेश में गर्भवती महिलाओं तक औसतन 7 मिनट में पहुंच रही मदद

102 एंबुलेंस सेवा से मातृ मृत्यु दर में कमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **रोज 40 हजार से अधिक जच्चा बच्चा हो रहे लाभान्वित**

अमृत विचार : गर्भवती महिलाओं को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में 102 एंबुलेंस सेवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सेवा के सुदृढ़ होने से प्रदेश में मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे (एसआरएस) के मुताबिक, वर्ष 2015-17 में उत्तर प्रदेश का मातृ मृत्यु अनुपात 216 प्रति एक लाख जीवित जन्म था, जो वर्ष 2021-23 में घटकर 141 रह गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित घोष के अनुसार, प्रदेश में वर्तमान में 102 सेवा के तहत 2,270 एंबुलेंस संचालित हैं। इनके माध्यम से औसतन प्रतिदिन 40,524 गर्भवती महिलाओं और नवजातों को अस्पताल पहुंचाने तथा अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि 102 एंबुलेंस का औसत रिस्पांस टाइम घटकर 7 मिनट 6 सेकंड रह गया है, जबकि वर्ष 2016 में यह 11 मिनट 28 सेकंड था। कोविड काल के दौरान 2020 और 2021 में यह समय बढ़ा, लेकिन बाद में इसमें तेजी से सुधार हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर नई एंबुलेंस शामिल की गईं। वर्ष 2019 और 2023 में कुल 2,228 पुरानी एंबुलेंस बदली गईं, जबकि सेवा विस्तार के लिए 306 अतिरिक्त एंबुलेंस जोड़ी गईं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण तथा एंबुलेंस सेवा की बेहतर निगरानी के कारण गर्भवती महिलाओं को आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल रही है, जिससे सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिला है।

रिस्पांस टाइम सबसे कम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि 102 सेवा के बेहतर संचालन से गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार मिल रहा है, जिससे मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश का 7 मिनट 6 सेकंड का रिस्पांस टाइम देश में सबसे कम है। तुलना में राजस्थान का औसत समय 7 मिनट 57 सेकंड और केरल का 10 मिनट 45 सेकंड है।

एचएमएसआई ने मोटरसाइकिलें वापस मंगाईं

नयी दिल्ली। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) ने अपनी सीबी1000 हॉर्नेट एसपी मोटरसाइकिलों की स्वैच्छिक रूप से वापसी की घोषणा की है। यह कदम फ्यूल पाइप फिट करने के तरीके सहित दो तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए उठाया गया है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 10 मई 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

सैमसंग ने शुरू किया नवाचार और शिक्षा का पांचवां संस्करण

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने शुक्रवार को भारत में अपने प्रमुख नवाचार और शिक्षा कार्यक्रम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो' के पांचवें संस्करण को शुरू करने की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2026 के संस्करण में शीर्ष चार विजेता टीमों को दो करोड़ रुपये तक का 'इनक्यूबेशन' अनुदान दिया जाएगा, जिससे वे अपने विचारों को आगे विकसित कर सकें। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में इनक्यूबेशन सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, शीर्ष 20 टीमों को 20 लाख रुपये तथा उसके बाद शीर्ष 40 टीमों को आठ लाख रुपये, सैमसंग के उपकरण और मेंटरशिप सहायता दी जाएगी।

हिमाचल में चेरी की खरीद शुरू करेगा अडानी एग्री फ्रेश

लखनऊ। अडानी इंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडानी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने शनिवार को स्टोन फ्रूट श्रेणी में प्रवेश करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि वह अब हिमाचल प्रदेश में चेरी तथा दूसरे स्टोन फ्रूट की खरीद शुरू करने की योजना बना रही है। इससे फलों की स्टोरेज अवधि बेहतर होगी, किसानों को बड़े बाजार मिलेंगे और उनकी उपज का बेहतर दाम मिलेगा। हिमाचल में एएएफएल के छह जगहों पर मौजूद कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर स्टोरेज सुविधाओं को अब चेरी के भंडारण और वितरण के लिए आधुनिक बनाया गया है।

यूरोपीय मूल्यों के अनुरूप है पीएम मोदी का संदेश -ईयू राजदूत

नई दिल्ली। यूरोपीय संघ (ईयू) के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी असीमित, महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील है तथा दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को गुणात्मक और रणनीतिक दृष्टि से पूरी तरह नए स्तर पर पहुंचा दिया है। डेल्फिन ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाला संदेश यूरोप के मूल्यों और पहचान के साथ गहराई से मेल खाता है। उन्होंने करीब साढ़े तीन महीने पहले आयोजित भारत-ईयू शिखर सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताय। कहा- प्रतीकात्मकता, सार्थकता और रणनीतिक महत्व के मेल से ऐतिहासिक परिणाम सामने आए। यह उपलब्धियां दोनों पक्षों के नेताओं के बीच राजनीतिक विश्वास और प्रतिबद्धता के बिना संभव नहीं थीं।

पांडा ने संभाला सेल के कोएमडी का पदभार

नई दिल्ली। डॉ. अशोक कुमार पांडा ने शनिवार को सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज इस्पात विनिर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला। इससे पहले कंपनी में निदेशक (वित्त) पद पर थे और लगभग नौ महीनों तक निदेशक (वाणिज्य) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाले हुए थे।

भारत की ग्रीन पैकेजिंग की मांग को पूरा करने की तैयारी में आईटीसी

अजय दयाल, हल्द्वानी

अमृत विचार: बीते साल मार्च में आईटीसी लिमिटेड ने आदित्य बिरला रियल एस्टेट लिमिटेड के अंतर्गत आने वाली लालकुआं (उत्तराखंड) स्थित सेंचुरी पल्प एंड पेपर का अधिग्रहण किया। यह सौदा लगभग लगभग 3,500 करोड़ रुपये में किया गया है। हालांकि अधिग्रहण की औपचारिकताएं अगले माह तक पूरा होने की प्रक्रिया में है। आईटीसी की मौजूदा चारों पेपर इकाइयां दक्षिण भारत (तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना) और पश्चिम बंगाल में हैं। लालकुआं मिल के जरिए अब उत्तर में उनकी सीधी पहुंच और पकड़ मजबूत होगी।

सेंचुरी पेपर लालकुआं के वाइस प्रेसिडेंट नरेश चन्द्रा लगभग 32 वर्षों से यहां सेवाएं दे रहे हैं। बीते साल ही वह वाइस प्रेसिडेंट बने। पदोन्नति से पूर्व नरेश चन्द्रा बतौर वरिष्ठ महाप्रबन्धक, मिल की सामाजिक वानिकी, पर्यावरण, जल प्रबन्धन व सामाजिक दायित्व जैसे विभागों का कार्यभार संभाल रहे थे। सेंचुरी की रणनीति, मौजूदा स्थिति, चुनौतियों और भविष्य को लेकर उनसे 'अमृत विचार' की लंबी बातचीत हुई। **पेश इस बातचीत के कुछ अंश-**

सेंचुरी पेपर लालकुआं के वाइस प्रेसिडेंट नरेश चन्द्रा से खास बातचीत

सवाल: प्लास्टिक को पर्यावरण का सबसे बड़ा खतरा बताया जाता है। कागज इंडस्ट्री के पास क्या इसका विकल्प है?

जवाब: फिलहाल हम भारत की ग्रीन पैकेजिंग की मांग को पूरा करने की तैयारी में हैं। जहां तक सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के प्रयोग की बात है तो इसपर अंकुश लगाने की पहल हर नागरिक को करनी होगी। कुछ देशों में सख्त कानून व जुर्माना है, यह नौबत न आए इसके लिए हमें अपने आचरण को बदलना ही होगा।

सवाल: ऐसा नहीं लगता कि हमारे पास पॉलिथीन जैसा सस्ता का विकल्प नहीं है?

जवाब: हां, कह सकते हैं कि अभी हमारे पास पॉलीथिन जैसा सस्ता पर्यावरण अनूकूल विकल्प नहीं है। लेकिन मोबाइल को हाथ में लेकर चलने की ही तरह हम झोला हाथ में लेकर चलने को आदत क्यों नहीं बना सकते।

सवाल: फिर ग्रीन पैकिजिंग से क्या है?

जवाब: पर्यावरण नियमों और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के कारण कागज आधारित टिकाऊ पैकेजिंग की मांग बढ़ रही है। हम ई-कॉमर्स, फार्मा, और फूड डिलीवरी जैसे क्षेत्रों के लिए ईको-फ्रेंडली पैकेजिंग समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह हमारी आईटीसी नेक्स्ट रणनीति के तहत होगा।

सवाल: क्या इसके लिए कोई लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है?

जवाब: कंपनी का लक्ष्य 2028 तक अपनी 100 प्रतिशत पैकेजिंग को रिसाइकिल या कंपोस्टेबल बनाना है। साथ ही, पेपर और पेपरबोर्ड व्यवसाय में तेजी से विस्तार करने का इरादा है।

सवाल: एक ओर पेपर लेस कल्चर को बढ़ावा, दूसरी ओर पेपर इंडस्ट्री को बूस्ट करने की योजना है, कैसे संभव है?

जवाब: सेंचुरी पल्प एंड पेपर मुख्य रूप से राइटिंग-प्रिंटिंग पेपर, कॉपियर पेपर, टिशू पेपर और पैकेजिंग बोर्ड्स का निर्माण करता है। आने वाले समय हम भारत के पेपरबोर्ड और स्पेशियलिटी पेपर क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और अधिक मजबूत कर लेंगे।

सवाल: सबसे बड़ी चुनौती क्या है?

जवाब: स्वाभाविक है लकड़ी आधारित अन्य उद्योग हमारे सामने चुनौती हैं। उदाहरण के तौर पर कागज व रेडीमेड फर्नीचर दोनों ही उद्योगों में रॉ मैटेरियल यानि उपयोग किए जाने वाले पेड़ों (लकड़ियों) की मांग है। कागज उद्योग मुख्य रूप से जिन वृक्षों पर निर्भर है। फर्नीचर उद्योग द्वारा इन लकड़ियों की सीधी खरीद ने कागज मिलों के लिए कई संकट पैदा कर दिए हैं।

सवाल: बगास (गन्ने की खोई) का उपयोग तो आप बेहतर कर रहे हैं लेकिन क्या पराली का भी सदुपयोग है?

जवाब: हमने प्रयास किया लेकिन पराली से परिणाम नहीं मिल सके। इससे कागज का निर्माण करने में सर्वाधिक उपयोगी गोंद की कमी रही।

सवाल: सेचुरी पेपर के बिजनेस का भविष्य क्या है?

जवाब : हमारा इरादा पेपर और पेपरबोर्ड व्यवसाय से पीछे हटने का नहीं, बल्कि इसमें तेजी से विस्तार करने का है। हम भारत के पेपरबोर्ड और स्पेशियलिटी पेपर क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और अधिक मजबूत कर लेंगे।

2015 से अब तक 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजीजीबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) ने अब तक करीब 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया है। सीतारमण ने बताया कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक सस्ती वित्तीय सुरक्षा पहुंचाना है। ये तीनों योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नौ मई 2015 को शुरू की गई थीं। बताया कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 27 करोड़, 58 करोड़ और 9 करोड़ से अधिक नामांकन किए गए हैं।

श्रम सुधार: लागू हुआ चार नई संहिताओं वाला कानून

पांच साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद सरकार ने जारी की अधिसूचना

नयी दिल्ली, एजेंसी

पांच साल से अधिक के लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने नियमों को अधिसूचित कर चार श्रम संहिताओं को पूरी तरह से लागू कर दिया है। इसका उद्देश्य सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा तय करना है।

चार श्रम संहिताओं में वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता, 2020 शामिल हैं।

ये सभी 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गई थीं। इन संहिताओं को 29 मौजूदा श्रम कानूनों को एकीकृत कर एक सरल और आधुनिक ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब इन चारों संहिताओं के तहत नियमों को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया है और इसके साथ ही इनके पूर्ण क्रियान्वयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

उन्होंने कहा कि यद्यपि श्रम संहिताएं 21 नवंबर, 2025 को कानून बन गई थीं, लेकिन नियमों के अभाव में कुछ प्रावधान स्पष्ट नहीं हो पाए थे। मसौदा नियम 30 दिसंबर, 2025 को हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए जारी किए गए थे, जिन्हें विधिक जांच के बाद अंतिम रूप देकर अधिसूचित किया गया।

इन नियमों का प्रकाशन संहिताओं को पूरी तरह लागू करने के लिए आवश्यक था। चार संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को समेटने का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही जटिलताओं को दूर करना और प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाना है।

इसका उद्देश्य व्यापार करने में सुगमता बढ़ाना, रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देना तथा प्रत्येक श्रमिक के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

नये श्रम कानून की ये हैं चार नई संहिताएं

1- वेतन संहिता-2019
2- औद्योगिक संबंध संहिता 2020
3-सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और
4-व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता 2020

आरबीआई अफसरों ने की गवर्नर से पदोन्नति नीति में सुधार को हस्तक्षेप की मांग

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के संगठन ने गवर्नर संजय मल्होत्रा को पत्र लिखकर पदोन्नति नीति में संशोधन के लिए हस्तक्षेप करने और समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली बहाल करने की मांग की है।

आरबीआई के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों और मुंबई स्थित केंद्रीय मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों ने शुक्रवार को नई पदोन्नति नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। नई नीति में पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता से जोड़ा गया है, जबकि पहले समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली लागू थी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आठ मई के पत्र में कहा कि केंद्रीय बैंक ने उनकी गंभीर चिंताओं, आपत्तियों और रचनात्मक सुझावों पर पर्याप्त विचार किए बिना संशोधित पदोन्नति नीति को लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे अधिकारी समुदाय में व्यापक असंतोष, निराशा और मनोबल में गिरावट आई है।

गुजरात ने विकसित किया 870 मेगावाट बैटरी भंडारण नेटवर्क

गांधीनगर, एजेंसी। गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने के लिए राज्य में पांच स्थानों पर कुल 870 मेगावाट क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की शुरुआत की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सौर और अन्य नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित बिजली को संग्रहित करने के लिए जरूरी मानी जाती है। इससे अतिरिक्त बिजली भार का प्रबंधन करने और ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गुजरात ने अहमदाबाद, गांधीनगर, बनासकांठा, पाटन और कच्छ जिलों में अतिरिक्त बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापित करने के लिए 13 परियोजनाएं भी पंजीकृत की हैं।

निवेश की पाठशाला

अटल पेंशन योजना : हर माह 210 करें निवेश, 5000 पेंशन

कारोबार डेस्क

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को आज यानी 9 मई को 11 साल पूरे हो गए हैं। मोदी सरकार ने यह योजना मई 2015 में शुरू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत निवेश करने वाले व्यक्ति को 60 साल का होने पर हर महीने 1,000 से लेकर 5,000 रुपए तक की पेंशन मिलती है। बस, आपको न्यूनतम राशि निवेश करनी होती है। यहां हम आपको अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि इससे जुड़कर आप लाभान्वित हो सकें-

टैक्सपेयर को नहीं मिलता लाभ

वास्तव में अटल पेंशन योजना टैक्सपेयर्स के लिए नहीं है। अर्थात यदि आप इनकम टैक्स चुकाते हैं तो इस योजना में अकाउंट नहीं खोल सकेंगे। सरकार ने ये नियम पहली अक्टूबर 2022 से लागू किया है। इसमें 18 लेकर 40 तक आयु के व्यक्ति के लिए निवेश और पेंशन की जानकारी इस वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

पेंशन के हिसाब से तय होगी निवेश की धनराशि

- यदि आपकी आयु 18 वर्ष है तो आपको कितनी राशि का निवेश करना होगा, यह इस पर निर्भर करेगा कि कितनी पेंशन चाहते हैं। एक से 5 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन लेने के लिए आपको 42 से लेकर 210 रुपए प्रतिमाह तक भुगतान करना होगा।
- यदि कोई सब्सक्राइबर 40 साल की उम्र में स्कीम लेता है तो उसे 291 से लेकर 1,454 रुपए प्रतिमाह तक का कॉन्ट्रीब्यूशन करना होगा।

कितने पैसे जमा करने पर मिलेगी कितनी पेंशन?

- अगर 18 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 42 रुपए जमा करेगा, तो उसे 60 का होने के बाद हर महीने 1000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 84 रुपए जमा करने पर 2000 रुपए पेंशन।
- 126 रुपए जमा करने पर 3000 रुपए पेंशन।
- 168 रुपए जमा करने पर 4000 रुपए पेंशन।
- इसी तरह 210 रुपए प्रतिमाह जमा करने पर हर महीने 5000 रुपए पेंशन मिलेगी।

- अगर 40 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 291 रुपए जमा करेगा, तो उसे 60 का होने के बाद हर महीने 1000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 582 रुपए जमा करे, तो 2000 रुपए पेंशन।
- 873 रुपए जमा करे, तो 3000 रुपए पेंशन।
- 1164 रुपए जमा करे, तो 4000 रुपए पेंशन।
- इसी तरह 1454 रुपए प्रतिमाह जमा करने पर उसे हर महीने 5000 रुपए पेंशन मिलेगी।

अपनी सुविधा के हिसाब से दे सकते हैं किस्त

- इस योजना के तहत इन्वेस्टर्स मंथली, क्वाटरली या सेमी-एनुअल यानी 6 माह की अवधि में निवेश कर सकते हैं। कॉन्ट्रीब्यूशन ऑटो-डेबिट हो जाएगा, यानी आपके अकाउंट से तय राशि अपने आप कट जाएगी और आपके पेंशन खाते में जमा हो जाएगी।

ग्राहक की मृत्यु के बाद जीवनसाथी को मिलेगी पेंशन

- सब्सक्राइबर यानि योजना में नामित व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके स्पाउस (जीवनसाथी) को समान पेंशन का भुगतान किया जाएगा और सबस्क्राइबर और स्पाउस दोनों के निधन पर 60 साल की आयु तक जमा की गई पेंशन राशि नॉमिनी को वापस कर दी जाएगी।
- वहीं 60 साल से पहले ग्राहक की मृत्यु होने पर उसका जीवनसाथी (एपीवाई) खाते में योगदान जारी रख सकता है। ग्राहक के पति या पत्नी को वही पेंशन मिलेगी जो ग्राहक को मिलनी थी। अगर वो चाहे तो ऐसा न करके खाते में जमा पूरा पैसा निकाल भी सकता है।

उद्योग जगत को उम्मीद- पश्चिम बंगाल में वृद्धि को गति देंगे अधिकारी

कोलकाता, एजेंसी

- **उद्योग जगत के दिग्गजों ने मुख्यमंत्री बनने पर दी शुभेंदु अधिकारी को बधाई**

उद्योग जगत के दिग्गजों ने शनिवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी और राज्य में विकास और वृद्धि के नए दौर की उम्मीद जताई। आरपीजी समूह के चेयरमैन संजीव गोयनका ने इसे पश्चिम बंगाल के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि राज्य को शुभेंदु अधिकारी से काफी उम्मीदें हैं। गोयनका ने कहा कि उनका पश्चिम बंगाल से भावनात्मक जुड़ाव है और वह राज्य के विकास में हरसंभव योगदान देने के इच्छुक हैं।

आईटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने भी शुभेंदु अधिकारी और नवगठित मंत्रिपरिषद को शुभकामनाएं दीं। पुरी ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में राज्य वृद्धि और समृद्धि के नए दौर का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र का विकसित भारत का दृष्टिकोण राज्य की प्रगति के लिए प्रेरणा का काम करेगा। कोलकाता मुख्यालय वाले एक भारतीय समूह के रूप में आईटीसी पिछले एक सदी से अधिक समय से राज्य से जुड़ा हुआ है। कृषि, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में अपनी बढ़ती मौजूदगी के जरिए कंपनी राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की यात्रा में साझेदार बनने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (कोलकाता) के अध्यक्ष नरेश पचीसिया ने शपथ ग्रहण को सिर्फ संवैधानिक बदलाव नहीं बल्कि बंगाल की प्रगति, समृद्धि, स्थिरता और नए विश्वास की दिशा में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। चुनावी जनादेश उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिन्होंने विकास, पारदर्शी शासन, औद्योगिक पुनरुत्थान, रोजगार सृजन और सामाजिक सौहार्द पर आधारित भविष्य में विश्वास जताया है।

हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्ति: न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- **मृतक ने बसीयत बनाई हो या नहीं, ये प्रतिबंध लागू रहेगा**

उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जो व्यक्ति किसी की हत्या करता है या हत्या में मदद करता है, तो उसे मृतक की संपत्ति पर अधिकार नहीं मिलेगा, क्योंकि कानून ऐसे व्यक्ति को विरासत पाने से रोकता है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति पर हत्या करने या हत्या के लिए उकसाने का आरोप है, तो वह मृतक की संपत्ति नहीं पा सकता। यह तब भी लागू होगा जब मृतक ने वसीयत नहीं छोड़ी हो और तब भी, जब वसीयत बनाई हो।

मुकदमा जारी रहने पर भी यह रोक लागू रहेगी। बिना वसीयत के उत्तराधिकार व्यक्तिगत कानून के नियमों के अनुसार होता है, जबकि वसीयत के माध्यम से उत्तराधिकार तब लागू होता है, जब संपत्ति एक उत्तराधिकार के माध्यम से दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति पर उस इंसान की हत्या का आरोप हो, जिसकी संपत्ति में वह हिस्सा मांग रहा है, तो उसे संपत्ति पर अधिकार जताने का हक नहीं मिलेगा।

यह रोक केवल हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 25 के कारण ही नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और नैतिक समानता के सिद्धांतों के आधार पर भी लागू होती है। यह फैसला कर्नाटकहाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया, जिसमें संपत्ति के उत्तराधिकार से संबंधित बेंगलुरु की सिविल अदालत के फैसले को रद्द कर दिया गया था।

सारा जहां हमारा ...

कोलकाता में भाजपा के पश्चिम बंगाल के पहले मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ इस तरह जनता का अभिवादन किया..मानों घोषणा कर रहे हों केवल बंगाल ही नहीं सारा जहां हमारा है।

कश्मीरी पंडितों का प्रदर्शन : मांगा पुनर्वास नीति और रोजगार पैकेज

जम्मू, एजेंसी। घाटी से विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने शनिवार को जम्मू में विरोध प्रदर्शन किया और समुदाय को दोबारा घाटी में बसाने के लिए एक व्यापक पुनर्वास नीति तैयार करने और उसे लागू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने साथ ही प्रधानमंत्री के विशेष पैकेज के तहत 15,000 शिक्षित विस्थापित युवाओं के लिए एक नए रोजगार पैकेज की घोषणा करने की भी मांग की।

प्रधानमंत्री मोदी और शाह ने तृणमूल कांग्रेस के हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने बीते कुछ वर्षों में तृणमूल कांग्रेस के हमलों में मारे गए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को शनिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को शक्ति के स्रोत के रूप में याद किया जाएगा।

'ब्रिगेड परेड ग्राउंड' में मंच के पास भाजपा के उन कार्यकर्ताओं की याद में एक अस्थायी स्मारक बनाया गया, जिनकी हत्या कर दी गई थी। इसी मैदान पर शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नयी सरकार ने शपथ ली। स्मारक में एक बड़े 'बोर्ड' पर 'शहीदों' के नाम और उनके जिले लिखे गए थे। मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर स्मारक की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि साहसी भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि!' उन्होंने कहा कि उनका त्याग पार्टी की यात्रा में सदैव अमिट रूप से अंकित रहेगा। मोदी ने कहा-उनका साहस हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा और शक्ति का स्रोत बना रहेगा। शाह ने भी कहा कि यह स्मारक शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता के हृदय में गहरी भावनाएं जगा रहा है।

शपथ लेकर शुभेंदु ने की राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला, पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद भी उपस्थित थे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के संचालन के बारे में भी जानकारी ली और मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि योजनाएं बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से जारी रहें।

विधानसभा से हटाई गई ममता की कुर्सी नये सीएम शुभेंदु करेंगे दूसरी कुर्सी का उपयोग

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पिछले 15 वर्षों से राज्य विधानसभा में इस्तेमाल की जा रही कुर्सी को राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नेता प्रतिपक्ष के कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया है । एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री की कुर्सी का उपयोग नहीं करेंगे और मुख्यमंत्री कक्ष में उनके लिए एक अलग कुर्सी की व्यवस्था की गई है। शनिवार को दिन में अधिकारी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

खरगे, राहुल ने केरल के कांग्रेस नेताओं संग की चर्चा, सीएम का फैसला 'बहुत जल्द'

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेतृत्व ने केरल के अगले मुख्यमंत्री के चयन को लेकर शनिवार को पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा की और इस संदर्भ में 'बहुत जल्द' अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर हुई बैठक में खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला, वी डी सतीशन तथा कांग्रेस के दोनों पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक एवं प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी शामिल हुए। कांग्रेस नेतृत्व ने सभी नेताओं से एक साथ विचार-विमर्श करने के साथ ही उनसे अलग-अलग भी बात की। वेणुगोपाल, सतीशन और चेन्निथला मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। दीपा दासमुंशी ने तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि आज खरगे जी और राहुल गांधी जी से हमारी लंबी चर्चा हुई... हममें से हर किसी ने खरगे जी और राहुल जी के सामने अपनी बात रखी। हमने व्यक्तिगत रूप से भी बात की और उन्होंने हमें अपना मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आलाकमान द्वारा अंतिम निर्णय किया जाएगा।

ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय

अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं, समयसीमा के दबाव में काम नहीं करेंगे : ईरान

दुबई/मनामा, एजेंसी

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के दो तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच प्रस्तावित युद्धविराम पर संकट गहरा गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक वीडियो में लड़ाकू विमानों को उन टैंकरों की चिमनियों और पतवार पर हमला करते दिखाया गया है, जो कथित तौर पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच, एक मालवाहक जहाज पर आग लगने से कम से कम एक नाविक की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह जहाज उन्हीं दो टैंकरों में से एक है जिन पर अमेरिका ने हमला करने का दावा किया है।

इस सैन्य कार्रवाई से कुछ घंटे पहले अमेरिकी नौसेना ने अपने तीन पोतों पर हुए हमलों को नाकाम करने और जवाबी कार्रवाई में ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की बात कही थी। तनाव के इस माहौल में बहरीन के गृह मंत्रालय ने ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' से जुड़े होने के आरोप में 41 लोगों को गिरफ्तार किया है। मानवाधिकार समूहों का आरोप है कि बहरीन सरकार युद्ध की आड़ में घरेलू राजनीतिक विरोध को दबा रही है।

राजनयिक मोर्चे पर, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा है कि तेहरान अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है और वह किसी 'समयसीमा' के दबाव में काम नहीं करेगा। दूसरी ओर, ईरान के एक शीर्ष अधिकारी ने इन दावों को खारिज किया कि सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अस्वस्थ हैं, उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और जल्द सार्वजनिक रूप से सामने आएंगे।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस युद्ध को रोकने की कोशिशें जारी हैं। रूस और सऊदी अरब के विदेश मंत्रालयों ने एक स्थायी और दीर्घकालिक समझौते के लिए निरंतर राजनयिक प्रयासों का आह्वान किया है। मिस्र और कतर के शीर्ष राजनयिकों ने भी दोहराया है कि केवल कूटनीति के माध्यम से ही इस संकट का समाधान निकाला जा सकता है। ज्ञात हो कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान द्वारा जलमार्ग अवरुद्ध किए जाने के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आया है।

अगले हफ्ते हो सकती है वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में वार्ता फिर शुरू हो सकती है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक महीने की वार्ता प्रक्रिया के लिए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं। इस प्रस्तावित रूपरेखा में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव कम करने और यूरेनियम भंडार को तीसरे देश में स्थानांतरित करने जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। हालांकि, ईरान पर लगे प्रतिबंधों में राहत का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी अड़चन बना हुआ है।

होर्मुज पर नियंत्रण की कोशिशों पर संरा सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाएगा अमेरिका

रोम। अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण स्थापित करने की ईरानी कोशिशों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इटली में पत्रकारों से कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग पर ईरान का दावा 'अवैध और अस्वीकार्य' है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान को बारूदी सुरंगें बिछाने या जलमार्ग नियंत्रित करने की अनुमति दी गई, तो यह दुनिया के लिए एक खतरनाक मिसाल बन जाएगी। रुबियो ने स्पष्ट किया कि इस प्रस्ताव के जरिए रूस और चीन की स्थिति भी दुनिया के सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई देश इसे वीटो करता है, तो स्पष्ट हो जाएगा कि समाधान में बाधा कौन है। विदेश मंत्री ने फारस की खाड़ी में फंसी बड़ी मात्रा में मानवीय सहायता को बाहर निकालने की आवश्यकता पर भी बल दिया। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए रुबियो ने कहा कि अभियान समाप्त होने के बावजूद अमेरिका अपने जहाजों पर हमलों का जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यदि हमारे जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल दागे जाएंगे, तो आत्मरक्षा में कदम उठाना अनिवार्य है। ईरान के लिए अमेरिकी 'रेड लाइन' को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि यदि वे अमेरिकियों को धमकी देंगे, तो उन्हें उड़ा दिया जाएगा।

ये कैसी शुद्धता की सनक

प्यास बुझ रही है लेकिन शरीर मिनरल्स के लिए तरस रहा

अक्सर हम पड़ोसी या रिश्तेदार के घर नया वाटर प्यूरीफायर देखकर अपने घर में भी आरओ लगवा लेते हैं। लेकिन यह 'स्टेटस सिंबल' आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। क्योंकि वाटर प्यूरीफायर कंपनियों के विज्ञापनों ने आपकी सेहत पर जो 'भ्रम का पर्दा' डाला है, उसे हटाने का वक्त आ गया है। अगर आपका सर्विस इंजीनियर कहता है कि पानी का टीडीएस 30 कर दिया है, अब यह एकदम शुद्ध है,₹ तो संभल जाइए! वह आपके लिए शुद्ध पानी नहीं, बल्कि 'मृत पानी' (Dead Water) तैयार कर रहा है। 'मृत पानी' इसलिए कहते हैं, क्योंकि इसमें जीवन के लिए जरूरी प्राकृतिक गुण और खनिज खत्म हो चुके होते हैं।

न्यूज डिकोडर

क्या है 300 का 'मैजिक नंबर'?

- विज्ञान बहुत सीधा है : अगर आपके घर के पानी का टीडीएस 300 से कम है, तो आपको महंगे RO (रिवर्स ऑस्मोसिस) सिस्टम की कोई जरूरत नहीं है।
- डब्लूएचओ का मंत्र : विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि 300 टीडीएस तक का पानी 'एक्सीलेंट' है। इसमें शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम का सही संतुलन होता है।
- आरओ का खेल : आरओ असल में खारे पानी (500+ टीडीएस) के लिए बना था। जब आप इसे 300 से कम वाले पानी पर चलाते हैं, तो यह पानी को इतना निचोड़ देता है कि वह 'डेड वाटर' बन जाता है।

स्मार्ट चॉइस

क्या करें?

टीडीएस चेक करें : टीडीएस मीटर लें। अगर रीडिंग 300 से कम है, तो आरओ को 'बाय-बाय' कहें और सिर्फ UV+UF फिल्टर लगाएं। यह कीटाणु मारेगा, मिनरल्स नहीं।

एडजस्ट करवाएं : आरओ मजबूरी है, तो मैकेनिक से कहकर टीडीएस को 150 से अधिक सेट करवाएं।

मिट्टी का घड़ा : शोध यह भी कहते हैं कि फिल्टर किए पानी को मिट्टी के घड़े में रखने से उसका pH लेवल फिर से संतुलित हो जाता है।

डिकोडर बॉटमलाइन : पानी सिर्फ H_2O नहीं है, यह खनिजों का खजाना है। इसे इतना साफ मत कीजिए कि यह सिर्फ प्यास बुझाए, शरीर को पोषण देना भूल जाए।

वैज्ञानिकों की चेतावनी: डेड वाटर का खतरा

- दुनियाभर के शोध, जिसमें चेक गणराज्य का मशहूर अध्ययन और डब्लूएचओ की 'डीमिनरलाइज्ड वाटर' रिपोर्ट शामिल है, एक डरावनी सच्चाई बताते हैं। बहुत कम टीडीएस (30-50) वाला पानी 'प्यास' तो बुझाता है, लेकिन शरीर के साथ 'धोखा' करता है :
- दिल पर वार : शोध बताते हैं कि पानी में मैग्नीशियम की कमी सीधे हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकती है।
- मिनरल्स की चोरी : वैज्ञानिकों ने इसे 'हंग्री वाटर' इसलिए कहा है क्योंकि इसमें खुद के खनिज नहीं होते। जैसे ही यह आपके शरीर में जाता है, यह आपकी हड्डियों और कोशिकाओं से कैल्शियम और मैग्नीशियम 'चुराने' लगता है।
- एसिडिक हमला : कम टीडीएस वाला पानी अम्लीय हो जाता है, जो आपके डाइजेशन और मेटाबॉलिज्म की धज्जियां उड़ा सकता है।

एनजीटी का हंटर: कंपनियां चुप क्यों?

एनजीटी ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बाद कहा था कि टीडीएस 500 से कम है तो आरओ की जरूरत नहीं है। आरओ से सेहत खराब हो रही है, बल्कि 1 लीटर पानी के लिए 3 लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

पानी में जरूरी मिनरल्स

भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार, पानी में इन मिनरल्स का होना आवश्यक है। ● **कैल्शियम** : हड्डियों और दांतों की मजबूती, रक्त के थक्के जमने और मांसपेशियों के कार्य के लिए जरूरी है। ● **मैग्नीशियम** : हृदय स्वास्थ्य, नर्वस सिस्टम के सही संचालन और 300 से अधिक मेटाबॉलिक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है। ● **पोटेशियम :** शरीर में तरल पदार्थ का संतुलन बनाए रखने और हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने में मदद करता है। ● **सोडियम :** तंत्रिका संकेतों को भेजने और मांसपेशियों के संकुचन के लिए महत्वपूर्ण है।

● टीडीएस का पूरा नाम Total Dissolved Solids (कुल घुलनशील ठोस पदार्थ) है। यह पानी में घुले हुए सभी अकार्बनिक लवणों और कार्बनिक पदार्थों की कुल मात्रा को मापता है।

वर्ल्ड ब्रीफ

कनाडा: दंपति की हत्या में भारतीय मूल के तीन लोग दोषी

एबोट्सफोर्ड। कनाडा की एक अदालत ने मई 2022 में एबोट्सफोर्ड में आर्नोल्ड और जोआन डी जोंग दंपति की हत्या के मामले में भारतीय मूल के तीन लोगों को दोषी करार दिया है। ब्रिटिश कोलंबिया के उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश ब्रेंडा ब्राउन ने शुक्रवार को गुरकरण सिंह, अभिजीत सिंह और खुशवीर तूर को हत्या और लूट का दोषी पाया। दोषियों ने जोंग के घर से क्रेडिट कार्ड, चेक और एक पावर वॉशर चुराने के लिए उनकी हत्या की योजना बनाई थी। अदालत 28 मई को दोषियों को सजा सुनाएगी।

शेख हसीना ने शुभेंदु अधिकारी को दी बधाई

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री निर्वाचित होने पर बधाई दी है। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में सुश्री हसीना ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत और श्री अधिकारी के मुख्यमंत्री पद संभालने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का यह फैसला उनके नेतृत्व के प्रति गहरे विश्वास का प्रमाण है। शेख हसीना ने अपनी और बांग्लादेश की जनता की ओर से नए मुख्यमंत्री को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

सीबीआई ने पुर्तगाल से गैंगस्टर अभय राणा का प्रत्यर्पण कराया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को पुर्तगाल से वांछित गैंगस्टर अभय राणा उर्फ अभय के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। हरियाणा पुलिस को जबरन वसूली, हत्या के प्रयास, आपराधिक धमकी और संगठित अपराध गिरोह चलाने जैसे गंभीर मामलों में राणा की लंबे समय से तलाश थी।सीबीआई प्रवक्ता के अनुसार, आरोपी के खिलाफ इंटरपोल द्वारा रेड नोटिस जारी किया गया था। इस अभियान के लिए सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ समन्वय किया। शनिवार को आरोपी को भारत लाया गया, जहां हवाई अड्डे पर हरियाणा पुलिस की टीम ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया।

भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन 31 को

नई दिल्ली। भारत 31 मई को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले चौथे 'भारत-अफ्रीका फोरम समिट' के दौरान अफ्रीकी देशों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पेश करेगा। इस शिखर सम्मेलन में कई अफ्रीकी देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था, व्यापार, स्वास्थ्य, रक्षा, कृषि और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। बढ़ती वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच यह बैठक ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और जलवायु परिवर्तन जैसे साझा हितों पर केंद्रित होगी।

ईरान के विदेशी सैन्य खरीद नेटवर्क पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

● **अमेरिकी सेनाओं के विरुद्ध ईरानी हमलों में खुफिया जानकारी साझा करने का आरोप**

अमेरिका ने ईरान के सैन्य खरीद नेटवर्क और उपग्रह चित्र (सैटेलाइट इमेजरी) प्रदान करने वाले संस्थानों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन संस्थानों पर पश्चिम एशिया में अमेरिकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के विरुद्ध ईरानी हमलों में तकनीकी सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने का आरोप है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने मिसाइल और ड्रोन संचालन सहित ईरानी सैन्य गतिविधियों को सक्षम बनाने वाली उपग्रह तस्वीरें प्रदान करने के लिए चार संस्थाओं को प्रतिबंधित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की तकनीकी सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है। इसके अतिरिक्त, अमेरिकी वित्त विभाग ने 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है, जो ईरान को उसके मानवरहित विमान (यूएवी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के लिए कच्चा माल और हथियार प्राप्त करने में मदद कर रहे थे। प्रतिबंधित संस्थानों में मुख्य रूप से चीन स्थित कंपनियाँ शामिल हैं। इनमें 'मीनट्रॉपी टेक्नोलॉजी' और 'द अर्थ आई' पर ईरानी सैन्य उपयोग के लिए डेटा उपलब्ध कराने का आरोप है। वहीं, 'चांग गुआंग सैटेलाइट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड' पर आरोप है कि उसने अमेरिकी सैन्य स्थलों की तस्वीरें एकत्र कर पहले से प्रतिबंधित हूतियों को डेटा प्रदान किया था।

यह कार्रवाई 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के बाद ईरान की सैन्य आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने के अमेरिकी अभियान का हिस्सा है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को फिर से लागू किए जाने के बाद उठाया गया है।

रूस ने मनाई विजय दिवस की 81वीं वर्षगांठ

मॉस्को, एजेंसी

रूस ने शनिवार को द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर मिली जीत की 81वीं वर्षगांठ 'विजय दिवस' के रूप में मनाई। इस अवसर पर मॉस्को के रेड स्क्वायर में भव्य सैन्य परेड का आयोजन किया गया और देशभर में छोटे सैन्य जुलूस निकाले गए। इस युद्ध में जान गंवाने वाले लगभग 2.7 करोड़ सोवियत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

रूस में यह दिवस हर साल 9 मई को मनाया जाता है, क्योंकि 1945 में जर्मनी के आत्मसमर्पण के समय मॉस्को में 9 मई की तारीख हो चुकी थी। समारोह के दौरान रूस ने दो दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी, हालांकि यूक्रेन ने इसे स्वीकार नहीं किया। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि कीव 9 से 11 मई तक युद्धविराम के लिए सहमत हो गया है।यूक्रेन संघर्ष के कारण इस वर्ष पश्चिमी देशों में सोवियत प्रतीकों पर प्रतिबंधों का असर भी आयोजनों पर देखने को मिला।

रूस-यूक्रेन में कैदियों की अदला-बदली पर सहमति

वाशिंगटन/मॉस्को। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विजय दिवस के अवसर पर रूस और यूक्रेन के बीच 9 से 11 मई तक तीन दिनों के युद्धविराम की घोषणा की है। इस समझौते के तहत दोनों देश 'हजार के बदले हजार' के अनुपात में कैदियों की अदला-बदली भी करेंगे, जो चार साल से जारी संघर्ष के दौरान अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि यह समझौता राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई टेलीफोनिक वार्ता के बाद संभव हुआ है। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध में दोनों देश सहयोगी थे। श्री उशाकोव के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन इस प्रक्रिया में यूक्रेन के साथ भी निरंतर संपर्क में था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने भी पुष्टि की है कि यूक्रेन इस युद्धविराम का पालन करेगा और यह अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे शांति प्रयासों का हिस्सा है।यह घोषणा पिछले कई दिनों से जारी भारी तनाव और एक-दूसरे पर हमलों के आरोपों के बीच हुई है। इससे पहले रूस ने 9 मई के लिए एकतरफा युद्धविराम की बात कही थी, जबकि यूक्रेन का दावा था कि उसने 6 मई से ही व्यापक युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था जिसे रूस ने नजरअंदाज कर दिया।सुरक्षा कारणों और यूक्रेन द्वारा संभावित हमलों की आशंका के चलते लगभग दो दशकों में पहली बार रूस की विजय दिवस परेड में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन नहीं किया गया। अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और मॉस्को व सेंट पीटर्सबर्ग जैसे शहरों में मोबाइल इंटरनेट सुविधाओं पर प्रतिबंध की चेतावनी दी गई है। इस वर्ष रेड स्क्वायर की सैन्य परेड का पैमाना भी काफी छोटा रखा गया है, जिसमें केवल बेलारूस, मलेशिया, लाओस और कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के ही शामिल होने की उम्मीद है।

तपती गर्मी और टाइगर का टशन

जयपुर। राजस्थान की मरूधरा पर सूरज इन दिनों आग उगल रहा है और पारा आसमान छू रहा है। जब इंसान बेहाल हैं, तो जंगल के राजा को गर्मी कैसे न सताए? जयपुर के मशहूर नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से एक बेहद सुकून देने वाली तस्वीर सामने आई है।पार्क के 'महाराज' यानी हमारे टाइगर को चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए वनकर्मियों ने खास इंतज़ाम किया। शनिवार को जब गर्मी अपने शबाब पर थी, तब वन विभाग के एक जांबाज कर्मचारी ने पाइप उठाकर टाइगर को 'शाही स्नान' कराया। ठंडे पानी की फुहारें जैसे ही बाघ के बदन को छुईं, उसकी सारी थकान और गर्मी काफूर हो गई। पार्क प्रशासन का कहना है कि ये 'शाही शॉवर' सिर्फ शौक नहीं, बल्कि ज़रूरत है। ● एजेंसी

अमेरिका का एच1बी वीजा धारकों को काम पर रखने के लिए न्यूनतम वेतन बढ़ाने का प्रस्ताव

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने H-1B वीजा कार्यक्रम के तहत विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन सीमा में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। अमेरिकी श्रम विभाग द्वारा 'अमेरिका में विदेशी नागरिकों के अस्थायी और स्थायी रोजगार के लिए वेतन सुरक्षा में सुधार' शीर्षक से पेश किए गए इस नए नियम का उद्देश्य स्थानीय अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना और विदेशी कर्मचारियों द्वारा उनके वेतन स्तर को कम करने की संभावना को रोकना है।विभाग के अनुसार, मौजूदा वेतन स्तर लगभग 20 साल पुराने हैं और वर्तमान आर्थिक स्थिति के अनुरूप नहीं हैं।

प्रस्तावित परिवर्तनों का सीधा असर H-1B के साथ-साथ H-1B1, E-3 और PERM श्रम प्रमाणन कार्यक्रमों पर भी पड़ेगा। प्रस्ताव पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जहाँ अधिकारी इसे स्थानीय रोजगार सुरक्षा के लिए जरूरी मान रहे हैं, वहीं विरोधियों का कहना है कि वेतन में अचानक इतनी बड़ी वृद्धि से छोटी कंपनियाँ नए और प्रवेश स्तर के कर्मचारियों को नियुक्त नहीं कर पाएंगी। श्रम विभाग ने इस नियम पर 26 मई तक सार्वजनिक सुझाव मांगे हैं, जिसके बाद प्रतिक्रियाओं की समीक्षा कर अंतिम नियम अधिसूचित किया जाएगा।

भारत पर संभावित प्रभाव

आईटी कंपनियों पर वित्तीय बोझ : टीसीएस (TCS), इंफोसिस और विप्रो जैसी भारतीय कंपनियों के लिए परिचालन लागत बढ़ जाएगी। चूंकि 70% से अधिक H-1B वीजा भारतीयों को मिलते हैं, इसलिए वेतन में 30-33% की वृद्धि से कंपनियों के प्रॉफिट मार्जिन पर सीधा असर पड़ेगा।

जूनियर पेशेवरों के लिए मुश्किल : प्रवेश स्तर (Level-1) के वेतन में भारी बढ़ोतरी के कारण अब कंपनियां कम अनुभवी इंजीनियरों को अमेरिका भेजने के बजाय अनुभवी पेशेवरों को प्राथमिकता देंगी। इससे नए युवाओं के लिए अमेरिका जाकर काम करने के अवसर कम हो सकते हैं।

ऑफशोरिंग में वृद्धि : उच्च लागत से बचने के लिए अमेरिकी कंपनियां काम को भारत (Offshore) स्थानांतरित कर सकती हैं।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार ट्रांसफर हो सकता है।

तुला — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे।

वृष — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा।

वृश्चिक — आज व्यापार में तरक्की होने से उत्साहित रहेंगे। दांपत्य जीवन में सामंजस्य रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

मिथुन — आज आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है।

धनु — आज आपके कार्य की गति कुछ धीमी रहेगी। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में परेशानी हो सकती है।

कर्क — आज आप नया व्यवसाय आरंभ करने के विचार में हैं। घर में साज-सजावट करेंगे। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

मकर — आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो अच्छे मौके मिल सकते हैं। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे।

सिंह — आज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा।

कुंभ — आज क्रोध के कारण संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। शांतचित्त के लोगों के साथ समय बिताएं। नकारात्मक बातें हावी हो सकती हैं।

कन्या — आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बच्चों पर अपनी मर्जी को न थोपें। शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

मीन — आज शुभ कार्यों पर आप अत्यधिक धन खर्च करेंगे। आपकी मनोस्थिति मजबूत रहेगी। कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 10 मई, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अष्टमी 15 .06 तक तत्पश्चात नवमी।

दिशाशूल-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-धनिष्ठा 11 मई 00 .50 तक तत्पश्चात शतभिषा।

सुडोकू - 144 का हल

9	1	8	5	6	2	3	7	4
4	7	2	3	8	1	5	6	9
6	5	3	4	9	7	1	8	2
1	8	4	2	5	6	7	9	3
5	2	6	7	3	9	4	1	8
7	3	9	1	4	8	6	2	5
3	9	1	6	2	4	8	5	7
8	4	7	9	1	5	2	3	6
2	6	5	8	7	3	9	4	1

सुडोकू -145

		1	2					
2			3	4				
6		3						
	2		1					
4	8						5	
				5	4		9	
						9	8	3
				9	8			
					6	7		

उपलब्धि

डॉ . एपीजी अब्दुल कलाम द्वीप से आधुनिक 'अग्नि' मिसाइल ने धुआं उगलते हुए आसमान का चीरा सीना

अग्नि : भारत ने भरी महाशक्ति बनने की उड़ान

भुवनेश्वर/नयी दिल्ली

भारत ने रक्षा के क्षेत्र में एक और ऊंची छलांग लगाते हुए दुनिया को अपनी ताकत का लोहा मनवा दिया है। शनिवार को रक्षा मंत्रालय ने उस गौरवशाली पल की तस्वीर साझा की, जब डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम द्वीप से आधुनिक 'अग्नि' मिसाइल ने धुआं उगलते हुए आसमान का सीना चीर दिया।

इस मिसाइल की सबसे बड़ी खूबी इसका MIRV (मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल) सिस्टम है। आसान भाषा में कहें तो यह एक ऐसी 'स्मार्ट' मिसाइल है जो अंतरिक्ष में जाने के बाद एक साथ कई अलग-अलग ठिकानों पर सटीक निशाना साध सकती है। यानी एक तीर, और कई निशाने !शुक्रवार, 8 मई को हुआ यह परीक्षण न केवल भारत की तकनीकी महारत को दर्शाता है, बल्कि हिंद महासागर से लेकर पूरे क्षेत्र में देश की सुरक्षा दीवार को अभेद्य बनाता है। यह 'अग्नि' का नया अवतार दुश्मनों के लिए एक साफ संदेश है कि भारत की सरहदें अब पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित और ताकतवर हाथों में हैं।

अग्नि : क्यों है खास

अग्नि मिसाइल की यह नई तकनीक भारत को दुनिया के उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करती है जिनके पास MIRV (बहु-लक्ष्यीय स्वतंत्र रूप से लक्षित) क्षमता है।

एक साथ कई शिकार: इस तकनीक की सबसे बड़ी ताकत यह है कि एक ही मिसाइल के ऊपर कई 'वॉरहेड' (बम) लगाए जा सकते हैं। हवा में एक निश्चित ऊंचाई पर पहुँचने के बाद, यह मिसाइल अलग-अलग दिशाओं में अपने वॉरहेड्स को छोड़ सकती है, जो अलग-अलग शहरों या ठिकानों को एक साथ निशाना बना सकते हैं।

मिसाइल डिफेंस को चकमा: दुश्मन के रडार और मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए एक मिसाइल को रोकना आसान होता है, लेकिन जब एक ही मिसाइल से अचानक 3-4 वॉरहेड अलग-अलग दिशाओं में बढ़ते हैं, तो उन्हें ट्रैक करना और नष्ट करना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

स्वदेशी तकनीक का दम: अग्नि-5 और इसके उन्नत संस्करणों को DRDO ने भारत में तैयार किया है। मारक क्षमता 5,000 से 7,000 किमी तक है, जिसका मतलब है लगभग पूरा एशिया और यूरोप का एक बड़ा हिस्सा ।

डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि: यह परीक्षण उसी द्वीप (व्हीलर आइलैंड) से किया गया जिसका नाम भारत के 'मिसाइल मैन' डॉ. कलाम के नाम पर रखा गया है।

आईपीएल से पहले टीम के अंदर हुए एक अभ्यास मैच के दौरान श्रेयस भाई ने मुझसे कहा था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और मुझे ज्यादा सोचना नहीं चाहिए। अगर मैं उन चीजों के बारे में सोचता जो मेरे नियंत्रण में नहीं थीं तो मैं उस स्थिति में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता।
–सूर्यांश शेडगे

स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 10 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
लखनऊ सुपर जायंट्स
समय - शाम 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
मुंबई इंडियंस
समय - शाम 7:30 बजे

हाइलाइट

लंदन में वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दौरान महिला सेमीफाइनल में जर्मनी की यिंग हान के खिलाफ सर्विस करतीं जापान की मिवा हरिमोटो। एजेंसी

गिल की विस्फोटक पारी से टाइटंस ने रॉयल्स को दिया 230 रनों का लक्ष्य

आईपीएल-2026 : साई सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए की शतकीय साझेदारी

जयपुर, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की 84 रन की विस्फोटक पारी और साई सुदर्शन के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुजरात टाइटंस ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट पर 229 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर गिल ने बाएं पैर में परेशानी के बावजूद 44 गेंदों में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से तेजतर्रार 84 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 36 गेंदों में छह चौके और दो छक्कों की सहायता से 55 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

पारी के अंतिम ओवरों में वॉशिंगटन सुंदर ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए, जबकि राहुल तेवतिया ने चार गेंदों में नाबाद 14 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। तेवतिया ने आखिरी ओवर में दो छक्के जड़े, जिससे टीम ने 21 रन बटोरे और मौजूदा सत्र का अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 47 रन देकर दो विकेट झटके। इसके अलावा यश राज पुंजा और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

रॉयल्स की मुश्किलें शुरुआत से ही बढ़ गई थीं। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने पहले ही ओवर में 18 रन लुटाए, जिसमें पांच अतिरिक्त रन भी शामिल थे। सुदर्शन ने उनकी खराब लाइन का पूरा फायदा उठाया। आर्चर ने अपने तीन ओवरों में 46 रन दिए। सुदर्शन ने ऑफ साइड में लगातार आक्रामक शॉट लगाए, जबकि गिल ने शुरुआत में संभलकर खेलने के बाद तेजी से रन गति बढ़ाई। गुजरात ने नौ ओवर में बिना विकेट खोए 108 रन बना लिए थे। राजस्थान को पहली सफलता यश राज पुंजा ने 11वें ओवर में दिलाई, जब उन्होंने सुदर्शन को आउट कर बड़ी साझेदारी तोड़ी। इस बीच नौवें ओवर में गिल के बाएं पैर में दर्द की शिकायत हुई और उन्हें फिजियो की मदद लेनी पड़ी। इसके बाद भी उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और आसानी से अपना अर्धशतक पूरा किया। जोस बटलर ने भी 10 गेंदों पर 13 रन बनाने के बाद रन गति तेज करने की कोशिश में जडेजा की गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया। गिल को उनकी पारी के दौरान दो जीवनदान भी मिले। 54 रन के स्कोर पर शिमरोन हेटमायर ने डीप मिडविकेट पर उनका कैच छोड़ दिया और गेंद सीमा रेखा पार कर छक्के में बदल गई।

इसके बाद 61 रन पर हेटमायर से एक और मुश्किल कैच टपका दिया। इन मौकों का फायदा उठाते हुए गिल ने तुरंत जवाबी हमला किया। उन्होंने यश राज के खिलाफ रिवर्स स्कूप सहित कई आकर्षक शॉट लगाए और मैदान के चारों ओर रन बटोरे। आर्चर के दूसरे स्पेल में भी गिल ने कवर ड्राइव, लॉफ्टेड शॉट और सीधे बल्ले से दमदार प्रहार कर दबदबा बनाए रखा।

जडेजा की अगुवाई में राजस्थान के स्पिनरों ने कुछ समय के लिए रन गति पर अंकुश लगाया, लेकिन गिल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुजरात ने पूरी पारी के दौरान नियंत्रण बनाए रखा।

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (दाएं) और साई सुदर्शन। एजेंसी

गुजरात टाइटंस

229/4 (20 ओवर)

साई सुदर्शन का आर्चर बो यश राज	55
शुभमन गिल का देशपांडे बो बृजेश	84
जोस बटलर का फरेरा बो जडेजा	13
वाशिंगटन सुंदर नाबाद	37
जेसन होल्डर का जायसवाल बो बृजेश	07
राहुल तेवतिया नाबाद	14

अतिरिक्त : 19, विकेट पतन : 1–118, 2–150, 3–185, 4–205, गेंदबाजी : आर्चर 3–0–46–0, देशपांडे 4–0–52–0, बृजेश 4–0–47–2, यश राज 4–0–37–1, जडेजा 4–0–34–1, फरेरा 1–0–11–0

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	सनराइजर्स हैदराबाद	11	7	4	0	14	0.737
2.	पंजाब किंग्स	10	6	3	1	13	0.571
3.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	10	6	4	0	12	1.234
4.	राजस्थान रॉयल्स	10	6	4	0	12	0.510
5.	गुजरात टाइटंस	10	6	4	0	12	–0.147
6.	चेन्नई सुपर किंग्स	10	5	5	0	10	0.151
7.	कोलकाता नाइट राइडर्स	10	4	5	1	9	–0.169
8.	दिल्ली कैपिटल्स	11	4	7	0	8	–1.154
9.	मुंबई इंडियंस	10	3	7	0	6	–0.649
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	10	3	7	0	6	–0.934

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद– 494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद – 475 रन
- केएल राहुल दिल्ली– 468 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई– 17 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 16 विकेट

प्लेऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए लखनऊ से भिड़ेगा चेन्नई

चेन्नई। अंकतालिका में छठे स्थान पर काबिज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए रविवार को यहां सबसे निचले पायदान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है तब सीएसके शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल है। उसके अभी तक के अभियान में निरंतरता का अभाव रहा है। उसने अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान दोनों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। पांच बार का चैंपियन सीएसके अब चेपॉक में वापसी करेगा। उसके पास एलएसजी के खिलाफ लय हासिल करने का बेहतरीन मौका है। लखनऊ की टीम के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा और वह प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। सीएसके का पूरा अभियान काफी हद तक संजू सैमसन के इर्द–गिर्द घूमता रहा है।

मुंबई के खिलाफ आरसीबी को करना होगा दमदार प्रदर्शन

रायपुर। पिछले दो मैच में हार से वापसी के लिए बेताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में उसके बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी और अपने पहले चार मैच जीते थे। तब उसके लिए प्लेऑफ में प्रवेश महज एक औपचारिकता लग रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मौजूदा चैंपियन टीम अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच हार गई है जिससे उसके समीकरण बिगड़ गए हैं।

यशस्वी और शेफाली को डोप टेस्ट में अनुपस्थित रहने पर नोटिस

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल और शेफाली वर्मा को पिछले साल निर्धारित डोप परीक्षण के लिए उपलब्ध न होने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने नोटिस जारी किया है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) का हिस्सा रहे दोनों खिलाड़ियों ने परीक्षण के लिए उपलब्ध नहीं रहने के कारण नहीं बताए हैं। इस कारण उन्हें नोटिस जारी किए गए। एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''संबंधित खिलाड़ियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और इसकी सूचना राष्ट्रीय महासंघ (बीसीसीआई) और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को भी दे दी गई है।'' नाडा ने हालांकि गोपनीयता का हवाला देते हुए इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

फीफा विश्व कप ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी नोरा

टोरंटो। बॉलीवुड में अपने आइटम नंबर से तहलका मचा चुकी नोरा फतेही फुटबॉल विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार, 12 जून को, किक–ऑफ से 90 मिनट पहले होगी। 12 जून को, स्थानीय समय 13 :30 बजे, कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की मेजबानी करते हुए केंद्र–मंच पर होगा। यह अपने समुदायों, समृद्ध विविधता और फुटबॉल की जोड़ने वाली शक्ति से प्रेरित एक जीवंत उत्सव के साथ दुनिया का स्वागत करेगा। अलानीस मोरिसेत्ते, अलेसिया सारा, एलयाना, जेस्सी रयेज़, माइकल बबल, नोरा फतेही, संजोय, वेजेड्रीम, विलियम प्रिंस और अन्य ग्लोबल संगीत सितारे इस कहानी को जीवंत करने में मदद करेंगे।

तीरंदाजी विश्व कप में जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना

शंघाई, एजेंसी

विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया।

भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे। भारत को कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में मजबूत टीम माना जाता है लेकिन उसकी सभी टीम शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय महिला टीम स्वर्ण में ऑस्ट्रिया के खिलाफ 2022 के विश्व पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। इसके अलावा सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत होगी।

जाधव पहले सेट के बाद एक अंक से पीछे चल रहे थे क्योंकि 40 वर्षीय डैम्सबो ने तीन परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की थी। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में परफेक्ट 30 का स्कोर बनाया जबकि डैम्सबो 27 का स्कोर ही बना पाए। इससे जाधव को कुल 59-57 की बढ़त हासिल करने में मदद मिली। इसके बाद जाधव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने अंतिम नौ तीरों में से केवल दो अंक गंवाकर तीन अंक की यादगार जीत हासिल की।

जाधव ने पहले दौर में हमवतन अभिषेक वर्मा को, प्री-क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के रुबेन फ्लुस को और क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के 2022 के विश्व चैंपियन निको विएनर को शूट-ऑफ में हराया था। सेमीफाइनल में हालांकि उन्हें फ्रांस के मौजूदा विश्व चैंपियन निकोलस गिरार्ड से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा था।

विनेश के नेशनल ओपन रैंकिंग कुश्ती में शामिल होने पर रोक

संवाददाता गोंडा

- **प्रतियोगिता से एक दिन पहले विनेश फोगाट को बड़ा झटका**
- **डब्ल्यूएफआई ने कारण बताओ नोटिस देकर मांगा जवाब**

अमृत विचार। जिले के नंदिनीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय नेशनल ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से ठीक 24 घंटे पहले महिला पहलवान विनेश फोगाट को बड़ा झटका लगा है। भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) ने उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने से फिलहाल रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

शनिवार दोपहर जारी किए गए इस नोटिस में विनेश फोगाट से कई गंभीर आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। डब्ल्यूएफआई ने साफ किया है कि जवाब मिलने के बाद ही उनके प्रतियोगिता में भाग लेने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

विनेश को 14 दिनों के भीतर अपना जवाब देना होगा। भारतीय कुश्ती संघ की ओर से नोटिस उनके पंजीकृत पते, ईमेल आईडी और स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है, ताकि बाद में नोटिस न मिलने का विवाद न हो सके। भारतीय कुश्ती संघ की तरफ से जारी नोटिस में विनेश फोगाट पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इनमें संन्यास की घोषणा करने के बाद दोबारा वापसी, अनुशासनहीनता और भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला आचरण शामिल है। संघ ने पेरिस ओलंपिक 2024 में निर्धारित वजन सीमा तक नहीं पहुंच पाने के मामले को भी नोटिस में शामिल किया है। डब्ल्यूएफआई का कहना है कि इससे भारतीय कुश्ती को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। इसके अलावा भारतीय कुश्ती संघ के संविधान और नियमों के बार-बार उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। नोटिस में डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन का मामला भी शामिल है।

भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह के हस्ताक्षर से जारी इस नोटिस में कहा गया है कि विनेश फोगाट ने 18 दिसंबर 2025 को एक अनिवार्य टेस्ट मिस किया गया था, जिसकी सूचना अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने 4 मई 2026 को भेजे गए पत्र के माध्यम से दी थी। इसके साथ ही आरोप लगाया गया है कि 11 मार्च 2024 को एनआईएस पटियाला में आयोजित चयन ट्रायल में उन्होंने 50 किलो और 53 किलो दोनों वर्गों में हिस्सा लेकर प्रतियोगिता नियमों का उल्लंघन किया।

गोंडा में आयोजित प्रतियोगिता को लेकर लगाया था आरोप

गोंडा। गोंडा में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर विनेश फोगाट पहले भी भारतीय कुश्ती संघ पर सवाल उठा चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पंजीकरण में बाधा डाली जा रही है। हालांकि डब्ल्यूएफआई ने दावा किया था कि आरोप लगाने से पहले ही उनका पंजीकरण हो चुका था। इसके बाद विनेश ने एक वीडियो जारी कर कहा था कि ''बृजभूषण के इलाके में कुश्ती हो रही है, वहां मैं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती। अगर मेरे साथ कुछ होता है तो सरकार जिम्मेदार होगी।'' भारतीय कुश्ती संघ ने उस समय उनके आरोपों को खारिज कर दिया था। वहीं अब शो कॉज नोटिस जारी होने के बाद मामला और गरमा गया है।

आईपीएल

देर रात तफरीह करने के आ रहे थे वीडियो, बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने खिलाड़ियों समेत पूरे स्टाफ को किया आगाह

प्रतिबंधित जगहों पर रील बनाना बोर्ड के कड़े रुख की वजह

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रतिबंधित जगहों पर रील्स बनाना, सुरक्षा मंजूरी के बिना तफरीह करना और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से खिलाड़ियों की निकटता ऐसी वजहें रही जिनके कारण बीसीसीआई को कड़े परामर्श जारी करने पड़े और अब आईपीएल टीमें निजता से समझौता किए बिना इनका पालन करने की कोशिश में जुटी हैं।

बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई ने खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत मेहमानों को लेकर चेताया और यह भी आगाह किया कि यह 'हनी ट्रैप' हो सकता है। नतीजतन बीसीसीआई ने परामर्श जारी किया जिसमें मेहमानों पर प्रतिबंध के साथ खिलाड़ियों को अपनी गतिविधियों के बारे में सुरक्षा अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके उल्लेख के प्रमुख मामलों में खिलाड़ियों की इंफ्लुएंसर्स से निकटता है जिनकी सेवाएं प्रतिभागी टीमों के लिये सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करने के मकसद से अल्प अवधि के लिये ली जाती हैं। एक घटना में टीम के युवा खिलाड़ियों में से एक ने कंटेंट टीम के नये सदस्य से रील्स बनाने, वीडियो और तस्वीरें लेने में उनकी मदद करने के लिए कहा जो उनके निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करने के लिये था।

किसी खिलाड़ी के लिए नियो-मीडिया कंटेंट बनाने के लिए बाहर से मदद लेना कोई नयी बात नहीं है लेकिन इस खास मामले में ब्लॉगर ने ''ट्रैक्शन'' पाने के लिए अपने प्राइवेट अकाउंट पर कुछ वीडियो और तस्वीरों का इस्तेमाल किया। यह शूट सीमारेखा के भीतर किया गया जिसमें टीम के अभ्यास और अन्य मैदानी गतिविधियों के दृश्य हैं। बाद में खिलाड़ी के होटल के कमरे के भी दृश्य इसमें हैं।

एक फ्रेंचाइजी के अधिकारी ने पीटीआई से कहा हमें बीसीसीआई से नये नियमों के निर्देश मिले हैं और उनका पालन कराने के उपाय किये जा रहे हैं। नये खिलाड़ी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और यह आधुनिक ट्रेंड है जिसे स्वीकार करना होगा लेकिन बीसीसीआई द्वारा तय सीमा के भीतर ही किया जाना चाहिए। लोगों की हर गतिविधि पर नजर रखना संभव नहीं है। यह एक मसला है। हम खिलाड़ियों और कंटेंट टीमों को बीसीसीआई के नियमों और उन्हें तोड़ने के परिणामों से अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा हम कंटेंट टीम के सदस्यों की संख्या भी कम कर रहे हैं खासकर उनकी जिन्हें आईपीएल सत्र के दौरान दो तीन महीने के लिये नियुक्त किया जाता है। सीनियर खिलाड़ियों को नियमों के बारे में पता है और यह भी पता है कि उनका पालन कैसे करना है। पहली बार आईपीएल खेल रहे क्रिकेटरों को हालात की गंभीरता के बारे में पता नहीं है।

अनाधिकृत आगंतुकों को लेकर गहराई चिंता

खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के कमरों में अनधिकृत आगंतुकों को लेकर बोर्ड की चिंता गहरा गई जब हाल ही में एक और खिलाड़ी अक्सर देर रात तक अपने कमरे में कुछ लोगों की मेजबानी करता पाया गया। बीसीसीआई के एसीयू अधिकारी ने टीम मैनेजर को समन किया लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं था। मैनेजर ने टीम में खिलाड़ी की वरिष्ठता का हवाला देकर उसका बचाव करने की कोशिश की। आईपीएल में बतौर टीम मैनेजर लंबे समय तक काम कर चुके एक पूर्व अधिकारी ने कहा मैं हैरान नहीं हूं। कई बार खिलाड़ी अपने कद का फायदा उठाकर नियमों को ताक पर रख देते हैं।

इटालवी ओपन के दूसरे दौर में डिनो से हारकर नोवाक जोकोविच बाहर

रोम, एजेंसी

छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में क्रोएशियाई युवा खिलाड़ी डिनो प्रिज्मिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी बाहर हो गए, जबकि पूर्व चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव, एलेना रायबाकिना और इगा स्वियाटेक तीसरे राउंड में पहुँच गए। 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान जोकोविच और प्रिज्मिक के बीच यह पहली भिड़ंत थी।

जोकोविच ने शुरुआती सेट में ही बढ़त बना ली। छठे गेम में उन्होंने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट और वॉली के मेल से पॉइंट बनाया और फिर एक जोरदार फोरहैंड विनर के साथ गेम जीत लिया, जिसके बाद उन्होंने सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में प्रिज्मिक ने जोरदार वापसी की, क्योंकि जोकोविच की पहली सर्विस की धार थोड़ी कम हो गई थी। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तेजी से 4-0 की बढ़त बना ली और 6-2 से सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट के पांचवें गेम में उन्होंने एक निर्णायक ब्रेक हासिल किया और 6-4 से जीत दर्ज करते हुए जोकोविच को अंतिम 32 में जगह बनाने से रोक दिया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने कुल मिलाकर खराब खेला, हालांकि उन्होंने यह माना कि वे आधा कदम पीछे रह गए।